राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 67
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 21 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 केजरीवाल सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में निः शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाएगी : गोपाल राय

पेज 5 अमेठी : पहले दो मासूम बच्चों की गला रेत कर की हत्या और फिर मां भी फांसी के फंदे पर झूली

पेज 7 म्यांमार के स्कूल में सेना ने हेलिकॉप्टर से बरसाई गोलियां, 7 स्टूडेंट समेत 13 की मौत

## कर्नाटक में आईएस से जुड़े 3 संदिग्ध गिरफ्तार

### राज्य में धमाकों की प्लानिंग कर रहे थे, यूएपीए के तहत केस दर्ज

नई दिल्ली। कर्नाटक में शिवमोग्गा पुलिस ने 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि तीनों ढ्ढस्ढ्ढस् से जुड़े हुए थे। ये राज्य में विस्फोट करने की योजना बना रहे थे। संदिग्धों की पहचान शारिक, माजी और सैयद यासीन के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (८क्क) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### पुलिस बोली- विस्फोट के लिए ट्रेनिंग भी ली थी

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार हुए तीनों संदिग्ध आईएस के लिए काम करते हैं।



ये आतंकी संगठन के निर्देशों पर राज्य में विस्फोट करने की योजना बना रहे थे। इसके लिए उन्होंने आतंकियों से प्रशिक्षण लिया था। इससे पहले वो अपने मंसूबों में कामयाब होते पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

गृहमंत्री अरागा जनेंद्र ने बताया कि पुलिस ने सूत्रों से मिली जानकारी के बाद छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस ने आतंकी संगठन आईएस से जुड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूछताछ के बाद पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। तीनों शिवमोगा और तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं और उनका संबंध मंगलुरु से है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संगठन के सरगना यासीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, उससे पूछताछ की जा रही है। यासीन पेशे से इलेक्ट्रिक इंजीनियर है।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एमएमएस कांड

## आरोपी लड़की के 12 आपत्तिजनक फुटेज मिले; इन्हीं से ब्लैकमेल करके उससे बाकी लड़कियों के वीडियो मांगे गए थे

चंडीगढ़। पंजाब के चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी वीडियो लीक मामले में आरोपी छात्रा के मोबाइल से 12 और वीडियो मिले हैं। यह वीडियो उसके ही निकले। इन्हीं वीडियो के आधार पर उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। जिसमें उससे यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली दूसरी छात्राओं के नहाते हुए वीडियो मंगवाए गए।

इस मामले में पुलिस आरोपी छात्रा, उसके शिमला के ब्वॉयफ्रेंड सन्नी मेहता और दोस्त रंकज वर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है। इनके मोबाइल और आरोपी छात्रा का लैपटॉप भी जब्त कर फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। उन्हें 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। यह भी खुलासा हुआ है कि ब्लैकमेलर्स के मोबाइल से दिल्ली, मुंबई और गुजरात में लगातार कॉलिंग हुई। जिससे इनके किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े होने का शक है।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी छात्रा ने अपने यही वीडियो



ब्वॉयफ्रेंड सन्नी मेहता को भेजे। सन्नी ने इसके बारे में रंकज को बताया। जिसमें मोहित नाम के एक और आरोपी का नाम उजागर हुआ है। आरोपी छात्रा की गिरफ्तारी के तुरंत बाद भी उसके मोबाइल से उसी का एक अश्लील वीडियो मिला था।

#### आरोपी छात्रा को ब्लैकमेल करने की पूरी कहानी

पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी छात्रा ने सन्नी मेहता के प्यार में पड़कर अपने अश्लील वीडियो उसे भेज दिए। जिसके बारे में सन्नी ने अपने दोस्त रंकज वर्मा को बताया। इसमें कुछ और दोस्त भी शामिल होने की आशंका है। यह सब आरोपी छात्रा को ब्लैकमेल करने लगे। उससे यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली दूसरी छात्राओं के अश्लील वीडियो की डिमांड शुरू कर दी गई।

जब छात्रा ने मना किया तो उसे ब्वॉयफ्रेंड को भेजे उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपी छात्रा से जब दूसरी छात्राओं ने पूछताछ की थी तो उसने तब भी कहा कि उस पर दबाव था। उसने वॉट्सऐप पर रंकज वर्मा की फोटो दिखाई कि यह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। हालांकि लड़की के इस दावे की भी पुलिस जांच कर रही है।

#### लड़की ब्लैकमेल करने का दावा कर रही, 2 आरोपी मुकरे

पुलिस पूछताछ में आरोपी छात्रा ने कहा कि उस पर दबाव बनाया जा रहा था। उसका ब्वॉयफ्रेंड सन्नी और रंकज उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। उससे दूसरी छात्राओं के वीडियो मंगवा रहे थे। हालांकि उनको दूसरी छात्राओं के वीडियो भेजने के बारे में अभी लड़की खुलकर नहीं बता रही।

वहीं सन्नी मेहता ने इस बात से इनकार किया है कि उसने दूसरी छात्राओं के अश्लील वीडियो मंगवाए। उसने दूसरी छात्राओं के वीडियो वायरल करने और आरोपी छात्रा को ब्लैकमेल करने की बात से इनकार किया। तीसरे आरोपी रंकज का कहना है कि उसकी फोटो मिसयूज कर वॉट्सऐप का इस्तेमाल किया गया।

## इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्रों ने की सुसाइड की कोशिश

### 4 गुनी तक फीस बढ़ने से हैं नाराज, कैंपस पुलिस छावनी में तब्दील

प्रयागराज। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र मंगलवार को उग्र हो गए। एक छात्र कुलपति कार्यालय की छत पर चढ़ गया और उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया। वहीं, मो. मसूद नाम के एक छात्र ने मिट्टी का तेल पी लिया। उसे तत्काल अस्पताल भेज दिया गया है। छात्रों ने कुलपति विरोधी नारे लगाते हुए यूनिवर्सिटी कैंपस में पैदल मार्च भी किया। छात्रों का कहना है कि इस यूनिवर्सिटी में किसान और मजदूर के बेटे भी पढ़ाई करने आते हैं। यहां फीस बढ़ा कर विश्वविद्यालय प्रशासन तानाशाही कर रहा है। दरअसल, 6 सितंबर से छात्र आमरण अनशन पर बैठे हैं। वे यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रदर्शन कर रहे हैं।

#### 4 गुना तक बढ़ा दी गई है फीस

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में नए सत्र 2022-23 के लिए फीस बधाई गई है। नए फीस स्ट्रक्चर के अनुसार,



ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और PHD कोर्स में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं की विश्वविद्यालय में पढ़ाई महंगी हो गई है। 31 अगस्त को फीस में 400 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई। इस फैसले के बाद से ही सैकड़ों छात्रों ने छात्र संघ भवन के सामने प्रदर्शन और अनशन शुरू कर दिया था, जो लगातार जारी है।

#### एलपीजी गैस सिलेंडर और लाइटर लेकर छत पर चढ़ा छात्र

बीए मास मीडिया थर्ड ईयर का छात्र आयुष प्रियदर्शी वीसी कार्यालय के ऊपर तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। वह फीस वृद्धि के खिलाफ हाथों में पोस्टर लहराने लगा। उसके पास एलपीजी गैस सिलेंडर और लाइटर भी मौजूद था। उसने ऊपर से ही आत्मदाह की चेतावनी दी। हालांकि, प्रशासन ने छात्र को समझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया। इसके बाद वीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे लगभग आधा दर्जन छात्रों ने अपने ऊपर केरोसीन और पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने छात्रों को आत्मदाह करने से रोक दिया। इस बीच एक छात्र ने केरोसिन पी लिया। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया।

कुलपति ऑफिस की छत पर चढ़े छात्र का कहना है कि पिछले 15 दिनों से हम छात्र फीस वृद्धि के विरोध में आमरण अनशन कर रहे हैं। लेकिन, विश्वविद्यालय कुलपति हमारी बातों को अनदेखा कर रही हैं। फीस वृद्धि तत्काल वापस नहीं हुई तो जान दे देंगे।

## नोएडा में दीवार गिरने से 4 की मौत

### तीन एक परिवार के थे, 5 जेसीबी मशीनों से मलबा हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला गया

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-21 जलवायु विहार सोसाइटी की दीवार गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। जिसमें तीनों एक ही परिवार के थे। सूचना पर मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मी, पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ये दीवार सोसाइटी को चारों ओर से कवर करती है। इसका एक तरफ का करीब 100 मीटर हिस्सा गिरा है। मौके पर 5 जेसीबी मशीन से मलबा हटाकर दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया।

मरने वालों में धर्मवीर, पुष्पेंद्र (25), पन्ना लाल (25) और अमित (18) हैं। पुष्पेंद्र, पन्ना और अमित एक ही परिवार के थे। तीनों बदायूं के रहने वाले थे, जबकि धर्मवीर संभल का रहने वाला था।

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद के तौर पर 5-5 लाख और घायलों को एक-एक लाख रुपए का चेक दिया है। ये चेक मोचर्री के बाहर ही परिजनों को दिए गए।



#### नोएडा प्राधिकरण ने दिया था कॉन्ट्रैक्ट

जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया, नोएडा प्राधिकरण की ओर से नाले की सफाई के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। मजदूर नाले की सफाई का काम कर रहे थे।

ईंट निकालने के दौरान नाले की तरफ की दीवार गिरी। इसमें काम करने वाले 12 मजदूर दब गए। इसमें दो लोगों को जिला अस्पताल और दो को कैलाश अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर्स ने चारों को मृत घोषित कर दिया। 8 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठेकेदार अनुज यादव फरार है। पूरे मामले की जांच की जाएगी।

#### नाले से सटी हुई है दीवार

जो दीवार गिरी है वो नाले से सटी हुई है। बीते 5 दिनों से नाले की सफाई का काम किया जा रहा है। जिसमें 12 मजदूर काम कर रहे थे।

अचानक दीवार भर भराकर गिर गई। नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया, ये दीवार जलवायु सहकारी आवास समिति ने करीब 25 साल पहले बनाई थी। इसका रखरखाव नहीं किया जा रहा था। ऐसे में दीवार की नींव कमजोर हो गई थी, जिससे ये अचानक से भरभरा कर गिर गई।

#### बुलाई जेसीबी

मलबा हटाने के लिए मौके पर एक जेसीबी काम कर रही है। मलबे को हटाया जा रहा है। अभी सोसाइटी की ओर से किसी ने नहीं कहा कि उनका कोई परिजन दीवार के मलबे की चपेट में आया है।

#### जल्द पूरा होगा रेस्क्यू का काम

पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर है। उनका कहना है कि मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा।

हमारी प्राथमिकता ये है कि मलबे के नीचे कोई दबा न हो। इसके लिए एंबुलेंस भी मौके पर है। साथ ही अस्पताल को अलर्ट पर किया गया है। हादसे को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त किया है।

#### 8 लोगों को चल रहा इलाज

बदायूं के पंकज, संजीव, नन्हे, विनोद, दीपक, जोगेंद्र, पप्पू और संभल के ऋषि पाल हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

नोएडा प्राधिकरण की सरईओ रितु महेश्वरी ने बताया कि चार दीवारी के साथ बनी नाली के अनुरक्षण कार्य के लिए जलवायु विहार सेक्टर-21 आरडब्ल्यूए की ओर से कहा गया था। 17 अगस्त को एमडी प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन को 92 लाख रुपए का अनुबंध किया था। इसका अनुरक्षण कार्य शुरू कराया जा रहा था।

#### 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। जिसमें एसीईओ प्रवीन मिश्रा और सीएपी इश्तियाक अहमद हैं। इन तीनों को 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देनी होगी।

## गाजियाबाद में हिस्ट्रीशीटर के पिता को गोलियों से भूना

### बातचीत के बहाने रोककर तीन गोलियां मारी, गांव के बाहर पड़ी मिली लाश

एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र में सोमवार रात हिस्ट्रीशीटर के पिता की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई।
तीन गोलियां मारी गई हैं। पुलिस को शक है कि मृतक के बेटे ने जिन लोगों का मर्डर किया है, वे उसी रंजिश में वारदात को अंजाम दे सकते हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

#### एक गोली सीने और दो पेट पर मारी

मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव बांदीपुर निवासी 55 वर्षीय सतेंद्रपाल फिलहाल परिवार सहित कस्बा मुरादनगर में रहता है। सोमवार रात सतेंद्रपाल बाइक से बांदीपुर गांव में जा रहा था। गांव के बाहर कुछ लोगों ने बातचीत करने के लिए उसको रोका और गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। एक गोली सीने और दो गोलियां पेट में मारी गईं। वारदात के बाद आरोपी भाग निकले। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

#### घटनास्थल पर खड़ी मिली बाइक

थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया, घटनास्थल पर बाइक खड़ी मिली है। इससे यह प्रतीत होता है कि सतेंद्रपाल को रास्ते में खड़े कुछ लोगों ने रोका होगा। एसओ के मुताबिक, बांदीपुर गांव में पाल बिरादरी के तीन-चार परिवार रहते हैं।

## गुजरात, हिमाचल में सरकार बनने पर पुरानी पेंशन होगी बहाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलेगा तो दोनों राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पुरानी पेंशन बहाल की है और अब यदि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को बहुमत



मिलता है और वहां कांग्रेस की सरकार बनती है तो कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की व्यवस्था को बहाल की जाएगा।

गांधी ने ट्वीट किया पुरानी पेंशन ख़त्म कर, भाजपा ने बुज़ुर्गों को आत्मनिर्भर से निर्भर बना दिया। देश को मज़बूत करने वाले सरकारी कर्मचारियों का हक़ है। पुरानी पेंशन हमने राजस्थान, छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन बहाल की। अब गुजरात में भी कांग्रेस सरकार आएगी, पुरानी पेंशन लाएगी। वाड्रा ने कहा भाजपा सरकार ने पुरानी पेंशन ख़त्म करके बुज़ुर्गों का सहारा छीन लिया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सरकारों ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन बहाल कर दी है। गुजरात और हिमाचल में भी कांग्रेस की सरकार बनते ही पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी।

दिन

सिक्योरिटी जनरल को भेजा विस्फोटक, दिल्ली पुलिस ने भोपाल से पकड़ा; नक्सलियों से संबंध के आरोप

## मध्यप्रदेश के पूर्व एमएलए ने दी संसद भवन उड़ाने की धमकी

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को नए संसद भवन (सेंट्रल विस्टा) को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। समरीते ने लोकसभा-राज्यसभा के सिक्योरिटी जनरल को एक बैग में धमकी भरे पत्र के साथ जिलेटिन रॉड (विस्फोटक) भेजकर संसद भवन उड़ाने की धमकी दी थी।

दिल्ली क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि समरीते को सोमवार को भोपाल के कोलार में ऑर्चड पैलेस से अरेस्ट किया गया। आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट और लोकसभा अध्यक्ष को भी धमकी भरे पत्र भेजे थे। समरीते बालाघाट की लांजी विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। उन पर नक्सलियों से साठगांठ के भी आरोप लग चुके हैं।

#### 30 सितंबर को संसद भवन उड़ाने की दी धमकी

एक हफ्ते पहले संसद भवन में सिक्योरिटी गार्ड को एक बैग मिला था, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज, संविधान की कॉपी, जिलेटिन रॉड और एक पत्र था। इस पत्र में लिखा था- यदि हमारी 70 सूत्रीय मागें पूरी नहीं हुईं तो सेंट्रल विस्टा को बम से उड़ा देंगे। इसके लिए 30 सितंबर की टाइम लाइन भी तय



की थी। इसके बाद दिल्ली क्राइम ब्रांच, IB समेत अन्य एजेंसियां अलर्ट हो गईं।

#### जेल से चुनाव जीतकर बने विधायक

किशोर समरीते ने कांग्रेस के स्टूडेंट विंग से अपनी राजनीति शुरू की थी। बाद में वे जनता दल और फिर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। समरीते 2007 में सपा के टिकट पर उप-चुनाव जीतकर विधायक बने थे। यह सीट पूर्व मंत्री दिलीप भटेरे के निधन के बाद खाली हुई थी।

समरीते ने जेल में रहकर चुनाव लड़ा था।

उस समय वे चावड़ी (जानवर बिक्री केंद्र कार्यालय) जलाने के आरोप में जेल में बंद थे। समरीते ने 2022 में भी निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। समरीते वर्तमान में संयुक्त क्रांति पार्टी के अध्यक्ष हैं।

समरीते पर मध्य प्रदेश के अलग-अलग थानों में 17 अपराध दर्ज हैं। इनमें आगजनी, दंगा और आर्म्स एक्ट के मामले हैं।

आर्म्स एक्ट में 5 साल की सजा भी काट चुके हैं। समरीते को इससे पहले जून 2021 में भी गिरफ्तार किया गया था।

उन पर ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष राजेश पाठक को ब्लैकमेल करने का आरोप लगा था। पाठक ने उनके खिलाफ अवैध वसूली के लिए दबाव बनाने, हत्या के झूठे आरोप में फंसाने का डर दिखाकर ब्लैकमेल करने, हत्या की धमकी देकर वसूली करने और घर में घुसकर धमकाने के संबंध में शिकायत की थी।

## देश में कोरोना के नए मामलों के मुकाबले टीक होने वालों की संख्या ज्यादा

नयी दिल्ली। देश में इस अवधि में कोरोना महामारी संक्रमण के 4,043 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों का कुल आंकड़ा बढ़कर 4,45,43,089 हो गया। इसी अवधि में महामारी से नौ और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,28,370 हो गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 216.83 टीके दिये जा चुके हैं। देश में इसी अवधि में सक्रिय मामलों की दर 0.11 प्रतिशत है, दैनिक संक्रमण दर 1.37 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के सक्रिय मामले 648 घटने से इनकी संख्या 47,379 रह गई जबकि इसी अवधि में 4,676 मरीज स्वस्थ होने से इनकी इनकी कुल संख्या बढ़कर 4,39,67,340 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 2,95,894 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.20 करोड़ हो चुकी हैं।

देश में पिछले 24 घंटों में सात राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में कोराना सक्रिय मामलों में बढ़ोतरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

केरल में पिछले 24 घंटे में 76 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 15,831 हो गई तथा कोरोना महामारी से उबरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 67,01,080 हो गया है। इस अवधि में मतृकों का आंकड़ा 71,004 पर बरकरार है।

वहीं इसी दौरान, महाराष्ट्र में कोरोना के 100 सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 4,440 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 79,63,082 हो गयी है।

राज्य में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से दो मरीज की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,48,312 हो गया है।

## शार्ट न्यूज

### कश्मीर में सिनेमा हॉल के उद्घाटन पर जामा मस्जिद बंद क्यों : ओवैसी

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को सवाल किया कि जब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिले में बहुउद्देशीय सिनेमा हॉल का उद्घाटन किया, तो श्रीनगर में जामिया मस्जिद हर शुक्रवार को बंद क्यों थी। ओवैसी ने ट्वीट किया, आपने शोपियां और पुलवामा में सिनेमा हॉल खोले हैं, लेकिन श्रीनगर जामिया मस्जिद हर शुक्रवार को बंद क्यों रहती है? कम से कम दोपहर के मैटिनी शो के दौरान इसे खोलने का आदेश दें।

### चेन्नई की दंपति ने टीटीडी को दान में दिया 1.02 करोड़ रुपये

तिरुमाला। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के एक दंपति सुबीना बानो और श्री अब्दुल गनी ने मंगलवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को 1.02 करोड़ रुपये दान दिये। दान की गयी चीजों में हाल ही में बने श्री पद्मावती विश्रामगृह के लिए 87 लाख रुपये का फर्नीचर, बर्तन और एसवी अन्नप्रसादम ट्रस्ट के लिए 15 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट शामिल है। उन्होंने टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ए वी धर्म रेड्डी को तिरुमला मंदिर के रंगनायकूला मंडप में डिमांड ड्राफ्ट सौंपा।

### कोलकाता मेट्रो में छह लाख से ज्यादा यात्रियों ने की यात्रा

कोलकाता। कोलकाता के उत्तर-दक्षिण मेट्रो में ढाई वर्ष के बाद छह लाख से ज्यादा यात्रियों ने सवारी की। यह जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी। कोलकाता की उत्तर-दक्षिण मेट्रो दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक 31.39 किलोमीटर की दूरी तय करती है, जिसमें सोमवार को 6,20,832 यात्रियों ने सफर किया। देश की सबसे पुरानी मेट्रो में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उस दिन कुल 288 बार मेट्रो ट्रेनों को चलाया गया। सोमवार को दमदम में सबसे ज्यादा 78,197 यात्रियों ने सवारी की जबकि एस्प्लेनेड में 50,330 और रवींद्र सदन में 42,257 यात्रियों ने सवारी की। पिछली बार छह मार्च, 2020 को कोलकाता मेट्रो में छह लाख से ज्यादा यात्रियों ने सवारी की थी। अधिकारी के अनुसार, उस दिन उत्तर-दक्षिण मेट्रो में 6,13,542 यात्रियों ने सफर किया था।

### कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

पौड़ी। उत्तराखंड के कोटद्वार पोखड़ा बैजरो मार्ग पर मंगलवार सुबह एक कार के खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और अन्य एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) टीम ने मौके पर पहुंच कर मृतकों और घायल को बाहर निकाला। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना आज सुबह दस बजे हुई है। जानकारी के अनुसार कार में तीन लोग सवार थे जो नोएडा से कोटद्वार होते हुए बीरोखाल जा रहे थे। उनकी कार जब बीरोखाल के कोलादरिया पहुंची तो अचानक चालक कार से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार चालक रोहित निवासी नोएडा और कुंदन सिंह निवासी ग्राम कोलिंडा की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं एक अन्य युवक सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा बीरोखाल सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुनील पंजेड़ा गांव का निवासी है और नोएडा में नौकरी करता है। आज सुबह वह भी अपने गांव जा रहा था इसके चलते उसने रोहित की टैक्सी बुक करायी थी। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले लिया और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### श्रीलंका में आठ भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

पुडुकोट्टई (तमिलनाडु)। श्रीलंका की नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने के आरोप में सोमवार देर रात आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी मछली पकड़ने वाली नौकाओं को जब्त कर लिया। तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पुडुकोट्टई जिले के जेगाथापट्टिनम तटीय गांव के मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे आईएमबीएल के पास गहरे समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंका की नौसेना ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी करके कहा कि उन्होंने अपने जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले भारतीय नौकाओं को भगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया था। इस अभियान के दौरान आठ भारतीय मछुआरों सहित एक भारतीय ट्रॉलर को जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलर को कांकेसंथुरई लाया गया और कानूनी कार्यवाही के लिए मत्स्य पालन निरीक्षक को सौंप दिया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, श्रीलंका की नौसेना ने इस वर्ष अब तक 189 भारतीय मछुआरों को पकड़ा है और 25 भारतीय नौकाओं को जब्त किया है। इस दौरान, रामेश्वरम के मछुआरों ने मंगलवार की सुबह दावा किया कि सोमवार की रात कच्चतीवु द्वीप के पास मछली पकड़ते समय श्रीलंका की नौसेना ने उन पर हमला किया और उन्हें भगा दिया। उन्होंने कहा कि श्रीलंका की नौसेना ने बंदूक की नोक पर ट्रॉलरों का पीछा किया और मछली पकड़ने के जाल को नष्ट कर दिया।

### हरियाणा में गुरुद्वारों का प्रबंधन अब एचजीपीसी करेगी, लड्डू बांटकर जताई खुशी

सिरसा। हरियाणा में स्थित गुरुद्वारों के प्रबंधन संबंधी लगाई गई एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने अपना एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए प्रदेश भर के गुरुद्वारों का प्रबंधन हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को सौंपने का फैसला सुनाया है, जिससे सिख संगत में खुशी की लहर है। गुरुद्वारा दसवीं पातशाही सिरसा में प्रकाश सिंह साहुवाला की अगुवाई में सिख संगत ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। श्री साहुवाला ने बताया कि वर्ष 2014 में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हरियाणा के गुरुद्वारों के प्रबंधन को लेकर याचिका लगाई थी, जिस पर शीर्ष अदालत ने 2014 के कानून को असंवैधानिक करार दिया था। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसपर माननीय शीर्ष अदालत ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की याचिका खारिज करते हुए फैसला हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पक्ष में दिया। इस मौके पर अंग्रेज सिंह कोटली, लखविंदर सिंह,इकबाल सिंह साहुवाला, गुरविंदर सिंह बेदी, गुरविंदर सिंह काला ने गुरुद्वारा में खुशी जताई।

### सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बनी

भिवानी। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने कहा है कि 3206 नौकरियां देने पर उन्हें 10 वर्ष के लिए जेल भेजा गया था। इस बार इनेलो की सरकार बनने पर वह हर घर के सदस्य को सरकारी नौकरी देंगे, चाहे उसके बाद उन्हें फांसी हो जाए। चौटाला ने मंगलवार को यहां कहा कि विपक्षियों ने यह दुष्प्रचार किया था कि उनका तो जेल में ही जीवन समाप्त हो जाएगा और इनेलो का वजूद खत्म हो जाएगा लेकिन इनेलो कार्यकर्ताओं ने हौसला नहीं छोड़ा तथा उनकी गैर मौजूदगी में भी संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम किया। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार का अड्डा बनी है। आज सरकार समर्थक विधायकों को भी उप निरीक्षक की नौकरी के लिए पैसे देने पड़ रहे हैं। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार प्रदेश को दोनों हाथों से लूटने में लगी हुई है। सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए फैसले जिसके तहत स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इससे प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ जाएगा। बेरोजगारी के मामले में प्रदेश नंबर वन पर है। पूर्व मुख्यमंत्री तोशाम हल्के गांव सागवान, सरल, गारनपुरा कलां, मीराण, भेरा, इशरवाल, संडवा, देवराला आदि गांवों में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

# कुर्मी समुदाय मांग रहा एसटी आरक्षण

## आंदोलन से तीन राज्यों में रेल सेवा बाधित, बंगाल और ओडिशा में विरोध तेज

**कोलकाता भुवनेश्वर रांची।** कुर्मी समुदाय के लोगों ने मंगलवार को पूर्वी भारत के कई हिस्सों में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा और कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेलवे पटरियों को अवरुद्ध कर दिया। जिससे पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। प्रदर्शनकारियों ने कई स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया। जिससे रेलवे को कई ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेशन और डायवर्जन करना पड़ा।



#### दक्षिण पूर्वी रेल सेवाएं आंशिक प्रभावित

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि आद्रा मंडल के कस्तौर और निमडीह स्टेशनों, खड़गपुर मंडल के खेमासुली और भंजपुर स्टेशनों और चक्रधरपुर मंडल के औनलाजोरी स्टेशनों पर सुबह चार बजे से नाकेबंदी के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे की रेल सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित रहीं। उन्होंने कहा कि एसईआर ने 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, 13 को डायवर्ट किया है और 11 अन्य ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिन किया है।

#### ये ट्रेनें हुई रद्द

रद्द की गई ट्रेनों में टाटानगर-हावड़ा-टाटानगर स्टील एक्सप्रेस, हावड़ा-बारबिल-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा-टिटलागढ़-कांतभांजी इस्पात एक्सप्रेस, आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल एक्सप्रेस, टाटानगर दानापुर एक्सप्रेस और हावड़ा-घाटसिला-हावड़ा एक्सप्रेस शामिल हैं।

#### ये ट्रेनें डायवर्ट

प्रदर्शन के कारण, एसईआर ने राजेंद्रनगर-दुर्ग एक्सप्रेस, हावड़ा-चक्रधरपुर एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस, हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस, मुंबई सीएसएमटी - हावड़ा मेल और पुरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस को डायवर्ट किया। एसईआर के अधिकारी ने कहा कि जिन ट्रेनों का मार्ग बदला गया उनमें न्यू तिनसुकिया-तांबरम एक्सप्रेस, मुंबई एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस, अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस, मुंबई सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस और भुवनेश्वर-नई दिल्ली एक्सप्रेस शामिल हैं।

#### ओडिशा में आश्वासन पर माने

हालांकि, स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिए जाने के बाद ओडिशा में आंदोलन वापस ले लिया गया कि उनकी शिकायतों को उच्चतम स्तर पर अधिकारियों के पास ले जाया जाएगा।

#### बीजद सांसद का प्रदर्शन को समर्थन

एक आंदोलन स्थल पर पहुंची बीजद की राज्यसभा सांसद ममता महंत ने कहा, मैं इस मांग का पूरा समर्थन करती हूं..मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कुर्मी समुदाय की एक महिला को संसद भेजकर सम्मानित किया है। आंदोलन में मेरी भागीदारी राजनीतिक नहीं है। लेकिन निजी तौर पर इसे मेरा समर्थन है। आंदोलनकारियों में से एक ने दावा किया कि कुर्मी एक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) हैं, जिन्हें 1950 से पहले आदिम जनजातीय समूह (पीटीजी) के रूप में जाना जाता था, लेकिन उन्हें एसटी सूची से हटा दिया गया।

#### सीएम पटनायक भी कर चुके हैं मांग

अधिवक्ता बसंत महंत ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सीएम के आश्वासन के बावजूद कुर्मी समुदाय को एसटी सूची में शामिल करने की सिफारिश नहीं की है।

लगभग 25 लाख कुर्मी ओडिशा में रहते हैं, मुख्यत: मयूरभंज, क्योंझर, सुंदरगढ़, बालासोर, जाजपुर और संबलपुर जिलों में इनका मूल निवास है। पटनायक ने केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा को पत्र लिखकर 160 समुदायों को एसटी सूची में शामिल करने की मांग की थी।

## आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

शिमला। आम आदमी पार्टी (आप) ने इसी साल होने वाले हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची आज जारी कर दी।

आप ने पहली सूची में चार नेताओं को उतारा है। इनमें जिला कांगड़ा के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से पूर्व सांसद रहे डॉ राजन सुशांत को टिकट दिया है।

नगरोटा बगवां से उमाकांत डोगरा को प्रत्याशी चुना गया है। सिरमौर के पांवटा साहिब से मनीष ठाकुर और लाहुल स्पीति से सुदर्शन जस्पा को टिकट दिया है।

पार्टी सभी 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने टिकट आवंटन पर नई पहल की है। अभी सभी सीटों पर फैसला नहीं हुआ है, जहां टिकटार्थियों की संख्या ज्यादा नहीं है वहां आज फैसला हो गया है।

आप का फोक्स हिमाचल प्रदेश के बजाय गुजरात पर अधिक है, लेकिन पार्टी टिकट आवंटन के मामले में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस से आगे रहना चाहती है। कांग्रेस ने जिस तरह की प्रक्रिया अपनाई है, उसके तहत टिकट के इच्छुक नेताओं से आवेदन मंगाए गए, लेकिन अभी तक पहली सूची जारी नहीं हो पाई है।

भाजपा में भी टिकट आवंटन पर मंथन चल रहा है। क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर इस पर फैसला लिया जाएगा, लेकिन आप टिकट आवंटन में आगे आ गई है। पार्टी को बड़े चेहरे नहीं मिल पाए हैं, दावा है कि पार्टी की अभी सात लाख से अधिक सदस्य है।

इससे पहले सोलन में पंचायत स्तर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। तब कहा गया था कि जल्द ही गांव स्तर के पदाधिकारियों का भी ऐसा ही शपथ ग्रहण समारोह होगा। लेकिन यह समारोह अभी तक नहीं हो पाया है। आम आदमी पार्टी ने अब तक कुल 11 गारंटी जरूर दी हैं। दस गारंटी देने की घोषणा दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद गारंटी कार्यक्रम में नहीं आ पाए। लेकिन अब जल्द ही उनकी जनसभा हिमाचल में होगी। इसके लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि गारंटी को घर-घर तक पहुंचाने का अभियान 25 सितंबर से शुरू हो सकता है।

## मुख्यमंत्री की विधानसभा क्षेत्र में जल्द होगा एंगलिंग सेंटर का निर्माण

नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चंपावत विधानसभा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये जल्द ही पंचेश्वर एंगलिंग (मछली पकड़ने) सेंटर की स्थापना की जायेगी। शासन ने एंगलिंग सेंटर के निर्माण के लिये 98.38 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति दे दी है। जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह भंडारी के अनुसार मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये काली और सरयू नदियों में पंचेश्वर एंगलिंग सेंटर बनाये जाने की घोषणा की गयी थी।

इसके लिये काली और सरयू नदियों पर पांच एंगलिंग बीट चयनित किये गये थे। जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ के अनुसार इन बीटों के लिये शासन की ओर से 98.38 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## सीबीआई ने टीएमसी नेता हत्या मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला में हुए बोगतुई नरसंहार से जुड़े तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता भादू शेख हत्या मामले के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सीबीआई ने कहा कि आरोपी की पहचान सोना शेख के रूप में हुई है, जो बोगतुई पुरबापारा गांव की रहने वाला है। उन्होंने बताया कि भादू की हत्या मामले की जारी जांच के दौरान सोना को गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई ने एक बयान में कहा,गिरफ्तार आरोपी भादू की हत्या से संबंधित एक मामले की आगे की जांच के दौरान रामपुरहाट के कथित मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। आरोप लगाया गया था कि वह अन्य आरोपियों के साथ अपराध स्थल पर मौजूद था और हमलावरों को भागने में मदद कर रहा था। वह गिरफ्तारी से बच रहा था और मामले की शुरुआत के बाद से फरार था।

सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के अनुपालन में चार अप्रैल, 2022 को मामला दर्ज किया और रामपुरहाट थाना में दर्ज मामले (23 मार्च, 22) की जांच अपने हाथ में ले ली। कुल 10 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जांच के बाद, 20 जून, 2022 को चार आरोपियों (एफआईआर में भी नामित) के खिलाफ नामित अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया था। अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच जारी है।

सोना को सोमवार को रामपुरहाट के एसीजेम अदालत में पेश किया गया और उसके बाद उसे चार दिनों के पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

गौरतलब है कि भादू शेख की हत्या के कई घंटों बाद उत्तेजित भीड़ ने बोगतुई गांव के कुछ घरों में आग लगा दी थी जिसमें आठ महिलाओं समेत 10 लोगों की मौत हो गयी थी।

## हाईकोर्ट ने पुरोला बस-टैक्सी पार्किंग निर्माण कार्य रद्द करने के मामले में सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी**

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उत्तरकाशी विधानसभा की पुरोला नगर पंचायत के अंतर्गत मुख्यमंत्री की घोषणा एवं वित्तीय अनुमोदन के बावजूद बस-टैक्सी पार्किंग के निर्माण को रद्द करने के मामले में सरकार से चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ ने पुरोला नगर पंचायत के अध्यक्ष हरिमोहन सिंह की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद मंगलवार को ये आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव से पूर्व 23 दिसंबर और 04 जनवरी, 2021 को पुरोला नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 16 विकास कार्यों की घोषणा की। इसके तहत विभिन्न वार्डों में मार्गों का निर्माण, बस/टैक्सी पार्किंग का निर्माण, खेल मैदान की चाहरदीवारी, जिम पार्क और नाली का निर्माण के साथ ही इंटर लांकिंग टाइल्स लगाना शामिल था। सरकार की ओर से इन कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी मांगी गयी।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इनमें से कुछ कार्यों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी दे दी गयी और इन पर काम भी शुरू कर दिया गया, लेकिन स्थानीय लोगों की शिकायत पर सरकार की ओर से 21 जुलाई, 2022 को एक आदेश जारी कर कुछ कार्यों को रद्द कर दिया गया।

कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी कि बस-टैक्सी स्टैंड बनाये जाने के लिये जिस पहाड़ी को काटने का काम किया जा रहा है, उससे प्राकृतिक आपदा का खतरा बढ़ गया है। इसके बाद शहरी विकास विभाग की ओर से नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से जवाब मांगा गया।

इसके बाद 21 जुलाई, 2022 को सरकार ने एक आदेश जारी कर पार्किंग के निर्माण कार्य को रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि इस बारे में मुख्यमंत्री को प्रत्यावेदन सौंपा गया, लेकिन इस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### बीमार महिला के लिए कोबरा का जवान बना मसीहा, वक्त रहते पहुंचाया अस्पताल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक उम्रदराज बीमार महिला को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर एक जवान ने मानवता की मिसाल कायम की है। दरअसल ग्रामीण जंगल, नदी, नालों को लांघ एक आदिवासी परिवार की उम्रदराज बीमार महिला बेको सनकी को आज खाट पर लादकर कोरसागुडा से तररेम लेकर पहुंचे थे। यहां सीआरपीएफ कोबरा की कोबरा कम्पनी के कंटीले तार बाड़ से कुछ दूर सड़क किनारे इस उम्मीद में थे, कि उन्हें कोई वाहन या एम्बुलेंस की सुविधा मिल जाये। इसी बीच काफी देर से खड़े ग्रामीणों को देख कोबरा का एक जवान उनके पास मसीहा बनकर आया।

### मेघालय हाईकोर्ट ने सरकार को हिरासत में हुई मौतों पर हलफनामा दाखिल करने का दिया आदेश

शिलांग। मेघालय उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को हिरासत में हुई मौतों के अन्य सभी गैर-सूचीबद्ध मामलों पर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी और न्यायमूर्ति एचएस थांगखियू की युगल पीठ ने यह आदेश दिया, राज्य सरकार ने क्योंकि हिरासत में मौत के अन्य सभी मामलों का विवरण प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय मांगा है, फिर चाहे वह जेल में हो या पुलिस हिरासत में, मौत का कारण बताते हुए एक विस्तृत हलफनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच की कोई भी रिपोर्ट छह सप्ताह के भीतर दायर की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हालांकि 23 अगस्त, 2022 के पिछले आदेश के अनुसार राज्य सरकार द्वारा हिरासत में हुई मौतों के मामलों पर एक हलफनामा दायर किया गया था, लेकिन लोक अभियोजक द्वारा यह स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया था कि हिरासत में मौत के कुछ अन्य मामले भी हो सकते हैं। इस अवधि के दौरान भले ही घटनाएं सुधार गृहों या जेलों में न हुई हों। अदालत ने कहा,सुधार गृहों में रहने वाले कैदियों में से एक की कोविड के कारण मरने का भी मामला है। राज्य स्पष्ट करेगा कि क्या कोविड के कारण मृत्यु के संबंध में देय सामान्य मुआवजा मृतक के परिजनों को दिया गया है। अदालत ने आदेश में कहा, राज्य के हलफनामे की प्रतियां वर्तमान कार्यवाही में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी पक्षों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिनमें डॉ मोज़िका, एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं। अगले सात सप्ताह में मामला सामने आने से कम से कम एक सप्ताह पहले इस तरह की कवायद पूरी की जानी चाहिए।

### कश्मीर के स्कूलों में 'रघुपति राघव' भजन को धार्मिक संगठनों ने आपत्ति जतायी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कई धार्मिक संगठनों के समूह मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने मंगलवार को कश्मीर के स्कूलों में हिंदू भजन गाने को लागू करने पर कड़ी आपत्ति जतायी। एमएमयू ने एक बयान में कहा, यह मामला बहुत चिंता का विषय है और हमारी धार्मिक पहचान को कमजोर करने का प्रयास है। हमारे धर्म और इस्लामी पहचान की सुरक्षा मुसलमानों के रूप में हमारी मौलिक धार्मिक जिम्मेदारी है; और इसमें सरकार, शिक्षा विभाग या किसी अन्य एजेंसी द्वारा जानबूझकर हस्तक्षेप न तो स्वीकार किया जायेगा और न ही बर्दाश्त किया जायेगा। बयान में कहा गया , यह स्पष्ट हो रहा है कि हमारी युवा पीढ़ी को राज्य द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से धर्मत्याग की ओर धकेलने की एक सोची-समझी योजना प्रतीत होती है। एमएमयू ने शिक्षकों से घाटी में धार्मिक मान्यताओं के बिल्कुल खिलाफ जाने वाले फरमानों के प्रति लचीलापन का रूख दिखाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि धर्म और इस्लामी पहचान की सुरक्षा उनकी मौलिक जिम्मेदारी थी और सरकारी शिक्षा विभाग अथवा किसी अन्य एजेंसी द्वारा हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एमएमयू की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर सामने आए एक कथित वीडियो के मद्देनजर आई है जिसमें कुलगाम के एक सरकारी स्कूल के छात्रों को महात्मा गांधी का पसंदीदा भजन 'रघुपति राघव राजा राम' गाते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो पर कई राजनीतिक दलों ने अपना आक्रोश जताया है।

### शिवराज ने लघु उद्योग भारती के ब्रोशर का विमोचन किया

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज यहां मंत्रालय में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि-मंडल ने भेंट की। उन्होंने लघु उद्योग भारती के 16 से 18 दिसंबर तक कटनी में होने वाले ट्रेड फेयर के ब्रोशर का विमोचन किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रतिनिधि-मंडल में लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री अरुण कुमार सोनी सहित जितेंद्र गुप्ता, समीर मूंदड़ा और राजेश मिश्रा भी शामिल थे। मुख्यमंत्री को लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि-मंडल ने कटनी में होने वाले स्वयं सिद्धा स्वावलंबी भारत ट्रेड फेयर की जानकारी दी और इसका शुभारंभ करने का अनुरोध किया।

## पांच हत्याओं के दोषी की फांसी की सजा पर 14 अक्टूबर को होगी सुनवाई

नैनीताल। सम्पत्ति विवाद में पिता, सौतेली मां और सौतेली बहिन के साथ ही कुल पांच हत्याओं के दोषी हरमीत सिंह की फांसी की सजा पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय में 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

वरिष्ठ न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ में आज यह मामला सुनवाई के लिये आया। न्यायमित्र अधिवक्ता पुष्पा जोशी की ओर से इस पूरे प्रकरण की तैयारी के लिये अदालत से समय की मांग की गयी। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

दरअसल मामला देहरादून के आदर्शनगर का है। वर्ष 2014 में दीपावली के दिन हरमीत ने पिता जय सिंह, सौतेली मां कुलवंत कौर, गर्भवती बहिन हरजीत कौर और तीन साल की मासूम भांजी की निर्मतापूर्वक हत्या कर दी थी। मृतक हरजीत कौर के गर्भ में पल रहे शिशु की भी इस हादसे में मौत हो गयी थी।

हत्यारे ने चारों को चाकू से बुरी तरह से गोद दिया था। रिपोर्ट में चारों के शरीर पर चाकू के 85 वार की पुष्टि हुई थी। हत्यारे ने अपने को बचाने के लिये खुद को भी चाकू से घायल कर दिया था। इस घटना में पांच साल का कमलजीत किसी तरह से बच निकला और वही इस घटना का मुख्य साक्षी रहा।

देहरादून के जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पंचम) आशुतोष मिश्रा की अदालत ने इस घटना को दुर्लभ से दुर्लभतम मानते हुए हरमीत सिंह को पिछले साल 05 अक्टूबर 2021 को फांसी की सजा सुना दी थी। अदालत ने गर्भ में पल रहे शिशु की मौत को पांचवीं हत्या करार दिया था।

साथ ही सत्र न्यायालय ने आरोपी की फांसी की सजा को पुष्टि के लिये उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया था। बताया जाता है कि आरोपी को शक था कि उसका पिता सारी संम्पत्ति सौतेली बहिन के नाम पर कर सकता है। इसी आक्रोश में आरोपी ने चारों को मौत के घाट सुला दिया।

## मोदी मंडी से देंगे कांग्रेस को करारा जवाब: ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि पूरे देश में विपक्षी दल युवा बेरोजगार यात्रा निकाल कर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं जिसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में भाजपा युवा मोर्चा की रैली में देंगे।

ठाकुर ने मंगलवार को अपने मंडी प्रवास के दौरान सिराज के खारसी में जनसभा को संबोधित किया और खारसी तथा देवधर में आयोजित कार्यक्रमों में जनता की समस्याएं सुनी और कई घोषणाएं भी की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पूरे देश में समाप्त होने की कगार पर है और उसके नेता बेरोजगार यात्रा पर निकले हुए हैं। युवाओं को गुमराह करने पर प्रधानमंत्री मोदी मंडी से कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को करारा जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि जो पार्टी आज देश में इतना शोर मचाने में लगी हुई है। वह मात्र दो राज्यों में सिमट कर रह गई है और यदि उन दो राज्यों में आज चुनाव करवा दिए जाएं तो वहां भी भाजपा की सरकार बनेगी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की वजह से ही भाजपा देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

उन्होंने सराज के लोगों से आह्वान किया कि उनके ऊपर सराज की जिम्मेदारी है और उनके उपर पूरे प्रदेश की। उन्होंने कहा कि सराज के लोग सराज को जीतें और प्रदेश को जीतनें में वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश सरकार ने शुरू से ही गरीब लोगों के लिए काम करने का प्रयास किया है जिसे आगे भी जनता के आशीर्वाद से जारी रखा जाएगा। सिराज से हर बार भाजपा को लीड मिलती है, लेकिन इस बार स्वाभिमान और सम्मान की लड़ाई में जीत का अंतर एक रिकॉर्ड होना चाहिए। इसके साथ ही श्री ठाकुर ने खारसी और देवधर में कई विकास योजनाओं की घोषणा भी की।

इस दौरान मुख्यमंत्री हाटी समुदाय को जनजाति दर्जा दिए जाने के लिए श्री मोदी का धन्यवाद भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोपहर से पहले मुलाकात का समय दिया है। मंडी में 24 सितंबर को मोदी की प्रस्तावित रैली है, जिसमें एक लाख युवाओं के शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## पटवारी आठ हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**एजेंसी**

अलवर। राजस्थान के अलवर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज मुण्डावर तहसील के बह्लुवास के पटवारी भूपेन्द्रसिंह को परिवादी से आठ हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि के.सी.सी. के नो-ड्यूज को आनलाईन इन्द्राज कर राजस्व रिकार्ड में भूमि को बैंक से रहन मुक्त करने की एवज में भूपेन्द्र सिंह पटवारी पटवार हल्का बल्लूवास आठ हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है। शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद ब्यूरो टीम ने आज ट्रेप कार्यवाही करते हुये भूपेन्द्र सिंह अहीर निवासी गांव जोड़िया, तहसील एवं थाना कोटकासिम, जिला अलवर हाल पटवारी पटवार हल्का बल्लूवास आठ हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## शार्ट न्यूज

### माननीय यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में निः क्षय मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया



नई दिल्ली। माननीय यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश शाहदरा जिला ने कृष्णा नगर विधान सभा के गीता कॉलोनी मंडल के सरोजनी पार्क में नि: क्षय मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे टी बी के मरीजों को माननीय यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक वर्ष भोजन पोषण एवं आजीविका के लिए गोद लिया गया और वह पर उपस्थित सभी मरीजों को फल और पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ अनिल गोयल जी ने कहा नर सेवा नारायण सेवा की भावना के तहत टी बी के मरीजों को एक वर्ष के लिए भोजन पोषण एवं आजीविका के लिए गोद में गोद ले रहा हूँ। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए मुझे संपर्क करें और टी बी के मरीजों के लिए मुफ्त औ पी डी की व्यवस्था रहेगी उन से किसी भी तरह का कोई फीस नहीं ले जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री राम किशोर शर्मा जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री सुरेंद्र किंद्रा जी, मंडल प्रभारी श्री विनोद चौहान जी, मंडल संयोजक श्री संजय शर्मा जी, महामंत्री श्री दीपक सुरमा जी, महामंत्री श्री मुकेश चौहान जी उपस्थित रहे।

### आंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली,संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (यूएनआईडीओपी) के अवसर पर चरिस्ता फाउंडेशन की ओर से 1 अक्टूबर को नई दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कॉन्सीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में दोपहर 2.30 बजे से शाम 7.00 बजे तक बुजुर्गों की देखभाल पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जारहा है। इस अवसर पर सार्वजनिक क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित और जाने-माने व्यक्ति मंच पर आएंगे और बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य और बुजुर्गों के लिए संबंधित मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे, जो हमारी आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि होंगे भारत के पूर्व राजदूत और प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ दीपक वोहरा,अन्य प्रख्यात अतिथियों में फाउंडर और चेयरमैन ट्रस्ट ग्रेडल पूर्व आईपीएस डॉ. विपिन बी चौधरी, भाजपा के प्रवक्ता और मेंबर ऑफ गवर्निंग काउसिंल श्री विनित गोयनका अपना वक्तव्य देंगे। अन्य वक्ताओं में लाईफ कोच मनीषा शर्मा,रत्नज्योति दत्ता- वरिष्ठ पत्रकार और चरिस्ता फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार,डॉ आभा मयार्दा बनर्जी- भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित महिला प्रेरक, वक्ता,डॉ. केएम बहरूल इस्लाम- प्रोफेसर और चेयरपर्सन, सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस, आईआईएम काशीपुर,डॉ शिवानी खेतान -चर्चित कोच, डॉ अमन खेरा, को-फाउंडर और डायरेक्टर, केयर 4 पेरेंट्स, डॉ अंजलि गोगिया- फाउंडर पार्टनर, टॉक टू बिग इयर्स एंटरप्रेन्योर फॉर इम्पेथेटिक लिसनर, डॉ. पतांजलि देव नय्यर- पूर्व क्षेत्रीय सलाहकार डब्लू एच ओ.और लेडी सिंधम किरण सेठी भी अपना विचार प्रकट करेंगी। इस संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के विषय को समाज के अन्य सभी प्रबुद्ध वर्गो से जोड़ना एवं इस विषय को केन्द्र में रखना है।

# दिल्ली की 540 किमी सड़कों को बनायेंगे विश्वस्तरीय : मनीष सिसोदिया

## दिल्ली की सड़कों को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ इनपर लोगों के लिए विकसित कर रही है वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को विश्वस्तरीय व सुंदर बनाने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रही है। इसके तहत पीडब्ल्यूडी दिल्ली की सड़कों के सौन्दर्यीकरण का काम कर रही है। इस दिशा में सोमवार शाम उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत खूबसूरत बनाए जा रहे राजघाट से शांतिवन तक के रोड स्ट्रेच का ऑन-साईट निरीक्षण किया तथा यहां आवाजाही करने वाले लोगों से उनके अनुभवों को जाना। अपने अनुभवों को साझा करते हुए लोगों ने कहा कि रौशनी में जगमगाते इस रोड स्ट्रेच को देख कर विश्वास नहीं हो रहा कि दिल्ली में इतने शानदार रोड बन रहे है। अबतक हमने फिल्मों में विदेशों की सड़कों को ऐसा देखा है।

इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली की सड़को पर चलने के अनुभव को वर्ल्ड क्लास बनाने का अरविंद केजरीवाल जी का विज़न पूरा होता दिख रहा है। अब दिल्ली की सड़कें खूबसूरत दिखने लगी है साथ ही इनपर चलने वाले लोगों को भी यह भा रही है जो बहुत ख़ुशी की बात है। उन्होंने कहा कि राजघाट से शांति वन तक का यह रोड स्ट्रेच दिल्ली की सड़कों को विश्वस्तरीय व खूबसूरत बनाने के केजरीवाल सरकार के मिशन के तहत शुरू किए गए 16 पायलट प्रोजेक्ट्स



का हिस्सा है। इस रोड स्ट्रेच के सौन्दर्यीकरण व यहां सुविधाएं विकसित करने का ज़्यादातर काम पूरा हो चुका और पूरा स्ट्रेच बेहद शानदार दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पायलट फेज में चल रहे 16 सड़कों के सौन्दर्यीकरण के बाद हम पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाली 540 किमी सड़कों को खूबसूरत बनाने का काम करेंगे और पूरी दिल्ली की सड़कों को एक नई पहचान देंगे, लोगों को सड़कों पर चलने का सुखद अनुभव देंगे।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया को यूरोपीय सड़कों के मॉडल पर री-डिजाइन कर सुंदर बनाई जा रही इस सड़क की कार्य प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह स्ट्रैच 1 किलोमीटर लंबा है और इसके अधिकतर हिस्से में सौन्दर्यीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है और बाकि बचा हुआ काम भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि स्ट्रेच पर लोगों को पैदल चलने के लिए फूटपाथ बनाए गए हैं। पूरे स्ट्रेच को हरा-भरा बनाए रखने के लिए स्ट्रैच के साथ छोटे-छोटे पौधे लगाए गए हैं तथा मौजूदा पेड़ों को सुरक्षित रखा गया है। पैदल चलने वालों और सड़क का इस्तेमाल करने वालों के लिए बैठने और आराम करने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराई गई है और व्हीलचेयर रैंप भी बनाए गए है। अधिकारियों ने बताया कि इस स्ट्रेच पर रोड के दोनों ओर 500-500 मीटर स्ट्रेच के साथ-साथ सेंट्रल वर्ज के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

विजिट के दौरान श्री सिसोदिया ने स्ट्रेच पर आवाजाही करने वाले लोगों से उनके अनुभवों को भी जाना। लोग रोड स्ट्रेच से काफी खुश दिखे और कहा कि इतनी खूबसूरत रोड को देखकर विश्वास नहीं होता कि दिल्ली की सड़कें इतनी शानदार बनने लगी है।अबतक हमने केवल फिल्मों में विदेशों की सड़कों को ही ऐसा देखा है। अब जब दिल्ली में ऐसी शानदार सड़कें बन रही है तो हम सुबह-शाम यहां परिवार के साथ यहां घुमने आ सकते टहल सकते है।

# भाजपा बौखला गई है क्योंकि गुजरात में अपनी हार की आहट सुन ली है : दिलीप पांडे

## सारी ताक़त होने के बावजूद ये लोग जेल नहीं भेज पा रहे हैं : दिलीप पांडे

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा बौखला गई है क्योंकि गुजरात में अपनी हार की आहट सुन ली है। सीबीआई-ईडी समेत सारी ताक़त होने के बावजूद जेल नहीं भेज पाने की वजह यह है कि भाजपा के सभी आरोप झूठे हैं। सारी ताक़त होने के बावजूद ये लोग जेल नहीं भेज पा रहे हैं। देश और दिल्ली के लोग मान चुके है कि तुम्हारे आरोप झूठे है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडे ने आज पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भारतीय जानता पार्टी ने आज फिर अपनी बौखलाहट और निकम्मेपन का परिचय दिया। क्योंकि गुजरात में भाजपा अपने हार की आहट सुन रही है। भाजपा जैसी निकम्मी पार्टी किसी काम की नहीं है। सारी एजेंसियां





और सारी ताकत भाजपा के पास है। सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, पुलिस भाजपा के पास है। इसके बावजूद रोजाना प्रेस वार्ता बुलाकर वक्त बर्बाद करते हैं और केवल नौटंकी करते हैं। सभी एजेंसिया तुम्हारे पास होते हुए भी गिरफ्तार क्यों नहीं करते हो? अगर कुछ गड़बड़ है तो गिरफ्तार किया जाना चाहिए। गिरफ्तार क्यों नहीं कर रहे हो? फोटो का प्रिंटआउट लेकर कहते हैं कि यहां फोटो मिली तो यह गुनहगार हैं। कोई फ़ोटो लेकर आ जाओगे और फिर काहोगे कि इससे सब कुछ साफ हो जाएगा। यहां तक की ये लोग गिरफ़्तार तक नहीं कर पा रहे है।

उन्होंने कहा कि सारी ताक़त होने के बावजूद ये लोग जेल नहीं भेज पा रहे हैं। हमारे गांव में इसे गाल बजाना कहते है। जब आपके हिसाब से सारे सबूत हैं तो जेल भेज दो। लेकिन जेल नहीं भेजेंगे बल्कि मीडिया में उनकी फ़ोटो दिखायेंगे। हम भी मोदी जी के साथ दूसरे लोगों की फ़ोटो दिखाते हैं।

विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि आखिर जेल न भेजने का कारण क्या है? इसका कारण सिर्फ़ एक है कि सारे आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत हैं। इनके आरोपों और दावों में थोड़ी सी भी सच्चाई होती तो ये गिरफ़्तार करते, न कि मीडिया में फ़ोटो दिखाकर नौटंकी करते। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के नेताओं से कहना चाहता हूं कि दुनिया की सारी ताक़त तुम्हारे पास है। सीबीआई भी तुम्हारे पास है। अगर तुम्हारे दावों में थोड़ा भी सच हैं और कुछ गड़बड़ हुई है तो नौटंकी करना बंद करो और गिरफ़्तार करके जेल भेजो। वरना देश और दिल्ली के लोग मान चुके है कि तुम्हारे आरोप झूठे है।

### प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हैल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

नई दिल्ली। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत बदरपुर में हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। हैल्थ कैंप में सैंकड़ों लोगों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी बांटी गई। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर क्षेत्र के मीठापुर वार्ड में डॉ. अम्बेडकर पार्क में आयोजित इस हैल्थ चेकअप कैंप में स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने हैल्थ चैक अप कैंप में आकर डॉक्टरों को अपनी परेशानी बताई और डॉक्टरों ने उनका चेकअप करके उन्हें उचित सलाह के साथ-साथ दवाइयां भी दीं। जो लोग हैल्थ चेकअप कैंप में आए उन्हें फल और फ्रूटी भी बांटी गई। मीठापुर वार्ड में इस सफल आयोजन के साथ ही बिधूड़ी ने बताया कि अब बदरपुर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में इस तरह के हैल्थ चैकअप कैंप आयोजित किए जाएंगे। अगर लोगों की मांग होगी तो एक से ज्यादा कैंप भी आयोजित किए जा सकते हैं।

### आप विधायक सोमनाथ भारती के आवास के बाहर भाजपा करेगी विरोध प्रदर्शन

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड बना रही है। अरविंद केजरीवाल सरकार अब दिल्ली में जमीनों पर कब्जा करने में जुटी है। उन्होंने उपराज्यपाल श्री वी के सक्सेना से मांग की कि वे डी.डी.ए. की जिन भी जमीनों पर कब्जा किया गया है उन सबकी जांच कराई जाए। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा इसके खिलाफ कल आप विधायक सोमनाथ भारती के आवास के बाहर प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेगी।

आदेश गुप्ता ने आज एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हौज खास क्षेत्र में प्रसिद्ध डियर पार्क के एक करोड़ों रुपये के हिस्से पर केजरीवाल के खासमखास विधायक सोमनाथ भारती की शह पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि कब्जे का काम वक्फ बोर्ड के सहयोग से कब्रिस्तान के साथ लगती जमीन पर किया गया है जो कि वास्तव में डी. डी. ए. की जमीन है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के कब्रिस्तान के भूमि का आवंटन वर्ष 1970 में किया गया था और अब मकसूद्दीन और लियाकत अली ने पार्क की जमीन को भी कब्रिस्तान में शामिल कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जमीन डी. डी. ए. की है लेकिन आम आदमी पार्टी के विधायक और केजरीवाल की शह पर जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में मजार बना कर पार्कों को हथियाने के मामलों की भी जांच होनी चाहिए। इतना ही नहीं शराब नीति बनाने में केजरीवाल के करीबी विधायक दुर्गेश पाठक और सौरभ भारद्वाज पार्टनर रहे हैं और उसके माध्यम से भ्रष्टाचार कर पैसों की उगाही करके गुलाबी नोटो की गड्डियां पहुंचा रहे हैं। प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी और प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती सारिका जैन उपस्थित थे।

# केजरीवाल सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में नि: शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाएगी : गोपाल राय

## बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर 21 टीम का गठन किया गया है : गोपाल राय

नई दिल्ली। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाएगी। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर 21 टीम का गठन किया गया है। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव के लिए अभी तक 957 किसानों ने फॉर्म भरा है। बायो डी-कंपोजर का छिड़काव अक्टूबर के पहले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा। पंजाब में भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ क्षेत्रों में निशुल्क बायो डीकम्पोज़र का छिड़काव किया जाएगा। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने आज आईआरएआई, पूसा द्वारा बनाई जा रही बायो डीकंपोजर घोल की प्रक्रिया और उत्पादन सुविधाओं को देखने के लिए वहां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार इस साल पराली गलाने के लिए 5000 एकड़ से ज्यादा खेतों में नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करवाएगी। अभी किसानों से फॉर्म भरवाया जा रहा है आगे जरूरत हुई तो और भी खेतों में इसका छिड़काव कराया जाएगा। बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर 21 टीम का गठन किया गया है। जिसमें कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस साल पूसा संस्थान खुद से बायो डीकंपोजर घोल बना कर दिल्ली सरकार को मुहैया करा रही है। इस बार दिल्ली सरकार पूसा से डायरेक्ट बायो डीकंपोजर घोल खरीदेगी और इसे किसानों के खेतों में नि:शुल्क छिड़काव करेगी। दिल्ली के अंदर बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार द्वारा नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए सरकार लगातार अलग-अलग विभागों के साथ बैठक कर अपना विंटर एक्शन प्लान बनाने की तरफ बढ़ रही है। सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान को लेकर 15 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत पर्यावरण विभाग विंटर एक्शन प्लान की संयुक्त कार्य योजना तैयार कर रही है। इस वर्ष के 15 फोकस बिंदुओं में शामिल पराली जलाना भी सर्दियों के मौसम में प्रदूषण की समस्या को बढ़ाने में एक एहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए हमारी सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डि-कंपोजर का नि:शुल्क छिड़काव करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

# नगर पालिका स्टॉफ़ सहित नगरवासियों ने ली स्वच्छता की शपथ

## अफसरों ने लिया संज्ञान, स्वच्छता पर दिया ध्यान, नगर पालिका द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत





**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**

नॉंगल चौधरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस उपलक्ष्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक %सेवा सप्ताह पखवाड़ा% का आयोजन कर रही है। इसके तहत देशभर में वृक्षारोपण तो कहीं रक्तदान शिविर के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा जिला महेंद्रगढ़ स्थित विधानसभा क्षेत्र नाँगल चौधरी शहर में सफाई को लेकर नपा अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। सड़क पर फैले कूड़े-कचरे को टेक्ट्रर द्वार उठवाया गया साथ ही गली मुहल्ले की सड़कों के साथ बनी नालियों की भी सफाई करवाई गई।

स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने और आगे बढ़ाने में नगरपालिका द्वारा शनिवार 17 सिंतबर से चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा के चौथे दिन मंगलवार को अहम योगदान देखा गया। आपको बता दें कि, नांगल चौधरी नगरपालिका के सचिव पद पर नियुक्त गौरव शर्मा का स्थानांतरण होने से और उनके स्थान का कार्यभार संभाल रहे सचिव सौरभ जैन ने गौरवशाली भारत से विशेष बातचीत में बताया कि, हाल ही में उन्होंने नाँगल चौधरी नगर पालिका में विरवार 15 सितंबर को ज्वाईन किया है। इससे पूर्व वह अपनी सेवा में जाख़ल मंडी नियुक्त थे। उनका कार्यकाल अभी पाँच दिवसीय ही हुआ है। उन्होंने कहा कि, आगामी दिवसीय कार्य हेतु स्टॉफ़ की कार्यप्रणाली की रुपरेखा का संज्ञान लिया गया है। जिसमें सीवर समस्या, स्ट्रीट लाइट और स्वच्छता पर बल दिया गया है।

नपा सचिव सौरभ जैन ने स्वच्छता उपलक्ष्य जनहित में अपना संदेश देते हुए कहा कि, अपने आस-पास स्वच्छता बहुत जरुरी है। स्वच्छता का कोई विशेष दिन नहीं बल्कि, दैनिक कार्यों की भांति साफ-सफाई में निरंतरता होनी चाहिए। कोविड, लंपी वायरस को मद्देनजर रखते हुए आगामी त्यौहारों में सतर्कता सावधानी बहुत जरूरी है।

घर के आस-पास पड़ा मलबा/कचरा और कूलर, टायर में पानी जमा न होने दें साथ ही शहर के सभ्य नागरिक सुधार करते हुए नगर पालिका का स्वच्छता अभियान पखवाड़ा में शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यप्रणाली में देखा गया है कि, शहर में पूर्णतया स्वच्छता के लिए जनसंख्या अनुसार चालीस सफाईकर्मी होने चाहिए और स्वच्छता हेतु कूड़ा उठाने के लिए छह-सात साधन होने चाहिए। फिलहाल, कूड़ा/कचरा उठाने हेतु चार टेक्ट्रर वाहन कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए हैं। सीवर समस्या व अन्य सुविधाओं के लिए अनुमानित लागत से विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाएगा।

नगर पालिका स्टॉफ़ संबंधित मिली जानकारी में बताया कि, स्टॉफ में पच्चीस सफ़ाई कर्मी हैं। जिसमें कनिष्ठ अभियंता विकास गर्ग, सेक्रेटरी, एकाउंटेंट योगेन्द्र, बिल्डिंग इंस्पेक्टर रुपेश यादव समेत पाँच क्लर्क हैं। दैनिक रुटीन में वार्ड टू वार्ड सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टेक्ट्रर वाहन भी डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए लगाए गए हैं।

वहीं स्टॉफ में उपस्थित एकाउंटेंट/लिपिक योगेन्द्र सिंह द्वारा मिली प्रतिक्रिया में स्वस्छ भारत मिशन के अंतर्गत बताया गया कि, कस्बे के सभी नागरिक नगरपालिका के स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें और कूड़ा सिर्फ़ डोर टू डोर लगाए गए वाहन में ही डालें खुले में या सड़कों पर कूड़ा नहीं डालें।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पालिका स्टॉफ़ ने शहर के प्रमुख बाजार की सड़कों और थाना समीप वार्ड दस के नगरवासियों का सहयोग लेते हुए उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए आह्वान किया और साथ ही शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए शपथ दिलवाई। एकाउंटेंट योगेन्द्र द्वारा मिली प्रतिक्रिया में बताया गया कि, स्टॉफ पर्याप्त नहीं होने से कभी-कभी असुविधा का सामना करना पड़ता है। लेकिन, डोर-टू-डोर कूड़ा वाहन लगाए गए हैं। सभी नगरवासी स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने और आगे बढ़ाने में नगरपालिका का सहयोग करें।

साथ ही उन्होंने कहा कि, विभागीय निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शहर के सभी वार्ड में स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है। नियमों के उल्लंघन होने पर विवशता वश जुर्माना किया जाएगा।

इस मिशन के तहत नारनौल नगर पालिका परिषद से पहुंचे एसिस्टेंट मोहित कुमार समेत नांगल चौधरी नगर पालिका स्टॉफ में सभी सफाईकर्मियों सहित सुपरवाइजर/क्लर्क गोबिंद सिंह, रुपेश यादव, उमेश शर्मा, संजय सैनी, राहुल यादव, राहुल सेहरावत सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सांसद रमेश बिधूड़ी ने किया दक्षिणी दिल्ली में कोरोना बूस्टर डोज केन्द्रों का निरीक्षण



नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से सेवा पखवाड़े के चैथे दिन अपने संसदीय क्षेत्र दक्षिणी दिल्ली के सभी वाडो में कोरोना से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लगाई जा रही बूस्टर डोज केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद रमेश बिधूड़ी ने दक्षिणी दिल्ली लोक सभा में 8 नए वैक्सीनेशन केन्द्रों सहित 38 बूस्टर डोज केन्द्रों पर भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओं द्वारा जलपान का सहयोग व प्रेरणा की कड़ी में निगम डिस्पेंसरी तुगलकाबाद गाँव डिस्पेंसरी, एनटीपीसी बदरपुरए, पूर्णिमा सेठी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल ,कालकाजी डिस्पेंसरी ,दक्षिणपुरी व जिला उपाध्यक्ष कमल यादव कायार्लय सैदुलाजाब आदि केन्द्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा यह सुनिश्चित किया के बूस्टर डोज केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की कोई कमी या अव्यवस्था के कारण लोगों को परेशानी ना हो। बिधूड़ी ने बताया कि पहले चेचक, पोलियोए हेजा जैसी सामान्य बीमारियों की दवाध्टीका विश्व के विकसित देशों में सम्पूणर्ता: लगाने के 20 वर्ष बाद भारत में आती थी जिसके कारण लाखों लोग इन बीमारियों से जान गंवाते थे। मोदी है तो मुमकिन है का यह उत्कृष्ट उदाहरण है कि वैश्विक महामारी कोविड के सफल टीका बनाने के कार्य में भारत विकसित देशों की तुलना में आज अग्रणी है। अब तक लगभग 216 करोड़ 83 लाख से अधिक डोज भारत के नागरिकों को लगाई जा चुकी हैं और साथ में अन्य देशों को टीका देने से भारत विश्वगुरू के रूप में खड़ा हुआ है। निरीक्षण के दौरान कोविड बूस्टर डोज केन्द्रों पर व्यवस्था देख रहे जिला महामंत्री बलबीर, मनीष बिधूड़ी , कमल यादव संजय रैक्सवाल ,धमेर्न्द्र भगत, श्री गोपाल सिंह ,महेन्द्र कलोसिया, भगवती ध्यानी ,अरूण बैंसला सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत, बेनामी संपत्ति मामले में कार्रवाई पर लगी रोक

नई दिल्ली। बेनामी संपत्ति के मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने संशोधित बेनामी कानून के तहत समक्ष प्राधिकार/अधिकारियों को सत्येंद्र जैन के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। जैन फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा ने सत्येंद्र जैन और कई अन्य लोगों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। इन याचिकाओं में बेनामी लेनदेन (निषेध) संशोधन अधिनियम, 2016 के तहत कार्यवाही शुरू किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस वर्मा ने कहा कि प्रतिवादी मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग कर रहे हैं और राजस्व प्राधिकरण ने पहले ही एक अन्य मामले में, बयान दिया है कि जब वह याचिकाकर्ता बेनामी कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत कानूनी उपायों का सहारा लेता है, तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। इससे पहले, आयकर विभाग की ओर से वकील जोहेब हुसैन ने हाईकोर्ट से मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग करते हुए कहा कि मामले में फिलहाल कुछ नहीं हो रहा है और सॉलिसिटर जनरल मामले में बहस के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

# उपाध्यक्ष - पालिका परिषद् ने एनडीएमसी स्कूल-गोल मार्केट का दौरा किया

## स्कूल परिसर में चंदन का पौधा लगाएं खेल शिक्षकों और छात्रों के साथ बातचीत की

नई दिल्ली। उपाध्यक्ष नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, श्री सतीश उपाध्याय ने एन.पी.बंगाली गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोल मार्केट का दौरा परिषद के सदस्य श्री कुलजीत सिंह चहल, निदेशक (शिक्षा), निदेशक (बागवानी), शिक्षक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चो की उपस्थिति में दौरा किया और स्कूल के प्रांगण में चंदन का पौधा लगाया।

पौधारोपण के बाद, श्री उपाध्याय ने बताया कि एनडीएमसी अपने क्षेत्र में चंदन के 1,000 पौधे लगा रहा है, जिसमें लाल और सफेद चंदन के 500 पौधे शामिल हैं, जिसका उद्देश्य आगामी जी 20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर नई दिल्ली के सौंदर्यीकरण का लक्ष्य है। श्री उपाध्याय ने कहा कि परिषद् का बागवानी विभाग नई दिल्ली क्षेत्र को हरित फेफड़ों में बदलने, रहने योग्य और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि चंदन की प्रजाति लगाने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है और उन्होंने छात्रों से इन पौधों की देखभाल करने और अपने घर और आसपास विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने का आग्रह किया और उन्हे जानकारी दी की किस प्रकार वृक्षारोपण हमारे लिए फायदेमंद है।

अपने दौरे के दौरान श्री उपाध्याय ने स्कूल के खेल, शिक्षकों और खेल छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें खेलों के प्रति समय समर्पित करने और खेलने को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री ने पहले ही पूरे देश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए खेलो इंडिया - युवा प्रतिभाओं की मदद करने के लिए एक मिशन के तहत योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल न केवल व्यक्ति को स्वस्थ, मजबूत, तनाव मुक्त बनाते हैं बल्कि खेल लोगों को जोड़ते हैं और जब कोई व्यक्ति टीम के खेल में भाग लेता है, तो हम एक दूसरे के बारे में अधिक सीखते हैं।

एनडीएमसी स्कूल के छात्रों को खो-खो, वॉलीबॉल और स्किपिंग जैसे खेल खेलते हुए देखकर उन्हें खुशी हुई, उन्होंने छात्रो को समझाया कि मोटापा चिंता का एक बढ़ता हुआ कारण है, और इसी तरह रक्तचाप, हृदय रोग और मधुमेह जैसी अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियां भी होती हैं। कुछ साल पहले, बच्चों को जीवनशैली से जुड़ी किसी भी बीमारी से पीड़ित नहीं सुना होगा। हालांकि, आज हमारे पास बहुत कम उम्र में ऐसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों के मामले बढ़ रहे हैं।

## संपादकीय



# कब तक चलेगा डर्टी एमएमएस का घिनौना खेल

करीब अठारह साल पहले नई दिल्ली के एकसबसे नामचीन पब्लिक स्कूल की छात्रा का एक एमएमएस वायरल हुआ था जिससे न सिर्फ उस स्कूल की प्रतिष्ठा को भारी क्षति पहुंची वरन एमएमएस की शिकार पीड़िता नाबालिग छात्रा को उस के परिवार ने बदनामी से बचने के लिए आगे की पढ़ाई के लिए विदेश भेज दिया था उन दिनों इतने बढिया तकनीक के मोबाइल भी नहीं थे बहुत मामूली विडियो व पिक वाले मोबाइल थे यह बहुचर्चित पहली घटना थी जिसमें किसी छात्रा का निजता भंग करने वाला एमएमएस वायरल किया गया था अठारह साल बाद भी हम वहीं बच्चियों के प्रति घटिया व लिजलिजी सोच के साथ खड़े है बस किरदार बदल गए हैं अब पब्लिक स्कूल नहीं पंजाब के मोहाली की चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी है। इस यूनिवर्सिटी के एमएमएस कांड ने तूफ़ान खड़ा कर दिया है हजारों की संख्या में छात्र छात्राए प्रोटेस्ट करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं। इस बीच इस शर्मनाक मामले में दो युवकों समेत आरोपी छात्रा को भी पकड़ा गया है। शिमला जिला पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया। जिसके बाद पंजाब पुलिस ने हिमाचल प्रदेश जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।23 वर्षीय सन्नी मेहता नामक युवक को शिमला के रोहड़ू और 31 वर्षीय रंकज नामक युवक को शिमला के ढल्ली से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार छात्रा पर आपत्तिजनक एमएमएस बना कर एक लड़के को भेजने का इल्ज़ाम है।

हिमाचल प्रदेश के डीजीपी संजय कुंडू ने ट्वीट किया है कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के कथित आपत्तिजनक वीडियो लीक मामले में हमने आरोपी को पकड़ लिया है। डीजीपी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस ने संवेदनशीलता और व्यावसायिकता के साथ पंजाब पुलिस के अनुरोध पर ये कार्रवाई की है।पंजाब पुलिस शिमला के पीएस रोहड़ू पहुंची और आरोपी को उनके हवाले कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सबसे पहले एमएमएस लीक होने की जानकारी मिली। वीडियो लीक होने के मामले को लेकर हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं सड़क पर उतरे और यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्र वीसी से मिलने की बात पर अड़े हैं, जबकि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों से कमेटी बनाने के लिए कहा है कि छात्राओं के कथित एमएमएस लीक मामले में पुलिस ने अबतक तीन को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो अपने बॉयफ्रेंड को शेयर करने वाली छात्रा को पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।अब उसके बॉयफ्रेंड को पुलिस ने शिमला से गिरफ्तार किया है।

वहीं बताया जा रहा है कि गिरफ्तार छात्रा अपना वीडियो बनाकर अपने बॉयफ्रेंड को भेजती थी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि पकड़ी गई छात्रा ने अपना ही वीडियो शिमला के रहने वाले अपने बॉयफ्रेंड को भेजती थी।उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा- 354 सी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और एक छात्रा को हिरासत में लिया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई छात्राओं का वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर साझा करने की खबरों का खंडन किया है और इस तरह के समाचारों को गलत बताया है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के निदेशक,स्टूडेंट्स वैलफेयर डॉ अरविंदर सिंह कंग के हवाले से कहा गया है कि प्राथमिक स्तर पर की गई जांच में अन्य छात्राओं का वीडियो बनाने का मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा, पारदर्शी जांच के लिए विश्वविद्यालय अधिकारियों ने पुलिस के समक्ष प्राथमिकी दर्ज कराई है कुछ छात्राओं द्वारा आत्महत्या की कोशिश और 60 छात्राओं के एमएमएस की अफवाह को भी यूनिवर्सिटी प्रशासन ने गलत बताया है। एमएमएस लीक मामले में छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन के बाद चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने दो दिनों की छुट्टी की घोषणा कर दी है। हालांकि सभी कर्मियों को रोजाना की तरह अपने-अपने विभाग और कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहने के लिए आदेश दिया गया है।

# दलबदल की दलदल

भारत जोड़ो अभियान की अगुआई कर रहे कांग्रेसी नेतृत्व के लिये खबर चिंता बढ़ाने वाली है कि गोवा में उसके आठ विधायक टूटकर भाजपा में शामिल हो गये। निस्संदेह, इस घटनाक्रम के राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसके लिये ऐसे समय को चुना गया जब राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा देश का ध्यान खींच रही है। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि यह सबकुछ स्वस्थ लोकतंत्र के हित में नहीं है। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों के विधायकों को येन-केन-प्रकारेण भाजपा में मिलाने की मुहिम से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को लेकर कोई अच्छा संदेश नहीं जाता। वहीं दूसरी इससे भाजपा की राजनीतिक शैली की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यही वजह है कि राजग के कई पुराने सहयोगी दलों ने भाजपा से किनारा कर लिया। शिवसेना से शुरू हुई इस आशंका से अलगाव की कवायद हाल ही में जदयू के अलगाव के रूप में सामने आयी है। गोवा की तरह विधायकों को भाजपा में शामिल करने का यह खेल पिछले दिनों पूर्वोत्तर राज्यों, कर्नाटक व मध्यप्रदेश में भी देखने में आया। जिसे लोकतंत्र में जनता के विश्वास से छल ही कहा जायेगा कि जनप्रतिनिधि जनता से किसी पार्टी के नाम पर वोट मांगता है और फिर दूसरे राजनीतिक दल की बांह पकड़ लेता है। जिससे विभिन्न राजनीतिक दलों के सहयोगियों में भी अविश्वास बढ़ा है। निस्संदेह,यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों के पराभव का चित्र भी उकेरता है। जो बताता है कि सत्ता में आने की बेचैनी जनप्रतिनिधियों को किसी भी हद तक ले जा सकती है। फार्म हाउसों और गेस्ट हाउसों में घेर कर ले जाये जाते विधायक इस दयनीय स्थिति को ही उजागर करते हैं। जो राजनीतिक पंडितों के लिये अध्ययन का विषय होना चाहिए कि विपक्ष में बैठने में विधायकों में बेचैनी क्यों होती है और वे स्वार्थों के लिये जनता के विश्वास से छल क्यों करते हैं।

यूं तो देश का राजनीतिक इतिहास बताता है कि केंद्रीय सत्ता में आये राजनीतिक दल धनबल और सरकारी एजेंसियों के जरिये भयादोहन करके विपक्ष को कमजोर करने का उपक्रम करते ही रहे हैं। कांग्रेस पार्टी भी इससे अछूती नहीं रही है। राजनीतिक इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पता चलता है कि रातों-रात कैसे सरकारें गिराई जाती थी और थोक में राज्यपाल बदले जाते थे ताकि केंद्रीय सत्ता का निष्कंटक मार्ग स्थापित हो सके। राजनीति की इन कुप्रथाओं का विस्तार वर्तमान राजग सरकार के दौर में भी दिखायी दे रहा है। ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग के जरिये विपक्षी नेताओं की कमजोर नस पर हाथ रखा जा रहा है। यूं तो राजनीति के हमाम में तमाम राजनेता गाहे-बगाहे बेनकाब होते रहते हैं लेकिन विडंबना यह है कि ये राजनेता जब भाजपा में शामिल होते हैं तो पूरी तरह पाक-साफ बन जाते हैं। सवाल यह भी कि क्या सरकारी एजेंसियों को कोई सत्तारूढ़ दल का दागी नेता नजर नहीं आता? जो विगत में विपक्ष में रहते हुए दागदार बताया जाता था। बहरहाल, प्रलोभन व भयादोहन से विपक्ष को कमजोर करने की राजनीति लोकतंत्र के हित में नहीं कही जा सकती। सजग व सशक्त विपक्ष लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त भी है। जो सत्ता पक्ष को निरंकुश होने व भटकने से बचाता है। वहीं कांग्रेस भी आत्ममंथन करे कि वह वैचारिक स्तर पर इतनी कमजोर क्यों हो गई है कि वह अपने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को एकजुट नहीं रख पा रही है। ऐसे वक्त में जब अगले आम चुनाव में समय कम ही रह गया, कांग्रेस को पार्टी में मची भगदड़ को रोकने के लिये गंभीरता से विचार करना होगा। वह सोचे कि पार्टी के बड़े-बड़े दिग्गज नेता पार्टी से किनारा क्यों कर रहे हैं। कहीं पार्टी के भीतर लोकतंत्र कमजोर तो नहीं हुआ है? निस्संदेह कांग्रेस की पदयात्रा आगे बढ़ते हुए देश का ध्यान खींच रही है, लेकिन पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिये अतिरिक्त प्रयास जरूरी हैं अन्यथा पार्टी की विश्वसनीयता का संकट गहराता ही जायेगा।

# शिक्षा के क्षेत्र की शर्मनाक और दुखद घटना



ललित गर्ग



पंजाब के मोहाली में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कथित अश्लील वीडियो लीक मामले ने समूचे राष्ट्र को हिला कर रख दिया। कई छात्राओं का आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे अन्य लोगों को भेजने की जो यह शर्मनाक एवं चिन्ताजनक घटना सामने आई है, वह कई स्तर पर दुखी और हैरान करने के साथ-साथ ऊच्च शिक्षण संस्थानों की अराजक एवं असुरक्षित होती स्थितियों का खुलासा करती है। यह खौफनाक हरकत पीड़ित लड़कियों के सम्मान और उनकी जिंदगी से भी खिलवाड़ है। इन शिक्षा के मन्दिरों में संस्कार, ज्ञान एवं आदर्शों की जगह आज की युवा पीढ़ी का मस्तिष्क किस हद तक प्रदूषित हो गया है, अश्लील वीडियो प्रकरण उसकी भयावह प्रस्तुति है। यह एक गंभीर मसला है जिस पर मंथन किया जाना अपेक्षित है।

अब तक जैसी खबरें आई हैं, उस संदर्भ में यह समझना मुश्किल है कि वहां पढ़ने वाली एक लड़की ने ही कई अन्य लड़कियों के नहाने के क्रम में चुपके से वीडियो बनाया तो उसके पीछे उसकी कौन-सी मंशा काम कर रही थी। अगर उसने अपने किसी दोस्त के कहने पर ऐसा किया तो उसका अपना विवेक क्या कर रहा था! इस प्रकरण को लेकर यूनिवर्सिटी की छात्राओं में आक्रोश होना स्वाभाविक है। उनके अभिभावक चिंतित हैं। पिछले दो दिन से जमकर बवाल मचा हुआ है। हजारों छात्राएं इंसाफ की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। यूनिवर्सिटी को एक हफ्ते के लिए बंद कर दिया गया है। यद्यपि पंजाब पुलिस ने कथित अश्लील वीडियो बनाने वाली छात्रा, उसके ब्वाय फ्रेंड और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। होस्टल के सभी वार्डनों का तबादला कर दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए ये उपाय ज्यादा कारगर नहीं कहे जा सकते। इसीलिये छात्राओं और उनके अभिभावकों की चिंता और गुस्सा शांत होता दिखाई नहीं दे रहा।

हमारे उच्च शिक्षण संस्थान हिंसा, ड्रग्स, नशा, अश्लीलता एवं अराष्ट्रीयता को पोषण देने के केन्द्र बनते जा रहे हैं। मोहाली में जो भी हुआ वह शिक्षा के क्षेत्र में काफी शर्मनाक और दुखद है। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जिस तरह का वातावरण बन रहा है, वह न केवल हमारी युवा पीढ़ी के लिए बल्कि समाज के लिए भी घातक साबित हो रहा है। कौन नहीं जानता कि पंजाब के विश्वविद्यालय में और कॉलेज कैंपस में न केवल ड्रग्स उपलब्ध है बल्कि युवा पीढ़ी कई तरह के व्यसनों की शिकार है। इन परिसरों में छात्राओं के साथ अश्लील एवं आपत्तिजनक उत्तेजक दृश्य आम बात है। इस प्रकार की रिपोर्टें मिलती रही हैं कि एक लोकप्रिय और प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी के होस्टल में हथियार बरामद हुए और वहां से कुछ अवांछित तत्वों की गिरफ्तारी भी हुई लेकिन ऐसी खबरें भी दबा दी जाती हैं क्योंकि विश्वविद्यालय प्रशासन का दबदबा हर जगह है। इस यांत्रिक युग ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को पूरी तरह प्रदूषित कर दिया। जहां एक ओर तकनीकी क्षेत्र में हमारा उत्थान हुआ है वहीं दूसरी ओर हमारा नैतिक रूप से पतन भी हुआ है।

देश के मासूम, नवजवान विशेषत: छात्राएं रोज अपने जीवन एवं जीवन के उद्देश्यों को स्वाह कर रहे हैं। कॉलेज कैंपस में उठने वाली इन अश्लीलता, कामुकता हिंसा एवं नशे की घटनाएं केवल धुआं नहीं बल्कि ज्वालामुखी का रूप ले रही है। जो न मालूम क्या कुछ स्वाह कर देगी। जो न मालूम राष्ट्र से कितनी कीमत मांगेगी। देश की आशा जब किन्हीं मौज-मस्ती, संकीर्ण एवं अराष्ट्रीय स्वार्थों के लिये अपने जीवन को समाप्त करने के लिए आमादा हो जाए तो सचमुच पूरे राष्ट्र की आत्मा, स्वतंत्रता के पचहतर वर्षों की लम्बी यात्रा के बाद भी इन स्थितियों की दयनीयता देखकर चीत्कार कर उठती है। छात्र जीवन की इन घटनाओं ने देश के अधिकांश विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों को इतना अधिक उद्वेलित किया है जितना कि आज तक कोई भी अन्य मसला नहीं कर पाया था। क्यों अश्लीलता एवं अराजकता पर उतर रहा है देश का युवा वर्ग? शिक्षा के माध्यम से केवल भौतिक संपन्नता एवं उच्च डिग्रियां प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं होता, शिक्षा द्वारा हम एक अच्छे इनसान और बेहतर नागरिक भी बनने चाहिएं। इसके लिए अपनी शालीन परंपरा, आदर्शों व जीवन मूल्यों से जुड़ना आवश्यक हो जाता है। मानसिक विकास के बिना भौतिक विकास सार्थक नहीं हो सकता है। अक्सर ऐसे मामलों में पुलिस एवं कालेज प्रशासन सत्य को छिपाने एवं दबाने के प्रयास करते हैं। यही मोहाली में देखने को मिल रहा है, जिसके कारण छात्राओं का भरोसा पुलिस और यूनिवर्सिटी प्रशासन से उठ चुका है और वे होस्टल छोड़कर घरों को वापिस लौटने लगी हैं। अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं कि क्या जमकर हुआ बवाल महज अफवाह पर आधारित था या इसमें कोई सच्चाई है। छात्राओं का दावा है कि कम से कम 60 छात्राओं के वीडियो बनाए गए हैं। तरह-तरह की कहानियां सामने आ रही हैं, जितने मुंह उतनी बातें। सच सामने आना ही चाहिए लेकिन सच तभी सामने आएगा जब इस केस की जांच निष्पक्ष एवं ईमानदार ढंग से होगी। अर्ध सत्य कभी-कभी पूर्ण सत्य से भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में इंटरनेट पर अश्लील सामग्री की सहज उपलब्धता एक ज्वलंत समस्या के रूप में हमारे सामने आ खड़ी हुई है। एक के बाद एक एमएमएस स्कैंडल सामने आ रहे हैं। दरअसल समस्या यह भी है कि अभिभावक छोटी उम्र में ही बच्चों को स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने की आदतें डाल रहे हैं। इसका आगे चलकर बच्चों की मासूम मानसिकता पर गलत प्रभाव पड़ता है। स्मार्ट फोन पर आसानी से उपलब्ध अनुचित एवं अश्लील सामग्री से बच्चों को दूर रखना बहुत जटिल होता जा रहा है। आज के बच्चे किशोर तो होते ही नहीं बल्कि बचपन से सीधे युवा हो रहे हैं। सोशल साइटों पर और अन्य वैबसाइटों पर उपलब्ध अश्लील सामग्री का प्रभाव व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक देखने को मिल रहा है, आज के शिक्षण संस्थान उससे अछूते नहीं है।

मोहाली प्रकरण में प्याज के छिल्कों की तरह अब सच धीरे-धीरे सामने आने लगा है और कहानी के कई कोण उभरने लगे हैं। क्या यह सारा प्रकरण लड़कियों को ब्लैकमेल करने के लिए किया गया। अब एक और अन्य लड़की का वीडियो मिलने से पुलिस के बयानों एवं मामले की सत्यता भी सामने आ रही है कि पुलिस किस तरह सच को झूठ ठहरा रही है। अगर इसके पीछे कोई और व्यक्ति या समूह है तो उसे भी कानून के कठघरे में लाया जाना चाहिए। किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की यह मांग होगी कि अगर ये आरोप साबित होते हैं तो कानून के मुताबिक दोषियों को सख्त सजा मिले। लेकिन सवाल यह भी है कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए जो छात्रावास बनाए गए हैं, उसमें नहाने की वह कैसी व्यवस्था है कि किसी छात्रा या अन्य व्यक्ति को चुपके से वीडियो बना लेने का मौका मिल जाता है?

छात्राओं की अस्मिता एवं इज्जत का ख्याल रखते हुए ही समुचित व्यवस्थाएं होनी चाहिए। अगर इस तरह की असुरक्षित और लापरवाही भरी परिस्थिति में छात्राओं को रहना पड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी किस पर आती है? इस तरह की व्यवस्था से जुड़े प्रश्नों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, खासतौर पर जब ऐसी घटना होने की खबर आ चुकी है। यह छिपा नहीं है कि हमारे सामाजिक परिवेश में आजकल बहुत सारे लोगों के हाथ में कैमरे से लैस स्मार्टफोन तो आ गए हैं, लेकिन इसके इस्तेमाल और इसके जोखिम को लेकर बहुत कम लोग जागरूक हैं। फिर युवाओं के भीतर उम्र या अन्य वजहों से जो मानसिक-शारीरिक उथल-पुथल होती है, उससे संतुलित तरीके से निपटने और खुद को दिमागी रूप से स्वस्थ और संवेदनशील बनाए रखने में इस तरह की आधुनिक तकनीक बाधा बन रही है। अगर ऐसी प्रवृत्तियां कभी किसी अपराध के रूप में सामने आती हैं तो निश्चित रूप से कानूनी तरीके से निपटना ही चाहिए, लेकिन इसके दीर्घकालिक निदान के लिए इन आधुनिक तकनीकों या संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर विवेक और संवेदना का खयाल रखने के साथ-साथ सामाजिक प्रशिक्षण भी जरूरी है।

# समरकंद में भारत की नई विदेश नीति का सफलतम आगाज


उज़्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने अपनी नई दमदार विदेश नीति का आगाज किया है। भारत अब वो पुराना भारत नहीं रहा है। इस बात को दुनिया के सामने इस संगठन की बैठक में भारत ने बड़ी मजबूती के साथ रखा है। भारत की विदेश नीति के तहत भारत किसी एक मजबूत राष्ट्र का सहारा ना लेकर रूस और अमेरिका को एक ही तराजू में तौल रहा हैद्य भारत की नई कूटनीति तथा विदेश नीति की धमक अब स्पष्ट रूप से इस संगठन की बैठक में दिखाई दी हैद्य भारत में अपनी कूटनीति के चलते बैठक में उपस्थित चीन तथा पाकिस्तान को दरकिनार कर पूरे विश्व को समझा दिया है की चीन और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैंद्य इसी तरह यूक्रेन के मामले में भारत में रूस के व्लादिमीर पुतिन को साफ साफ शब्दों में वैश्विक शांति की बातें समझाइ हैद्य अमेरिका को भी भारत में समझा दिया है की रूस और यूक्रेन मामले में वह अमेरिकी दबाव में ना आकर वाह रूस को मौन समर्थन देना नहीं छोड़ेगा और इसके अलावा रूस से अपने व्यवसायिक रिश्ते बनाकर क्रूड आयल, डीजल तथा पेट्रोल की खरीदी निरंतर जारी रखेगाद्य उल्लेखनीय है कि भारत ने विगत 3 वर्षों से अपनी विदेश नीति कुछ इस तरह निर्धारित की है कि जिसमें बड़े राष्ट्रों पर केंद्रित न होकर वह हर राष्ट्र से संबंध बनाकर वैश्विक जगत में अपनी नई स्वतंत्र विदेश नीति का आगाज करने जा रहा हैद्य आने वाले समय में भी भारत की विदेश नीति एवं भारतीय गणतंत्र एक नई विदेश नीति लेकर उभरेगा।

भारत को संभवत शंघाई सहयोग संगठन और द्द20 तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद जैसे महत्वपूर्ण संगठनों में अध्यक्षता का अवसर भी मिलेगा क्योंकि आने वाले वर्ष में भारत वर्ष में ही शंघाई संगठन सहयोग और जी-20 की महत्वपूर्ण बैठक है आयोजित होने वाली हैं। जी 7 देशों में भी जर्मनी तथा कुछ अन्य देश इस समूह में भारत को शामिल करना चाहते हैं। इस तरह इन देशों के समर्थन से भारत जी 7 का महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन सकता है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अपने को स्वतंत्र विदेश नीति का पोषक बना कर रखा है और विगत वर्षों से भारत ने अपने को एक गुट निरपेक्ष राष्ट्र की तरह वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया है। रूस यूक्रेन युद्ध तथा ताजा ताजा चीन ताइवान तथा अमेरिकी द्वंद में भारत में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के तहत एक अलग मध्यम मार्ग बनाए रखा है।

रूस यूक्रेन युद्ध में अंतरराष्ट्रीय दबाव में न आकर भारत ने रूस की निंदा से परहेज कर अपने व्यापारिक संबंध रूस से बनाए रखे हैं एवं अमेरिकी दबाव से बाहर आकर भारत ने नाटो देशों का भी समर्थन नहीं किया है। यह घटना भारत की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में सामने आई है। भारत में इस संगठन की बैठक के दौरान यह स्पष्ट रूप से बता दिया है कि जो देश उसके साथ जिस तरह का व्यवहार करेगा भारत उसे उसी तरह से जवाब देने में सक्षम है चीन को भी स्पष्ट रूप से भारत ने चेतावनी दी है कि यदि वह एल,ए,सी तथा लद्दाख में किसी भी तरह की दखलअंदाजी करेगा तो भारत इसे बर्दाश्त नहीं करेगा एवं यदि वह दोस्ती की पहल करता है तो भारत दो कदम आगे आकर वार्ता में शामिल होने का तैयार है। भारत ने स्पष्ट रूप से रूस को यह समझा दिया है कि उसकी पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकी रास नहीं आ रही है, इसी तरह अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को किसी भी तरह की सहायता दिए जाने का खुलकर विरोध करेगा। भारत ने अपनी विदेश नीति तथा कूटनीति को साफ कर दिया है ,वह जहां शंघाई संगठन का खास सदस्य है जो अमेरिका का घोर विरोधी माना जाता है दूसरी तरफ वह 5 देशों वाले मजबूत संगठन क्वाड का भी हिस्सा है जो स्पष्ट रूप से चीन का विरोधी संगठन माना जाता है।




# आओ जातिवाद खत्म करें, शांति का निर्माण करें



आओ शांति की एक ऐसी दुनिया बनाएं, जहां करुणा सहानुभूति सहिष्णुता छाएं, संदेह और घृणा को दूर करें जिसपर हम गर्व करें - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर अशांति के प्रतीक प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध, हिरोशिमा नागासाकी में परमाणु बम का उपयोग, सदियों पूर्व राजाओं महाराजाओं द्वारा अन्य राज्यों पर आक्रमण कर उनपर कब्जा करना, अंग्रेजों द्वारा भारत पर आधिपत्य स्थापित करना ऐसे अनेकों उदाहरण अशांति के प्रतीक के रूप में आज इतिहास में दर्ज हैं जिसमें लाखों मनीषियों की जनहानि, आर्थिक चोटें प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव सहित अनेकों हानियों को सहन करने की गवाह परिस्थितियां रही है, इसलिए शांति की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत पड़ी और संयुक्त राष्ट्र ने 21 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में घोषित कियाजो हर वर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2022 की थीम जातिवाद खत्म करें, शांति का निर्माण करें तय किया गया है इसलिए इलेक्ट्रिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर हम इस आर्टिकल के माध्यम से शांति पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगरहमअंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मनाने की करें तो, जीवन का प्रमुख लक्ष्य शांति और खुशी प्राप्त करना है, जिसके लिए मनुष्य निरंतर कर्मशील तो है लेकिन शांति के लिए प्रयासरत नहीं। पूरा विश्व, समस्त देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। इसी के तहत 21 सितंबर को हर साल पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य रूप से विश्व स्तर पर शांति बनाए रखने के लिए इस दिवस को मनाए जाने पर मोहर लगी थी, परंतु वर्तमान में कहीं भी शांति के हालात नजर नहीं आते।

इस विशेष दिवस के जरिए दुनियाभर के देशों और नागरिकों के बीच शांति के संदेश का प्रचार-प्रसार करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। सफेद कबूतर को शांति का दूत माना जाता है। इसलिए दुनियाभर में शांति का संदेश पहुंचाने के लिए विश्व शांति दिवस पर सफेद कबूतरों को उड़ाकर शांति का पैगाम दिया जाता है तथा एक-दूसरे से भी शांति कायम रखने की अपेक्षा की जाती है।

साथियों इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र से लेकर अलग-अलग संगठनों, स्कूलों और कॉलेजों में शांति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

जीवन का प्रमुख लक्ष्य शांति और खुशी प्राप्त करना है, जिसके लिए मनुष्य निरंतर कर्मशील तो है लेकिन शांति के लिए प्रयासरत नहीं। पूरा विश्व, समस्त देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए प्रयासरत,इसके लिए संयुक्त राष्ट्र द् ?वारा कला, साहित्य, सिनेमा तथा अन्य क्षेत्र की मशहूर हस्तियों को शांतिदूत के तौर पर नियुक्त भी किया गया है। हर साल यह दिवस अलग-अलग थीम पर मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम 2022की थीम की करें तो जातिवाद खत्म करें, शांति का निर्माण करें, रखी गई है। इसका मतलब दुनिया में एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जो किसी भी जाति का हो, सभी के साथ समान व्यवहार करना तथा जो सही मायने में शांति प्राप्त करने के लिए ऐसे समाज के निर्माण कीआवश्यकता को भी दर्शाता है।इसलिए अहिंसा और संघर्ष विराम के माध्यम से विश्व में शांति कायम करना ही इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

यूएन का आव्हान है, हम आपको संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं क्योंकि हम नस्लवाद और नस्लीय भेदभाव से मुक्त दुनिया की दिशा में काम कर रहे हैं। एक ऐसी दुनिया जहां करुणा और सहानुभूति संदेह और घृणा को दूर करती है। एक ऐसी दुनिया जिस पर हम वास्तव में गर्व कर सकते हैं। शांति को बढ़ावा देने में हम सभी की भूमिका है। और नस्लवाद से निपटना योगदान करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। हम उन ढांचों को तोड़ने के लिए काम कर सकते हैं जो हमारे बीच में नस्लवाद की जड़ें जमाती हैं। हम हर जगह समानता और मानवाधिकारों के लिए आंदोलनों का समर्थन कर सकते हैं। हम अभद्र भाषा के खिलाफ बोल सकते हैं - ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों। हम शिक्षा और सुधारात्मक न्याय के माध्यम से नस्लवाद विरोधी को बढ़ावा दे सकते हैं।

साथियों बात अगर हम सच्ची शांति प्राप्त करने के तरीकों की करें तो, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे अहिंसा और संघर्ष विराम के माध्यम से शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए समर्पित दिन के रूप में घोषित किया है।

लेकिन सच्ची शांति प्राप्त करने के लिए हथियार डालने से कहीं अधिक की आवश्यकता होती है। इसके लिए ऐसे समाजों के निर्माण की आवश्यकता है जहां सभी सदस्यों को लगता है कि वे फल-फूल सकते हैं। इसमें एक ऐसी दुनिया बनाना शामिल है जिसमें लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाता है, चाहे उनकी जाति कुछ भी हो।जैसा कि यूएन महासचिव ने कहा है, जातिवाद हर समाज में संस्थाओं, सामाजिक संरचनाओं और रोजमर्रा की जिंदगी में जहर घोल रहा है। यह लगातार असमानता का चालक बना हुआ है। और यह लोगों को उनके मौलिक मानवाधिकारों से वंचित करना जारी रखता है। यह समाजों को अस्थिर करता है, लोकतंत्रों को कमजोर करता है, सरकारों की वैधता को नष्ट करता है, जातिवाद और लैंगिक असमानता के बीच संबंध अचूक हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो वैश्विक स्तरपर भारत शांतिपूर्ण विचारों के लिए जग प्रसिद्ध है।अहिंसा के प्रतीक महामानव महात्मा गांधी जैसे महामानव की जन्मस्थली भारत को अनेक बार शांतिदूत की संज्ञा दी जाती है जिसका ताजा उदाहरण रूस यूक्रेन युद्ध के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से दुनिया में भारत को ही दोनों देशों में शांति बहाल करने के माध्यम के रूप में आगे आने की संभावना पर बल दिया जा रहा था जो गर्व की बात है। भारत हमेशा शांति चाहता है परंतु वर्तमान परिस्थितियों में पड़ोसी मुल्क विस्तार वादी देश सहित कुछ देश भारत की शांति को अशांत करने की कोशिशों में जुड़े हुए हैं परंतु उनके देशों में ही अशांति बढ़ती जा रही है,इसकी ही बड़े बुजुर्गों की कहावत सटीक फिट बैठती है कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है और खुद ही उस गड्ढे में गिरता है। भारत शांति सुदृढ़ीकरण की योजना का समर्थन करता है।

## सोच को संकुचित होने से बचाएं

अपनी सोच को संकुचित ना होने
दें, इस अपार समझ को कभी ना
खोने दें, असीम है सब कुछ इस
ब्रह्मांड में, हर स्वप्न को स्वयं के
नेत्रों में संजोने दे।

अनगिनत ज्ञान को ग्रहण करते
चले जाएं, नेक कर्मों पर विराम
चिह्न ना लगाएं, जीवन का संपूर्ण
आनंद ले, हर लक्ष्य को दृढ़ता से
पार कर जाए।

हमारी अंतरात्मा क्या कहती है,
आभास करें हम में कितनी शक्ति
है, स्वयं की अलौकिक सामर्थ्य
को पहचाने, हम नहीं साधारण
व्यक्ति है।

बौद्धपूर्वक जीवन है अनिवार्य,
प्रभावशाली हो हमारे सर्व कार्य,
प्रसन्नता हमारे मुख मंडल पर रहे,
बने इस भव्य जीवन के आचार्य।

अपनी सोच को संकुचित ना होने
दें, इस अपार समझ को कभी ना
खोने दें, असीम है सब कुछ इस
ब्रह्मांड में, हर स्वप्न को स्वयं के
नेत्रों में संजोने दे।

नई दिल्ली
बुधवार 21 सितंबर 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### लखीमपुर खीरी में तीन सवारी में चालान हुआ तो सरेआम फूंक दी बाइक

लखीमपुर खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी में पुलिस ने तीन सवारी में चालान किया तो एक युवक ने सरेआम अपनी बाइक फूंक डाली। इस घटना पुलिस हक्का-बक्का रह गई। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। घटना लखीमपुर खीरी के राजापुर चौराहे की है। मंगलवार की दोपहर वाहन चेकिंग चल रही थी। तभी वहां से भूपेंद्र वर्मा नाम का यह युवक बाइक से निकला। पुलिस के अनुसार बाइक चालक ने हेलमेट नहीं लगा रहा था। बाइक पर तीन युवक बैठे थे। ट्रैफिक पुलिस ने इसको रोक लिया और दो हजार का चालान कर दिया। इससे नाराज होकर भूपेंद्र ने राजापुर चौराहे पर ही अपनी बाइक को आग लगा दी। बाइक धू धू कर जलने लगी। यह देखकर लोगों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने बाइक में लगी आग को किसी तरह बुझाया। पुलिस ने भूपेंद्र को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है। जल्द ही उसको जेल भेजा जाएगा। पुलिस की पूछताछ में भूपेंद्र ने बताया कि सुबह घर पर उसका पत्नी से विवाद हो गया था। इसको लेकर उसमें गुस्सा था। घर से निकलते ही पुलिस ने उसको पकड़ लिया। हेलमेट का एक हजार और तीन सवारी का एक हजार कुल मिलाकर दो हजार रुपए का चालान कर दिया। इससे वह और ज्यादा नाराज हो गया और बाइक को आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि भूपेंद्र का विवाद पहले भी गांव के लोगों से कई बार हो चुका है। पुलिस ने उसका शन्तिभंग की आशंका में चालान भी किया है।

### सहारनपुर : शौचालय में भोजन रखने के मामले में डीएसओ निलंबित

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में खिलाड़ियों को खराब भोजन देने और भोजन सामग्री शौचालय में रखने के मामले में सरकार ने संज्ञान लेते हुए मंगलवार को जिला क्रीडा अधिकारी (डीएसओ) अनिमेष सैक्सेना को निलंबित कर मामले की जांच के आदेश दिये हैं। अपर मुख्य सचिव (खेल) नवनीत सहगल ने सक्सेना को निलंबित कर जिलाधिकारी को इस मामले की जांच करने को कहा है। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो से उजागर हुआ। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने खिलाड़ियों के लिए बने भोजन को दुर्गंध भरे शौचालय में रखने, खिलाड़ियों को खराब गुणवत्ता वाला अधपका भोजन परोसने के मामले की जांच अपर जिलाधिकारी (वित्त) रजनीश मिश्र को सौंप कर तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह के मुताबिक गत 16 सितंबर को सहारनपुर के डा. भीमराव आंबेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में राज्य स्तर की तीन दिवसीय सब जूनियर बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। पहले दिन 16 सितंबर को 300 खिलाड़ियों को दोपहर के भोजन में खराब और अधपके चावल परोस दिये गये।


### चोरी की सफाई मशीन के बाद अब जौहर यूनिवर्सिटी में हजारों किताबें बरामद

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर में वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की पहल पर स्थापित जौहर विश्वविद्यालय में नगर निगम से चोरी हुयी सफाई मशीन बरामद होने के अगले दिन मंगलवार को हजारों किताबें बरामद हुयी हैं। ये किताबें ओरिएंटल कॉलेज से कुछ साल पहले चोरी हुयी थीं। रामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक डा संसार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद हुई किताबों की गिनती चल रही है। पूर्ववर्ती सपा सरकार के कद्दावर पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की पहल पर स्थापित जौहर विश्वविद्यालय में चोरी के सामान की धरपकड़ के अभियान में पुलिस को दूसरे दिन बड़ी कामयाबी मिली है। विश्वविद्यालय परिसर में जमींदोज की गयी ऑटोमैटिक स्विपिंग मशीन मिलने के बाद अब हजारों गायब किताबें पुस्तकालय से बरामद होना चौंकाने वाला है। पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किए गए अनवार और सालिम की निशानदेही पर ये किताबें बरामद की हैं। अनवार और सालिम, आजम खान के करीबी बताये जाते हैं। ये दोनों आजम के विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम के करीबी दोस्त भी हैं। अनवार और सालिम की निशानदेही पर ही पुलिस ने कल ऑटोमैटिक स्वीपिंग मशीन बरामद की थी। मशीन कैंपस में गड्ढा खोदकर दबाई गई थी। यह मशीन नगर पालिका परिषद की बताई जा रही है।

### विपक्ष के आंदोलन कुचलना, भाजपा की तानाशाही प्रवृति : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य की योगी सरकार पर तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों को जनता की समस्यायें उठाने के लिये धरना प्रदर्शन करने की अनुमति न देना सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति को दर्शाता है। गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों ने सोमवार को मंहगाई और बेरोजगारी सहित अन्य समस्याओं के विरोध में सपा कार्यालय से विधान सभा तक पैदल मार्च निकाला था। पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं लेने का हवाला देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में सपा विधायकों को राजभवन से पहले ही रोक कर आगे नहीं बढ़ने दिया। मायावती ने सरकार के इस रवैये को आपत्तिजनक बताते हुए ट्वीट कर कहा, विपक्षी पार्टियों को सरकार की जनविरोधी नीतियों व उसकी निरंकुशता तथा जुल्म-ज्यादती आदि को लेकर धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं देना भाजपा सरकार की नई तानाशाही प्रवृति हो गई है। साथ ही, बात-बात पर मुकदमे व लोगों की गिरफ्तारी एवं विरोध को कुचलने की बनी सरकारी धारणा अति-घातक। उन्होंने योगी सरकार पर आंदोलनों को कुचलने का आरोप लगाते हुए इस रवैये की निंदा की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों के आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए कहा, इसी क्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा फीस में एकमुश्त भारी वृद्धि करने के विरोध में छात्रों के आन्दोलन को जिस प्रकार कुचलने का प्रयास जारी है वह अनुचित व निन्दनीय। यूपी सरकार अपनी निरंकुशता को त्याग कर छात्रों की वाजिब माँगों पर सहानुभतिपूर्वक विचार करे, बीएसपी की माँग।

### क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा के हत्यारोपी अरेस्ट



मुजफ्फरनगर। पंजाब के पठानकोट के धारयाल में दो साल पहले पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा सहित 3 लोगों की हत्या हुई थी। हत्या और लूटपाट की वारदात में शामिल छयमार गिरोह के बदमाश और उसके साथी को पुलिस ने देर रात हुई मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस की गोली पैर में लगने से दोनों घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाशों से अवैध हथियार भी बरामद हुए। 19 अगस्त 2020 की रात को पठानकोट जिले के थारयाल गांव में छयमार गिरोह ने सुरेश रैना के फूफा ठेकेदार अशोक कुमार के घर में डकैती डाली थी। इस दौरान बदमाशों ने अशोक कुमार की हत्या कर दी थी। अशोक के बेटे कौशल ने घायल अवस्था में 31 अगस्त को दम तोड़ दिया था। एक और की मौत हुई थी। जबकि रैना की बुआ और अशोक की पत्नी आशा रानी गंभीर रूप से घायल हुई थीं।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी के परिवार में संपत्ति विवाद

मुजफ्फरनगर। फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के परिवार में संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया है। अभिनेता ने बुढ़ाना में अपने छोटे भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी के रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। इससे पहले उनके दो भाईयों अलमसुद्दीन और अयाजुद्दीन ने मीडिया के सामने आकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर गंभीर आरोप लगाए। पैतृक संपत्ति में हिस्सा दिलाने की मांग की। अलमसुद्दीन ने पुलिस में फैजुद्दीन सिद्दीकी की शिकायत की। नवाजुद्दीन पर पिता को झूठा कहने का आरोप भी सरेआम लगाया। हालांकि नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ रह रहे छोटे भाई फैजुद्दीन ने सभी आरोपों को खारिज किया।

# अमेठी : पहले दो मासूम बच्चों की गला रेत कर की हत्या और फिर मां भी फांसी के फंदे पर झूली

एजेंसी



**अमेठी।** अमेठी में शिवरतनगंज क्षेत्र के कुकहा रामपुर गांव में सोमवार की रात एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या करने के बाद खुद फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर बूढ़ी सास को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो दोनों बच्चों के शव खून से लथपथ पड़े थे और महिला का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। अमेठी के पुलिस अधीक्षक भी पहुंचकर तहकीकात कर रहे हैं।

थाना क्षेत्र के कुकहा रामपुर गांव निवासी धर्मराज की पत्नी शीतला देवी (32 वर्ष) बीती रात अपनी बेटी निधि (4 वर्ष) और बेटे रितेश (ढाई वर्ष) के साथ रह रही थी। उसका पति लखनऊ में दिहाड़ी मजदूर है। 2 दिन पहले ही वह रोजगार के सिलसिले में लखनऊ गया था। घर में वृद्ध सास साथ में रहती थी। सोमवार की रात शीतला देवी ने अपने दोनों बच्चों का घर में रखे धारदार हथियार से बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी भी जान दे दी।

मंगलवार की सुबह 8:30 तक जब दरवाज़ा नहीं खुला तो उसकी बूढ़ी सास को कुछ आशंका हुई। इस पर उसने ग्राम प्रधान सहित कई लोगों को इस जानकारी दी। ग्रामीणो ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना स्थल पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दरवाजे के कुंडे को तुड़वाया। कमरे के अन्दर का नजारा देख सभी दंग रह गए। जमीन पर खून लथपथ दोनों मासूम बच्चों के शव पड़ हुए थे। शीतला देवी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। बगल में स्टूल रखा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि महिला ने स्टूल के सहारे ही फांसी लगाई है।

#### गांव में सनसनी और तरह-तरह की चर्चाएं

एक कमरे में तीन तीन शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया बच्चों की हत्या कर महिला के फांसी लगाने की बात सामने आ रही है लेकिन गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हैं।

#### पुलिस ने शुरू की तहकीकात

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय थाने की पुलिस सहित मोहनगंज और कमरौली थाने की पुलिस के साथ साथ तिलोई और मुसाफिरखाना के क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक और एसपी मौके पर पहुंच गए। एसपी ने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद मातहतों को घटना के खुलासे के लिए जरूरी निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले मृतका का पति मजदूरी करने के लिए लखनऊ चला गया था। मौके पर वह भी मौजूद नहीं था। गांव वाले चर्चा कर रहे हैं कि आखिर ऐसी कौन सी बात हुई, जिससे महिला ने मासूम दो बच्चो की हत्या कर अपने आप को मौत के हवाले कर दिया।

## जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में इनामी बदमाश गिरफ्तार

अयोध्या। उत्तर प्रदेश्र के अयोध्या जिले के थाना कैंट क्षेत्र में जबरन धर्म परिवर्तन करने वाला इनामी वांछित को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यहां मंगलवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन सिंह तथा क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी की अगुवाई में थाना कैंट के पुलिस बल ने जिले में जबरन धर्म परिवर्तन कराने, धर्म परिवर्तन न करने पर जान से मारने की धमकी देने और लूट के आरोप में 10 हजार रुपये के इनामी वांछित निसार उर्फ राजू को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि एक मुखबिर की सूचना पर टीले वाली मस्जिद के पास मोटरसाइकिल सवार वांछित राजू को चेकिंग के दौरान पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर उसने पुलिस टीम पर गोलीबारी करते हुए जमथरा से बाटली वाले बाबा की तरफ बंधा मार्ग से भागने लगा। पुलिस बल ने घेराबंदी करके वाहद ग्राम मांझा जमथरा स्थित धीरज यादव बाबा स्थान पर उसे रोकने का प्रयास किया। इस पर उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर बदस्तूर गोलीबारी जारी रखी। अभियुक्त द्वारा किये गये दो राउंड फायर थाना कैंट के वाहन पर लगे। इससे पुलिस टीम बाल-बाल बच गयी। उन्होंने बताया कि वांछित ने जान से मारने की नीयत से गोलीबारी जारी रखी। पुलिस ने घेराबंदी कर वांछित से आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन राजू ने गोलीबारी जारी रखी। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षार्थ किये गये फायर में अभियुक्त राजू पुत्र गुलाम रसूल निवासी सहनवां थाना कोतवाली अयोध्या के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इस पर पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उसकी उम्र करीब 38 वर्ष है। उसके पास से एक 32 बोर की अवैध पिस्टल, तीन खोखा कारतूस व तीन 32 बोर के जिंदा कारतूस, तीन सौ पन्द्रह बोर का एक अवैध तमंचा, तीन सौ पन्द्रह बोर के दो खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस सहित एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल और 5500 रुपये नगद बरामद किये गये।

## कुशीनगर : राशन के घपले की शिकायत पर जांच के आदेश

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में कप्तानगंज के सिंघारी बाजार में गरीबों के राशन में घपला करने की शिकयत पर उपजिलाधिकारी ने कोटेदार के विरुद्ध जांच का आदेश दिया। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी। एसडीएम के निर्देश पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने गांव में पहुंच कर शिकायत की जांच की। ग्रामीणों का आरोप सही पाए जाने पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने तत्काल प्रभाव से कोटे की दुकान को बगल के गांव से अटैच कर अग्रिम कार्रवाई के लिए अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी। सिंघारी बाजार के ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन को नियमित रूप से न बांटने और प्रति यूनिट एक किलो कम राशन देने की शिकायत की थी। इसका विरोध करने पर कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को धमकाने की शिकायत भी सप्लाई इंस्पेक्टर से 10 दिन पहले की थी। शिकायत की सुनवाई न होने पर ग्रामीणों ने एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव से शिकायत की।

### आजमगढ़ में सड़क हादसे में आईटीआई छात्र की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के रानी की सराय थाना क्षेत्र में कैदी वाहन से कुचलकर आईटीआई छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। रानी की सराय थाना क्षेत्र के खलीलाबाद मुहल्ले में कैदी लेकर आ रहे वाहन के धक्के से बाइक सवार छात्र घायल हो गया। घायल छात्र का स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जौनपुर जिले के कैदियों को बैठाकर यह कैदी वाहन आजमगढ़ आ रहा था। रानी की सराय थाना क्षेत्र में पहुंचने पर खलीलाबाद मोहल्ले के पास बाइक से टक्कर हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार असंतुलित होकर गिर गया।

## ग्रामीणों को अब मिलेगा मुआवजा, रुड़की-देवबंद रेल लाइन मुआवजे को केंद्र ने दिए 28 करोड़

**देहरादून।** देवबंद-रुड़की रेल लाइन के लिए अधिग्रहित हो रही जमीन के मुआवजे के लिए केंद्र सरकार ने 28.31 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए। यह भूमि हरिद्वार के चार गांवों में ली गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र भेजकर सीएम पुष्कर सिंह धामी को इसकी जानकारी दी। पिछले काफी समय से मुआवजे का मुददा अटका हुआ था। सीएम ने केंद्र सरकार से इसका जल्द से जल्द हल करने का अनुरोध किया था।

सीएम ने केंद्र सरकार का आभार जताया है। दूसरी तरफ सीएम ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को फोन कर रोडवेज की परिसंपत्तियों के बंटवारे के तहत बकाया 100 करोड़ रुपये जारी करने का धन्यवाद किया। इस राशि के भुगतान से दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से जारी परिसंपत्ति विवाद का भी निपटारा हो गया है।

#### देवबंद रुड़की रेलवे लाइन

देवबंद से रुड़की तक बनने वाली यह नई रेलवे लाइन 27.45 किलोमीटर लंबी है। हरिद्वार में यह रेललाइन करीब 11 किलोमीटर रहेगी। बाकी हिस्सा यूपी के सहारनपुर में आएगाा। हरिद्वार में 11 गांवों के किसानों की 51 हैक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है।

इस लाइन के बनने से रुड़की से दिल्लीकीदूरी करीब 33 किलोमीटर तक हो जाएगी।

अभी दिल्ली जाने वाले रेल रुड़की से टपरी होते हुए जाती हैं। यह रेल लाइन के बनने से रेल रुड़की से सीधा देवबंद तक जाने लगेगी। इससे समय तो बचेगा ही, साथ ही किराया भी कम होगा।

# आगरा में ऑटो का टायर चुराने की मिली तालिबानी सजा

### ग्रामीणों ने पोल से बांधकर युवक की जमकर कर दी पिटाई



**मलपुरा।** आगरा में एक युवक को ऑटो का टायर चुराना महंगा पड़ गया। ग्रामीणों ने युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया फिर पोल से बांधकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

ये मामला जिले के जगनेर रोड स्थित थाना मलपुरा क्षेत्र के धनौली गांव का है। गांव के ही निरूपत सिंह का बेटा ऑटो चलाता है। सोमवार की रात उसने एक दुकान के आगे ऑटो खड़ी कर दी। वहीं पास में एक शख्स सो रहा था।

जब मंगलवार की सुबह ऑटो से खटपट की आवाज आने लगी तो पास में सो रहे एक व्यक्ति की नींद खुली। उन्होंने ऑटो के पास जाकर देखा कि एक युवक टायर खोल रहा है। ये देखते ही उन्होंने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर युवक भागने लगा। राहगीरों ने दौड़कर उसे दबोच लिया।

ग्रामीणों ने एक रस्सी मंगाकर चोर को एक पोल से बांध दिया। फिर सभी ने मिलकर युवक को जमकर धुलाई कर दी। युवक छोड़ने की गुहार लगा रहा था। पिटने की वजह से उसके मुंह से खून निकल रहा था लेकिन लोगों ने उसे पिटने के बाद पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस युवक को मलपुरा थाना ले गई। लेकिन अभी तक पुलिस की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं आई है। वहीं किसी ने इस पूरा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक तेज बारिश की संभावना

लखनऊ। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में अगले दो दिनों के भीतर तेज हवायें चलने और भारी बारिश होने की आशंका जतायी है। मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतरविदासनगर, जौनपुर और गाजीपुर में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की आशंका जतायी गयी है। अगले 48 घंटों तक मौसम का ऐसा ही कुछ मिजाज आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमठी, सुलतानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में भी बने रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

## फिरोजाबाद : घोड़े की लीद से बन रहे नकली मसालों की फैक्ट्री सील हुयी

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में खाद्य विभाग ने छापा मार कर एक मसाला फैक्ट्री पकड़ी है जिसमें आपत्तिजनक पाउडर एवं केमिकल के अलावा मसाले में गधे और घोड़े की लीद तक मिलाने की जांच की जा रही है।

जिला अभिहित अधिकारी सुधीर कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सब्जी मसाला बनाने में स्वास्थ्य के लिए खतरनाक तत्वों का प्रयोग कर रही मसाला फैक्ट्री को खाद्य विभाग ने सील कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। कुमार ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम के साथ सोमवार को लालऊ क्षेत्र में चल रही मसाला कंपनी आस्था एंटरप्राइजेज की फैक्ट्री पर छापा मारने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान फैक्ट्री में कई अनियमितताएं मिली। मौके पर कई बोरों में विभिन्न प्रकार का पाउडर मिला है। बोरों में लकड़ी का बुरादा, घोड़े और गधे की लीद जैसे पाउडर भी बरामद हुये हैं। इनकी जांच की जा रही है कि ये पाउडर लीद और बुरादा ही है या कुछ और है।

छापे में कई केमिकल ऐसे भी मिले हैं, जो मसालों को चटखारेदार चटपटा बनाने के लिए प्रयोग किये जाते है।

कुमार ने बताया उक्त फैक्ट्री की कई महीनों से विभाग द्वारा रेकी की जा रही थी। इसमें पुष्ट जानकारी के बाद ही कार्रवाई की गई है। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

### बस्ती : सरयू नदी का जल स्तर खतरे के बिंदु से 42 सेमी ऊपर

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सरयू नदी अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। सरयू का जल स्तर खतरे के निशान 92.730 से ऊपर 93.150 मीटर पर आ गया है। जिले के बाढ़ खण्ड के अधिकारियों मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि नदी के जल स्तर मे लगातार वृद्धि हो रही है। नदी का जल स्तर खतरे के बिन्दु से 42 सेमी ऊपर हो गया है। बाढ़ का पानी दुबौलिया और विक्रमजोत क्षेत्र मे तेजी से फैल रहा है। तटबंध और नदी के बीच स्थित सुबिका बाबू गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरीके से घिर गया है। पानी के आने के कारण बिशुनदासपुर का एक पुरवा, टेढवा, भुवरिया आदि गांव घिर जाने के कागार पर है। मोजपुर गांव में पानी ओवर फ्लो होकर तेजी से घुस रहा है।

## शादी के दस दिन बाद ही पति-पत्नी ने खाया जहर, बीवी मर गई, पति बच गया

बड़ापुर। शादी के केवल दस दिन बाद पति-पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की इसमें पत्नी की मौत हो गई जबकि पति बच गया और उसकी हालत गंभीर है। युवक का इलाज उत्तराखंड के काशीपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतका के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला बिजनौर के बड़ापुर थाना क्षेत्र के भोगपुर गांव का है। दस दिन पहले जरनैल सिंह ने बेटी नीलम की शादी गांव के ही युवक बिंदर सिंह के साथ की। युवक-युवती का पहले से प्रेम प्रंसग था। शादी के बाद दोनों हंसी-खुशी रह रहे थे। लेकिन इनकी खुशी कई दिनों तक नहीं टिक सकी। रविवार को नवविवाहिता ने जहर खा लिया। इसके बाद पति ने भी कीट मारने वाली दवाई खा ली। दोनों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पत्नी की मौत हो गई वहीं पति की हालत नाजुक बनी हुई है।

युवती के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि दहेज में दो लाख रुपये और एक बुलेट बाइक की डिमांड की जा रही थी। युवती के पिता ने बेटी के पति बिंदर सिंह, देवर सोनू, ससुर गुरनाम और सास गुरमीत के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

#### जहर खाने से पहले पति-पत्नी का हुआ था झगड़ा

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पड़ोसी भी जुट गए थे। घटना के कुछ देर बाद ही युवती ने जहर खा लिया।

पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि ससुराल पक्ष पर 498ए और 304बी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की तहकीकात की जा रही है। पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

## कानपुर नगर निगम में पार्षदों को थूककर पानी पिलाता था कर्मचारी, हंगामे के बाद जांच शुरू

कानपुर। कानपुर में एक कर्मचारी द्वार पानी में थूककर पिलाने का मामला सामने आया है। नगर निगम मुख्यालय में एक कर्मचारी द्वारा पार्षदों को थूककर पानी पिलाने की बात से सनसनी फैल गई। पार्षदों ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस बात की शिकायत की। इसके बाद नगर आयुक्त ने पार्षद कक्ष में तैनात दो कर्मचारियों को हटा दिया। वहीं इस मामले की जांच अपर नगर आयुक्त को दे दी गई है। हालांकि पार्षद आरोपित कर्मी पर एफआईआर की मांग पर अड़े हुए हैं।

ये मामला तब प्रकाश में आया जब पार्षदों से एक महिला कर्मचारी ने शिकायत की थी। महिला कर्मचारी ने बताया कि पार्षद कक्ष में तैनात कर्मचारी थूककर सभी लोगों को जूठा पानी पिलाता है। यह सुनकर पार्षद अवाक रह गए। कुछ ही देर में हंगामा होने लगा। पार्षद केयर टेकर कक्ष में पहुंचे। वहां पार्षद राघवेंद्र मिश्रा, धीरू त्रिपाठी, महेंद्र पांडेय पप्पू, विकास जायसवाल, गिरीश चंद्रा, संतोष साहू, निर्मल मिश्रा, राधा पांडेय और नमिता मिश्रा ने इस मामले में फौरन कार्रवाई के लिए कहा। राघवेंद्र मिश्र ने नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन से शिकायत की।

#### पूछताछ में दूसरे कर्मचारी ने भी कबूला सच

जब इस मामले में पूछताछ शुरू हुई तो पार्षद कक्ष में तैनात एक अन्य कर्मचारी ने केयर टेकर से थूक कर पानी पिलाने की तस्दीक कर दी। उसने बताया कि आरोपित गिलास में मुंह लगाने के बाद ही पार्षदों को पीने का पानी देता था। पार्षदों के पास आने वालों के साथ भी वह ऐसा ही करता था। केयर टेकर सुनील निगम ने नगर आयुक्त को इसकी सूचना दी। उन्होंने पार्षद कक्ष में तैनात कर्मचारियों को हटाकर दूसरे दो कर्मचारी तैनात करने का निर्देश दिया है।

नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने बताया कि पार्षदों की शिकायत के बाद आरोपित को पार्षद कक्ष की ड्यूटी से हटा दिया गया है। उसके साथी कर्मी ने उसकी हरकतों की तस्दीक की। पार्षद कक्ष में दो नए कर्मियों को तैनात किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बुलंदशहर : कुख्यात गौकश पुलिस मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार, नौ साथी फरार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में बीती देर रात गौकशों के गिरोह और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में हरियाणा के कुख्यात गौकश महबूब को पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके 09 अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठा कर फरार होने में कामयाब रहे। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किये गये बदमाश से एक स्विफ्ट कार, अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर के कस्बा ककोड़ में जेवर रोड पर सोमवार को देर रात दो गाड़ियों से सहित कुछ सशस्त्र बदमाश खेत में घूम रहे गोवंश को गोकशी हेतु पकड़ कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे।

## सहारनपुर : शाकुम्बरी देवी तक रेलवे लाइन बिछाने का डीपीआर तैयार

एजेंसी

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के पिलखनी रेलवे स्टेशन से चिलकाना, बेहट समेत छह रेलवे स्टेशन को जोड़ने के लिये 40 किलोमीटर की नई रेलवे लाइन शाकुम्बरी तक बिछाई जाएगी। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो गई है।

रेलवे के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहारनपुर दौरे में स्थानीय भाजपा विधायक राजीव गुंबर एवं अन्य नेताओं ने सहारनपुर से शाकुम्बरी देवी तक रेलवे लाइन बिछाने की मांग की थी।

सूत्रों ने डीपीआर के हवाले से बताया कि पिलखनी से शाकुम्बरी देवी होते हुए देहरादून जाने वाली नई रेलवे लाइन में 16 किलोमीटर की टनल और 106 पुल बनेंगे। शाकुम्बरी देवी से लेकर उत्तराखंड के नया गांव तक पहाड़ों को काटकर टनल बनाई जाएगी। पांच साल के भीतर नई रेल लाइन के निर्माण होने की संभावना है। पहले चरण में पिलखनी से शाकुम्बरी देवी तक रेलवे लाइन का निर्माण होगा और दूसरे चरण में शाकुम्बरी देवी से देहरादून के हरिवाला तक रेलवे लाइन जाएगी। सहारनपुर जिले में इस रेलवे लाइन की दूरी 40 किलोमीटर होगी। जिसमें छह स्टेशन पिलखनी, चिलकाना, बीबीपुर डंडोली हाल्ट, बेहट और शाकुम्बरी देवी होंगे। इस पर पांच हजार करोड़ रूपए का व्यय आएगा।

## शार्ट न्यूज

### स्टाशफिन के निदेशक दल में शामिल हुए विजल जसुजा

नयी दिल्ली। फिनटेक प्लेटफॉर्म स्टाशफिन ने अपने नेतृत्व दल में जाने-माने बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) विशेषज्ञ और एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ विजय जसुजा को अपना गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। स्टाशफिन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उद्योग के दिग्गज जसुजा को भारतीय और विदेशी बाजारों में नेतृत्व की स्थिति में 40 से अधिक वर्षों का बीएफएसआई अनुभव है और वह एसबीआई कार्ड्स समेत पीएनबी कार्ड्स के निदेशक रहे हैं। स्टाशफिन के संस्थापक और सीईओ तुषार अग्रवाल ने कहा, हमें खुशी है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में समृद्ध और उल्लेखनीय अनुभव वाले श्री जसुजा हमारे निदेशक मंडल में शामिल हुए। मुझे यकीन है कि हमारे विकास स्पेक्ट्रम में हमारा मार्गदर्शन करने के लिए उनकी अंतर्दृष्टि के साथ स्टैशफिन अच्छी स्थिति में होगा। उन्होंने कहा, हम वास्तव में समाज के वंचित वर्गों की सेवा कर रहे हैं और श्री जसुजा के हमारे साथ जुड़ने से यह हमारे उद्देश्य को और मजबूत करता है।

### रिसर्च एंड रैंकिंग के सीएसओ बने राकेश मल्होत्रा

मुंबई। देश के इक्विटी निवेश सलाहकार ब्रांड रिसर्च एंड रैंकिंग ने अपने दल को और मजबूत करने के लिए राकेश मल्होत्रा को मुख्य बिक्री अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि श्री मल्होत्रा कंपनी के संस्थापक और निदेशक मनीष गोयल को रिपोर्ट करेंगे। वह अपनी नयी भूमिका में व्यवसाय विकास और राजस्व सृजन के लिए जिम्मेदार होंगे। गोयल ने कहा, अपने अस्तित्व के छह वर्षों के भीतर हम इक्विटी परामर्श में बाजार के प्रमुख बन गए हैं जो भारत में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। हमने पिछले तीन वर्षों में 100 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हासिल की है और वित्त वर्ष 2021-22 में 2.4 गुना की बढ़ोतरी पर एक स्थिर वृद्धि राजस्व प्राप्त किया है। उन्होंने कहा, कंपनी के लिए मल्होत्रा रणनीतिक और परिचालन की क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देगें। मुझे विश्वास है कि वह अपनी नयी भूमिका और जिम्मेदारियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

### रुपये में सात पैसे की तेजी

मुंबई। शेयर बाजार में एक प्रतिशत की तेजी के साथ ही आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पिछले दिनों की गिरावट से उबरते हुए आज सात पैसे मजबूत होकर 79.74 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, पिछले कारोबारी दिवस रुपया तीन पैसे फिसलकर 79.81 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया नौ पैसे की बढ़त लेकर 79.70 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली से समर्थन पाकर 79.58 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 79.77 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक भी उतरा। अंत में पिछले सत्र के 79.81 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में सात पैसे मजबूत होकर 79.74 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

### मेगा होम उत्सव 2022 की घोषणा

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉटाकॅम ने मेगा होम उत्सव-2022 के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि खरीदार वर्चुअल मेगा होम सेल के दौरान टेक्नोलॉजीज की मदद से अपने घर पर ही ऑफर्स का फायदा ले सकेंगे। यह उत्सव 20 अक्टूबर तक चलेगा और इसमें देश के 22 शहरों की प्रमुख प्रॉपर्टीज प्रदर्शित की जाएंगी। इसके लिये इस प्लेटफॉर्म ने देश के बड़े डेवलपरों के साथ गठजोड़ किया है, जो अपनी प्रॉपर्टीज दिखाएंगे। एक महीने के इवेंट में भाग लेने वाले बड़े डेवलपरों में जी स्क्वेयर हाउसिंग, मर्लिन ग्रुप, कल्पतरू ग्रुप, कासाग्राण्डे बिल्डर, रेमंड लिमिटेड, सालारपुरिया सत्वा, टीवीएस एमेराल्ड हैवेन रियल्टी और पुराणिक्स बिल्डर्स, आदि शामिल हैं। कंपनी को इसमें 300 से ज्यादा डेवलपरों और 2000 से ज्यादा चैनल पार्टनरों के भाग लेने की उम्मीद है।

### एस्सार लगाएगी सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र

नयी दिल्ली। एस्सार समूह चार अरब डॉलर के निवेश के साथ सऊदी अरब में 40 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले एकीकृत सपाट इस्पात संयंत्र लगाने पर विचार कर रही है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस संयंत्र का निर्माण इसी वर्ष शुरू हो जाएगा और यह वर्ष 2025 तक बनकर तैयार होगा। अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन को एक साक्षात्कार में एस्सार कॉर्पोरेट प्लानिंग के महाप्रबंधक अमर कपाड़िया ने कहा,समूह ने सऊदी अरब को उसके सरल निवेश वातावरण को देखते हुए चुना है। उन्होंने कहा,विदेशी निवेश और व्यावहारिक नीति निर्माण के दृष्टिकोण का स्वागत करने वाले अधिकारियों ने एस्सार को परियोजना के विकास में तेजी लाने में मदद की है। बयान में कहा गया है कि सऊदी अरब के पूर्वी तट पर रास अल खैर औद्योगिक शहर में नए एकीकृत सपाट इस्पात संयंत्र में निरंतर कास्टिंग और हॉट स्ट्रिप क्षमता, इस्पात के रोल की 10 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता और एक टिन प्लेट लाइन होगी।. नई सुविधा में दो प्रत्यक्ष कम किए गए लोहे के संयंत्र भी होंगे जिनमें से प्रत्येक में 25 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता होगी।

### मिंत्रा बिग फैशन फेस्टिवल 23 सितंबर से

नयी दिल्ली। ऑनलाइन फैशन मार्केटप्लेस मिंत्रा ने फेस्टिव फैशन धमाका, 'बिग फैशन फेस्टिवल' 23 सितंबर से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह फैशन फेस्टिवल 23सितंबर को शुरू होगा। बिग फैशन फेस्टिवल के तीसरे संस्करण में पिछले संस्करण के मुकाबले 1.5 गुना ज्यादा स्टाईल होंगे और यहां पर 6,000 से ज्यादा ब्रांड ऑफरों के साथ पूरे परिवार की फेस्टिव शॉपिंग की जरूरतों को पूरा करेंगे। बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) का यह संस्करण हर आयु समूह के लोगों को विभिन्न श्रेणियों और मूल्य वर्गों में विस्तृत संग्रह प्रदान करेगा और इन त्योहारों पर हर तरह के फैशन के लिए मुख्य केंद्र बन जाएगा। देश में फेस्टिव शॉपिंग के जोश का जश्न मनाते हुए इस ईवेंट में पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा मांग प्राप्त होने की उम्मीद है। इस मांग को पूरा करने के लिए प्लेटफॉर्म की टेक क्षमताओं को बढ़ाकर पीक ट्रैफिक में हर मिनट 13,000 ऑर्डर संभालने में समर्थ बनाया गया है। इस साल यह प्लेटफॉर्म विभिन्न योजनाएं भी प्रदान करेगा, जो शोस्टॉपर, बीएफएफ स्पेशल और रिवार्ड्स जैसी त्योहार केंद्रित श्रेणियों का प्रदर्शन करने के लिए बनाई गई हैं।

### वेन्टेज ने की यूनेस्को से साझेदारी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर के मल्टी-एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म वेन्टेज ने भारत जैसे उभरते हुए बाज़ारों में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रयासों को मज़बूती देने के उद्देश्य से अपनी सामाजिक प्रतिबद्धताओं के अंतर्गत आज यूनेस्को के साथ साझेदारी की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इसके अंतर्गत भारत में शिक्षा की स्थिति रिपोर्ट, 2022- भारत में कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) की मदद कर रहा है जिसे आज लॉन्च किया गया। इस रिपोर्ट में एआई औरशिक्षा के मेलजोल से जुड़े कई प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है। इसमें शिक्षकों को सशक्त बनाने और सीखने की प्रक्रिया हमारी समझ को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका के बारे में बताया गया है। वेन्टेज के मुख्य रणनीतिक एवं ट्रेडिंग अधिकारी मार्क डेसपैलिएरस ने कहा हमारा कारोबार दुनिया भर में फैला हुआ है और उभरते हुए बाज़ारों में भी हम कारोबार कर रहे हैं, जिससे हमें समुदायों की समस्याओं को समझने का अनोखा नज़रिया मिला है। हमारा लक्ष्य यूनेस्को के साथ लंबी अवधि की रणनीतिक साझेदारी कायम करने का है जिसका आधार हमारे साझा मूल्य हैं यानी समावेशन और समानता। वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी के तौर पर, शिक्षा के क्षेत्र में टैक्नोलॉजी से जुड़े बदलावों को समर्थन करना स्वाभाविक तौर पर हमारा इस सफर में पहला कदम था। यूनेस्को के प्रतिनिधि एवं भूटान, भारत, मालदीव व श्रीलंका के निदेशक एरिक फाल्ट ने कहा कि दुनिया अभी एआई को लेकर अबतक कुछ तय न कर पा रही हो, लेकिन एक बात तो तय है कि अभी एआई का ही ज़माना रहने वाला है। आईसीटी और डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के उभरने के साथ ही एआई ने भारत में वित्तीय समावेशन को सच साबित कर दिखाया है।

## अगले पांच वर्षों में दैनिक एक अरब यूपीआई लेनदेन का लक्ष्य : सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले पांच वर्षों में देश में प्रतिदिन एक अरब यूपीआई लेनदेन का लक्ष्य तय किये जाने का उल्लेख करते हुये आज कहा कि भारत में नन्न सिर्फ बड़े शहरों में बल्कि टियर 2 और 3 शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाया जा रहा है। देश में डिजिटल को अपनाने में भारतीय बहुत आगे हैं।

सीतारमण ने फिक्की लीड्स 2022 को संबोधित करते हुये कहा कि वित्त का उपलब्धता में उतार चढ़ाव, अनिश्चितता, जटिलतता और अनेकार्थता की स्थिति रहेगी। इसको लेकर योजना बनाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बौद्धिकता फिनटेक क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण रहेगा। इस क्षेत्र में एआई की महत्ती भूमिका होगी। धोखाधड़ी की पहचान, अपराध और जोखित की पहचान में भी इसकी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा, राष्ट्रीय और साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे सिस्टम पर काम कर रहा है जहां सिर्फ एक ही केवाईसी की जरूरत होगी और उसका विभिन्न प्रकार से उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जुलाई में यूपीआई से 10.62 लाख करोड़ के 6.28 अरब लेनदेन हुये है जो जून की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। अगले पांच वर्षों में यूपीआई से प्रतिदिन एक अरब लेनदेन होने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वित्त की उपलब्ध अधिक से अधिक बैंकों और उससे जुड़ी सेवाओं से होगा। इसमें अकाउंट एग्रीगेटर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जायेगी। अब तक सरकारी बैंकों सहित 21 बैंकों ने अकाउंट एग्रीटेटर सिस्टम को अपनाया है।

सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप, फिनटेक और प्राइवेट इक्विटी के बीच संपर्क दिख रहा है। अभी इस क्षेत्र में 6636 स्टार्टअप और 21 यूनिकॉर्न फिनटेक है। प्राइवेट इक्विटी स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहे हैं।

## हीरो, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम तैयार करेंगी ईवी चार्जिंग ढांचा

नयी दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिये चार्जिंग का बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिये दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प और पेट्रोलियम क्षेत्र की महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने साझेदारी की। दोनों कंपनियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि इस पहल के तहत में दोपहिया दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिये चार्जिंग का बुनियादी ढांचा स्थापित करेंगी। इस प्रकार जन-साधारण के यातायात को इलेक्ट्रिफाइड भविष्य की ओर बढ़ने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा। पहले चरण में, चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना चुनिंदा शहरों में होगी और फिर दूसरे महत्वपूर्ण बाजारों में विस्तार किया जाएगा। इसका लक्ष्य देशभर में ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नेटवर्क की सघनता को बढ़ाना है। बयान में कहा गया है कि चार्जिंग नेटवर्क के लिये बुनियादी ढांचे के विकास का नेतृत्व हीरो मोटोकॉर्प करेगी। हर चार्जिंग स्टेशन में डीसी और एसी चार्जर्स समेत कई स्मार्ट और तेज चार्जर्स टू व्हीलर ईवी के लिये उपलब्ध होंगे। चार्जिंग के लिये यूजर के पूरे अनुभव को हीरो मोटोकॉर्प मोबाइल-ऐप से नियंत्रित किया जाएगा और यह नगद-रहित लेन- देन पर आधारित होगा। हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन एवं सीईओ डॉ. पवन मुंजाल ने कहा,हम देश में ईवी का एक मजबूत परितंत्र निर्मित करने के लिये प्रतिबद्ध रहे हैं। हमारा मानना है कि ईवी को आसानी और तेजी से अपनाया जाना तभी संभव होगा, जब ग्राहकों की सहयोगी बुनियादी ढांचे तक आसान और सुविधाजनक पहुँच होगी, खासकर जैसे सार्वजनिक चार्जिंग और एचपीसीएल के साथ हमारा सहयोग इस जरूरत को लंबे समय तक पूरा करेगा।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में दो दिवसीय हड़ताल सफल

हैदराबाद। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) ने मंगलवार को कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में सामूहिक स्थानान्तरण के विरोध में सोमवार से शुरू दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल अखिल भारतीय बैंक कर्मचारियों और कामगार कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफल रही। एआईबीईए, आईएनबीईएफ, बीईएफआई, एनसीबीई और एनओबीडब्ल्यू से संबद्ध यूनाइटेड फोरम ऑफ सेंट्रल बैंक यूनियंस (यूएफसीबीयू) के आह्वान पर यह हड़ताल हुयी।एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने एक बयान में कहा कि हड़ताल में करीब 10,000 क्लर्कों और उप-कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इन स्थानान्तरण से अधिकारी संघ प्रभावित नहीं हैं इसलिए वे हड़ताल में शामिल नहीं हुए और शाखाएं खुली रखी गईं। कामगार कर्मचारियों ने बैंक के काम में हिस्सा नहीं लिया। वेंकटचलम ने कहा, यूएफसीबीयू अब बैठक का आयोजन करेगा और हमारी मांगों पर जोर देने के लिए आगे के कार्यक्रम तय करेगा। हड़ताल को सफल बनाने के लिए हम सेंट्रल बैंक के अपने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि द्विपक्षीय समझौते के अनुसार बैंकों के लिपिक कर्मचारियों को एक जगह से दूसरी जगह पर तब स्थानांतरित किया जा सकता है, जब एक जगह अतिरिक्त कर्मचारी हों और दूसरी जगह कर्मचारियों की कमी हो। इसके अलावा, कर्मचारियों को एक ही जगह की शाखा से दूसरी शाखा में स्थानांतरित किया जाता है। वेंकटचलम ने कहा कि इस समझौते का उल्लंघन करते हुए सेंट्रल बैंक प्रबंधन ने अप्रैल, 2022 में 3,300 कर्मचारियों का तबादला कर दिया।

## भारत का एआई बाजार होगा 7.8 अरब डॉलर का : यूनेस्को

नयी दिल्ली। भारत में कृत्रिम बौद्धिकता का बाजार 2025 तक 20.2 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की दर से 7.8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने आज भारत की शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2022 (एसओईआर): शिक्षा में कृत्रिम बौद्धिकता - यहां, वहां और हर कहीं को जारी किया जिसमें यह अनुमान जताया गया है।

यह रिपोर्ट यूनेस्को नई दिल्ली कार्यालय की प्रमुख वार्षिक रिपोर्ट है और शोध पर आधारित है। शिक्षा की रिपोर्ट का यह चौथा संस्करण कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) पर आधारित है जो ऐसे विषय को परिभाषित करता है जिसके बारे में अनेक भ्रांतियां व्याप्त हैं। यह भारतीय शिक्षा क्षेत्र में मौजूद चुनौतियों और अवसरों को उजागर करता है जिसका समाधान कृत्रिम बौद्धिकता कर सकती है।

डिजिटल इंडिया के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुसार, रिपोर्ट में कार्रवाई किए जाने के लिए दस सिफारिशें की गई हैं। इसमें कहा गया है कि इनसे तकनीकी शिक्षा और उन्नत तकनीक-आधारित समाधान उपलब्ध होगा जो भारत की शिक्षा परिवर्तन के सफर को प्रेरित करेगा। इसमें कहा गया है कि शिक्षा में कृत्रिम बौद्धिकता के नैतिक सिद्धांत को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में देखने की जरूरत है। शिक्षा में कृत्रिम बौद्धिकता के लिए एक समग्र नियंत्रक ढांचा तुरंत उपलब्ध कराये जाने चाहिए। कारगर सार्वजनिक-निजी भागीदारी होनी चाहिए और सभी छात्रों और शिक्षकों को नवीनतम तकनीक की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। कृत्रिम बौद्धिकता साक्षरता के प्रयासों को बढ़ाने के साथ ही बार-बार होने वाली त्रुटियों और उससे प्राप्त गलत परिणाम में सुधार करने का प्रयास होना चाहिए। कृत्रिम बौद्धिकता में जनता का विश्वास बढ़ाने और निजी क्षेत्र से कृत्रिम बौद्धिकता उत्पाद का विकास करते समय उसमें छात्रों और शिक्षकों को व्यापक रूप से शामिल करने की अपील की जानी चाहिए। छात्रों को डेटा को संभालकर और जिम्मेदारी के साथ रखने को कहा जाना चाहिए। शिक्षा प्रणालियों में कृत्रिम बौद्धिकता की बहुमुखी प्रतिभा को अपनाये जाने की जरूरत है।

यूनेस्को, नई दिल्ली के निदेशक एरिक फाल्ट ने इस रिपोर्ट को जारी करने के मौके पर कहा कि आज, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा छात्रों द्वारा बहुआयामी शिक्षा प्राप्त करना सभी देशों की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। भारत ने अपनी शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इस बात के ठोस प्रमाण हैं कि देश ने शिक्षा के विविध क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं जिनमें कृत्रिम बौद्धिकता आधारित शिक्षा प्रौद्योगिकी भी शामिल है।

इसमें कहा गया है कि भारत के पाठ्यक्रम को 21वीं सदी के अनुरूप बनाने और छात्रों को कृत्रिम बौद्धिकता अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करने के लिए, भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शिक्षा के सभी स्तरों पर आवश्यक तकनीकी ज्ञान प्रदान करने की आवश्यकता पर अत्यधिक बल देती है। यह गुणवत्ता और कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा में कृत्रिम बौद्धिकता को शामिल करने पर भी जोर देती है।

## आईटीसी की पोषण को प्राथमिकता देने की रणनीति

एजेंसी

नयी दिल्ली। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाले समूह आईटीसी लिमिटेड ने 'हेल्प इंडिया ईट बेटर'फ्रेमवर्क को अपनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पोषण अभियान'में योगदान की प्रतिबद्धता जताई है। इस फ्रेमवर्क में पोषण को प्राथमिकता देने की रणनीति अपनाई गई है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस दिशा में अपने सतत एवं समर्पित प्रयासों के तहत कंपनी पूरे सितंबर को पोषण माह के रूप में मना रही है। इसके तहत कर्मचारियों, उपभोक्ताओं, आमजन एवं अन्य संबंधित लोगों के बीच पोषण एवं कल्याण के महत्व को लेकर जागरूकता लाने के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं।

आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी ने इस वर्ष की वार्षिक आम बैठक में कहा था कि आईटीसी की अगली रणनीति में पोषण को केंद्र में रखा जाएगा। इस रणनीति के तहत आईटीसी फूड्स ने'हेल्प इंडिया ईट बेटर'फ्रेमवर्क तैयारी किया है, जो चार स्तंभों पर केंद्रित है जिसमें गुड-फॉर-यू वैल्यू एडेड प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तैयार करना, सस्टेनेबल फूड सिस्टम तैयार करना, स्वस्थ समाज को प्रोत्साहित करना और उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों में जागरूकता लाना शामिल है।

पोषण के क्षेत्र में पहल के बारे में आईटीसी लिमिटेड के फूड्स कारोबार के मुख्य कार्यकारी हेमंत मलिक ने कहा, उपभोक्ताओं की बदलती जीवनशैली और पोषण प्राथमिकताओं को देखते हुए आईटीसी के फूड डिवीजन ने कंपनी की व्यापक आरएंडडी क्षमता का लाभ लेते हुए स्वास्थ्यपूर्ण वैल्यू एडेड फूड ऑफरिंग्स देने की दिशा में प्रयास किया है। हमारा मानना है कि अपनी विज्ञान आधारित क्षमता, उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर बनाए जाने वाले प्रोडक्ट, सस्टेनेबल एग्री वैल्यू चेन और समाज को जोड़ते हुए बनाए गए परिवेश की मदद से हम सरकार की 'सुपोषित भारत'पहल में उल्लेखनीय योगदान दे सकते हैं। पूरा देश सितंबर को पोषण माह के रूप में मना रहा है औरं ऐसे में हम एक बार फिर अपने चार स्तंभों पर केंद्रित 'हेल्प इंडिया ईट बेटर'फ्रेमवर्क के माध्यम से देश को बेहतर पोषण समाधान देने की प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

आईटीसी की एग्री सोर्सिंग क्षमता, आईटीसी के होटल शेफ की विशेषज्ञता एवं आईटीसी लाइफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (एलएसटीसी) के न्यूट्रिशन एवं वेलनेस प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए एक 'गुड फॉर यू'पोर्टफोलियो तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य उत्पादों की न्यूट्रिशन वैल्यू बढ़ाना है, जिससे एनीमिया, पाचन संबंधी समस्याओं, डायबिटीज, इम्युनिटी से संबंधित समस्या, लैक्टोज एवं ग्लूटेन इनटॉलरेंस जैसी विभिन्न समस्याओं से लड़ा जा सके।

## अक्षय ऊर्जा को लेकर केकेआर, हीरो समूह के बीच समझौता

नयी दिल्ली। वैश्विक निवेश फर्म केकेआर और हीरो समूह की अक्षय ऊर्जा शाखा हीरो फ्यूचर एनर्जीज (एचएफई) ने मंगलवार को निश्चित समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। जिसके तहत केकेआर, हीरो समूह कंपनी में 45 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी।

केकेआर ने एक बयान में कहा कि इस निवेश के माध्यम से एचएफई को आने वाले समय में नए बाजारों में सौर, पवन, बैटरी भंडारण, और हरित हाइड्रोजन से संबंधित अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमताओं का विस्तार करने में मदद मिलेगी और इस तरह कंपनी निरंतर विकास के लिए अपनी स्थिति को और मजबूत बनाएगी।

इसके साथ ही समाधानों की अपनी श्रृंखला के माध्यम से एचएफई कंपनियों को उनके शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्थायी ऊर्जा स्रोतों की ओर डीकार्बोनाइज करने और इस दिशा में परिवर्तन के प्रयासों में भी सहायता कर सकेगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में स्थापित हीरो फ्यूचर एनर्जीज देश में एक प्रमुख स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी) है जो सौर और पवन परियोजनाओं के 1.6 गीगावॉट के विविध पोर्टफोलियो के साथ अपना कार्य परिचालन कर रहा है।

केकेआर के नेतृत्व में निवेश का यह दौर देश में ऊर्जा के क्षेत्र में परिवर्तन की गति में तेजी लाने में मदद करेगा।

यह अक्षय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के साथ वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन कम करने और वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए देश के महत्वपूर्ण प्रयासों को आगे बढ़ाता है। केकेआर के पार्टनर हार्दिक शाह ने कहा, "हम एचएफई की प्रबंधन टीम और हीरो समूह और आईएफसी सहित मौजूदा निवेशकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं ताकि एचएफई को विकास के अगले चरण को हासिल करने में मदद मिल सके और भारत और विश्व स्तर पर ऊर्जा संबंधी बदलावों से जुडत्रे प्रयासों में योगदान दिया जा सके।"

हीरो फ्यूचर एनर्जीज के चेयरमैन और प्रबंधन निदेशक राहुल मुंजाल ने कहा, "इस निवेश के साथ, हीरो फ्यूचर एनर्जी भारत में ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव में तेजी लाने और 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से देश की आधी बिजली पैदा करने के भारत सरकार के लक्ष्य में योगदान करने के लिए काम करेगी।"

### इलेक्ट्रोलक्स तथा प्लैनेट वाटर फाउंडेशन ने किया सहयोग

नयी दिल्ली। ग्लोबल अप्लायंस कंपनी इलेक्ट्रोलक्स एवं गैर लाभकारी संगठन प्लैनेट वाटर फाउंडेशन ने मिलकर भारत में स्वच्छ जल प्रदान करने हेतु सहयोग किया है। प्लैनेट वाटर फाउंडेशन ने भारत में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्रदान करने हेतु इस वैश्विक साझेदारी के विस्तार की घोषणा की है। इलेक्ट्रोलक्स एवं प्लैनेट वाटर फाउंडेशन दोनों ही बड़े संगठन हैं जिनके बीच साझेदारी 2019 में शुरू हुई थी और इनके वॉलिंटियर्स ने अभी तक कंबोडिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों में कई समुदायों में बेहतरीन वॉटर फिल्ट्रेशन सिस्टम लगाए हैं। इस साझेदारी के विस्तार के अंतर्गत अगस्त में महाराष्ट्र के ठाणे के अंदर शाहपुर में प्राथमिक विद्यालयों में दो प्लैनेट वाटर एक्वा पावर सिस्टम लगाए गए हैं।

### पेट्रोल व डीजल के दाम में कोई परिवर्तन नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे। कच्चे तेल की कीमतें तकरीबन 90डॉलर प्रति बैरल के करीब चल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज लंदन ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत बढ़कर 92.06 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 85.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में तीन महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर रहेगी सात प्रतिशत : सीईए

नयी दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने आज कहा किह चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की स्थिति में है। नागेश्वरन ने मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहा कि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति बना है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है लेकिन वास्तव में यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में और एक दशक तक भारत की आर्थिक विकास दर सात प्रतिशत के आसपास रह सकती है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इस वर्ष जनवरी में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8 से 8/5 प्रतिशत रहने की बात कही थी। रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष में इसके 7/2 प्रतिशत रहने का अनुमान जता चुका है। हालांकि श्री नागेश्वरन द्वारा आज दिये गये आंकड़े इससे कम है। देश में वित्तीय प्रौद्योगिकी के भविष्य का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस दिशा में हो बदलाव को आसानी से देखा जा सकता है। महामारी के बाद वित्तीय सेवाओं के पहुंच में बढोतरी हुयी है और ऋण, बीमा और निवेश को अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से गति मिल रही है। उन्होंने फिनटेक कंपनियों को आपस में पोर्ट करने पर भी बल दिया।

### कोटक महींद्रा बैंक ने शुरू किया एवरीडे सेविंग्स अकाउंट

मुंबई। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबीएल) ने मंगलवार को खास तरह का एवरीडे सेविंग्स अकाउंट (दैनिक बचत खाता) की शुरुआत कर दी है जो ग्राहकों को हर दिन खर्च और हर दिन बचत में मदद प्रदान करेगा। इस खाते में ग्राहक एक महीने में किसी भी मूल्य के 30 लेन-देन कर सकता है और मासिक राशि रखरखाव शुल्क माफ करवा सकता है या 20,000 रुपये का औसत मासिक राशि बनाए रखने का विकल्प चुन सकता है। यह खाता एक पावर-पैक एवरीडे रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड के साथ आता है जिससे ग्राहकों को मिंत्रा, स्विगी, वन एमजी, मेकमाईट्रिप, लिशियस जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर किराने का सामान, दवाएं, परिधान, भोजन वितरण, यात्रा जैसी सामान्य श्रेणियों पर हर दिन के ऑफर का लाभ मिल सकेगा। एवरीडे रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड ग्राहकों को रुपये की उच्च दैनिक सीमा प्रदान करता है। जिसमें भारत और विदेश में लेनदेन के लिए 3,00,000 और 1,00,000 रुपये की उच्च एटीएम निकासी सीमा है।

### मल्टीप्लेक्स का राजस्व बढ़ सकता है तीन गुना

मुंबई। मल्टीप्लेक्स चालू वित्त वर्ष में अपने राजस्व को तीन गुना बढ़ाने के लिए तैयार है जो पिछले वित्त वर्ष 2021-22 के निम्न-आधार प्रभाव से प्रेरित है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि महामारी के अंतराल के बाद वित्त वर्ष 2022-23 में अधिक लोग फिल्में देखने के लिए कतार में हैं। हलांकि ओटीटी प्लेटफॉर्म से प्रतिस्पर्धा के कारण मल्टीप्लेक्स की क्षमता भरने पर असर पड़ सकता है। एजेंसी के अनुसार, मल्टीप्लेक्स का राजस्व 6,000 करोड़ रुपये से अधिक या वित्त वर्ष 2019-20 के स्तर से 13-15 प्रतिशत अधिक के उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। मल्टीप्लेक्स में क्षमता में तेज सुधार के साथ इसके कारकों की एक तिकड़ी - औसत टिकट की कीमतों में वृद्धि, खाद्य और पेय पदार्थों (एफएंडबी) पर प्रति व्यक्ति अधिक खर्च और स्क्रीन के अतिरिक्त - से वृद्धि बढ़ने की उम्नीद है। बयान के अनुसार पहली तिमाही में आंकड़ें पूर्व-महामारी के स्तर पर वापस आ गया थे, यह पूरे वित्त वर्ष के लिए थोड़ा कम हो सकता है।

## चौतरफा लिवाली से बाजार ने भरी उड़ान

मुंबई। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और सेंसेक्स एवं निफ्टी एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 578.51 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की छलांग लगाकर 59719.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 194 अंक अर्थात 1.1 प्रतिशत उछलकर 17816.25 अंक पर पहुंच गया। निवेशकों की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में हुई लिवाली की बदौलत बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत चढ़कर 25,940.10 अंक और स्मॉलकैप 1.01 प्रतिशत मजबूत होकर 29,442.79 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3602 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2109 में लिवाली जबकि 1364 में बिकवाली हुई वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 42 कंपनियां हरे जबकि शेष आठ लाल निशान पर रही।

महंगाई को नियंत्रित करने के लिए स्वीडन के केंद्रीय बैंक के ब्याज दर में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी करने और इसी सप्ताह फेड रिजर्व और बैंक ऑफ इंगलैंड, बैंक ऑफ जापान समेत कई केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने के अनुमान के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेशक निवेश को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं। ऐसे में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02, जापान का निक्केई 0.44, हांगकांग का हैंगसेंग 1.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 प्रतिशत की मामूली बढ़त पर रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत उतर गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों की निवेशधारणा मजबूत रहने की बदौलत बीएसई के सभी 19 समूह चढ़ गए।

## शार्ट न्यूज

### सुब्रतो कप अंडर-17 गर्ल्स : बिहार,हरियाणा ने दर्ज की बड़ी जीत

नयी दिल्ली। आरकेएस गर्ल्स हाई स्कूल (बिहार) और जीएसएसएस अलखपुरा (हरियाणा) ने 61वें सुब्रतो कप में अंडर-17 बालिका वर्ग के ग्रुप चरणों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। आरकेएस गर्ल्स हाई स्कूल ने प्रतियोगिता के पहले दिन फाउंटेनहेड स्कूल (सूरत) को 11-0 से हराया और दूसरे दिन रिवरसाइड नेचुरल स्कूल (मध्य प्रदेश) को 14-0 से मात दी। जीएसएसएस अलखपुरा ने जीएचएसएस (अरुणाचल प्रदेश) को पहले दिन 6-0 और हातिमारी हाई स्कूल (पश्चिम बंगाल) को दूसरे दिन 7-0 से शिकस्त दी। पूल एच में भी पिछले दो दिनों में बड़े स्कोर वाले मैच देखे। नेशनल कैडेट कोर (इंफाल) ने दूसरे दिन कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल (दमन और दीव) के खिलाफ 25-0 की विशाल जीत दर्ज की। कोस्ट गार्ड पब्लिक स्कूल को पहले दिन सेंट जेवियर्स हाई स्कूल (कर्नाटक) से 14-0 की हार मिली थी। सेंट पैट्रिक हाई स्कूल (झारखंड) ने दूसरे दिन सेंट जेवियर्स हाई स्कूल (कर्नाटक) को 13-0 के स्कोर से हराया। इसी बीच, रिवरसाइड नेचुरल स्कूल (मध्य प्रदेश) ने केंद्रीय विद्यालय (देहरादून) के खिलाफ 9-0 से जीत हासिल की। राजकीय मॉडल उच्चतम माध्यमिक विद्यालय (चंडीगढ़) ने मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल (अजमेर) के खिलाफ 6-1 से जीत दर्ज की। जीएचएसएस (अरुणाचल प्रदेश) ने एमपी हिंदू इंटर कॉलेज (नैनीताल) को 3-0 से और केंद्रीय विद्यालय (देहरादून) ने फाउंटेनहेड स्कूल (सूरत) को 2-1 से हराया।

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के लिए सचिन, युवराज दून पहुंचे

देहरादून। भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 में चौकों-छक्कों की बरसात करने के लिये मंगलवार को देहरादून पहुंचे। भारत सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये आयोजित रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 लखनऊ और इंदौर से होते हुए देहरादून पहुंची है, जहां पहला मैच 21 सितंबर को खेला जायेगा। 22 सितंबर को भारतीय खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के लिए मंगलवार को इंडिया लीजेंड्स, श्रीलंका लीजेंड्स, इंग्लैंड लीजेंड्स व न्यूजीलैंड लीजेंड्स के खिलाड़ी देहरादून पहुंचे। सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया लीजेंड्स के खिलाड़ी चार्टेड प्लेन से देहरादून पहुंचे हैं। देहरादून में होने जा रहे क्रिकेट मैच को लेकर प्रदेशवासी उत्सुक हैं, वहीं मैच के लिए सोमवार को इंडिगो की फ्लाइट से इंदौर से चार देशों के 113 सदस्य देहरादून पहुंच गए थे। देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सभी सदस्य विभिन्न होटलों के लिए बसों एवं अन्य वाहनों से रवाना हुए।

### वियतनाम पसंदीदा, लेकिन भारत में हंग थिन्ह टूर्नामेंट जीतने की क्षमता : स्टिमक

कोलकाता। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कहा कि वियतनाम हंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट जीतने की सबसे मजबूत दावेदार है, लेकिन भारत भी टूर्नामेंट जीतने की क्षमता रखता है। भारत को हंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में मेजबान वियतनाम और सिंगापुर के खिलाफ दो मुकाबले खेलने हैं। स्टिमक ने कहा, हम निश्चित रूप से टूर्नामेंट जीतने में सक्षम हैं, लेकिन मुझे लगता है कि छोटी-छोटी चीजें हैं जो तय करती हैं कि कौन जीतेगा। जाहिर है, वियतनाम ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन के साथ काफी गति प्राप्त की है। उनके पास एक अच्छी टीम है और वे घर पर खेल रहे हैं। यही वजह है कि वे शायद पसंदीदा हैं, लेकिन हमारे पास एक अच्छा मौका भी है क्योंकि हमारे पास एक युवा टीम है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास उनकी बराबरी करने के लिए पर्याप्त गुण हैं, और अगर हम सकारात्मक रहते हैं और अच्छी मानसिकता के साथ खेलते हैं, तो हम ऐसा कर सकते हैं। यह हमारे लिए एक अच्छी चुनौती है, हालांकि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम अपने खिलाड़ियों को सही तरीके से मिश्रित करें। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कोई भी चोटग्रस्त न हो। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने टूर्नामेंट के लिये मंगलवार को 23-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा की। ब्लू टाइगर्स टीम में कुछ नये चेहरे भी हैं, हालांकि स्टिमक का कहना है कि जो खिलाड़ी टूर्नामेंट के लिये टीम का हिस्सा नहीं हैं उनके लिये दरवाजे बंद नहीं किये गये हैं।

### विश्व कप की तैयारी में प्रो लीग मुकाबले सहायक होंगे : मनदीप

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉर्वर्ड मनदीप सिंह ने मंगलवार को कहा कि एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/23 में न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ होने वाले मुकाबले विश्व कप की तैयारी में सहायक साबित होंगे। मनदीप ने कहा, एक बड़ी प्रतियोगिता से पहले मजबूत टीमों के खिलाफ खेलना हमेशा अच्छा होता है। एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/23 एक बार फिर विश्व कप के लिए खुद को तैयार करने में मददगार होगी, और हमें टूर्नामेंट से पहले खुद को परखने का मौका भी देगी। उल्लेखनीय है कि एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 अक्टूबर 2022 से छह नवंबर 2022 तक एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2022/23 के पहले चरण में न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ खेलेगी। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप का आयोजन ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर में 13 जनवरी 2023 से 29 जनवरी 2023 तक किया जायेगा। विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर की भारतीय टीम को पूल डी में इंग्लैंड, वेल्स और स्पेन के साथ रखा गया है। मनदीप ने टीम की तैयारियों के बारे में कहा, हमारे कोच ग्राहम रीड हमेशा हमें उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते हैं जो हमारे नियंत्रण में हैं, न कि उन पर जो हमारे नियंत्रण से परे हैं। हमारे पूल में कोई भी टीम हो, हम अपने कौशल और अपनी योजनाओं के अनुसार खुद को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### फ्रांसिस के दो गोल, वाटिका खिताब के करीब

नयी दिल्ली। वाटिका फुटबाल क्लब ने नाइजीरियाई फ्रांसिस ओकेचुकू के दो शानदार गोलों की बदौलत तरुण संघा को 4-1 से मात देकर पहली दिल्ली प्रीमियर लीग जीतने की तरफ मज़बूत कदम बढ़ाया। वाटिका के लिये बिजोय गोसाईं और नितेश शर्मा ने भी एक-एक गोल जमाया। पराजित टीम का इकलौता गोल श्याम कुमार ने किया। दिन के दूसरे मैच में भारतीय वायुसेना ने उत्तराखण्ड एफसी को 4-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच विश्वजीत हलदर ने दो शानदार गोल जड़े। सौरव साधुखान और सोमानंद सिंह ने एक-एक गोल बांटे। प्रीमियर लीग में सीधा प्रवेश पाने वाली वाटिका एफसी ने आज की जीत के साथ 18 मैचों में 38 अंक बना लिये हैं। दिल्ली एफसी ने 17 मैचों में 36 अंक जुटाए हैं। रॉयल रेंजर्स, गढ़वाल और सुदेवा पीछे-पीछे चल रहे हैं। वायुसेना और उत्तराखंड दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

### मंधाना ने सर्वश्रेष्ठ टी20 रैंकिंग हासिल की

दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ टी20 रैंकिंग हासिल कर ली है। आईसीसी की ओर से मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार मंधाना ने तीन मैचों की श्रृंखला में बनाये गये 111 रन की बदौलत टी20 में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ टी20 रैंकिंग है। साथ ही, मंधाना ने पहले एकदिवसीय मैच में खेली गयी 91 रन की सहायता से एकदिवसीय रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगायी और अब वह सातवें स्थान पर हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर एकदिवसीय मैचों में चार पायदान की बढ़त के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा एक पायदान के फायदे से 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं। विकेटकीपर यास्तिका भाटिया ने शनिवार को होव में भारत की सात विकेट से जीत के बाद एकदिवसीय रैंकिंग में आठ स्थान चढ़कर 37वां स्थान हासिल किया है।

# आईसीसी ने लार पर प्रतिबंध को स्थायी किया

दुबई। वैश्विक क्रिकेट की नियामक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को खेल के नियमों में बदलाव करते हुए लार के प्रयोग पर स्थायी प्रतिबंध लगा दिया। आईसीसी ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि सौरव गांगुली के नेतृत्व वाली पुरुष क्रिकेट समिति ने महिला क्रिकेट समिति की सहमति के साथ एमसीसी की क्रिकेट नियमों की 2017 संहिता (तीसरा संस्करण) में बदलावों की सिफारिश की थी, जिसे मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) ने मंजूरी दी। नये नियम एक अक्टूबर 2022 से लागू होंगे और 16 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में भी प्रयोग में लिये जायेंगे।

आईसीसी ने कहा कि जून 2020 में लार के प्रयोग पर लगाये गये प्रतिबंध को स्थायी कर दिया गया है। कोरोना महामारी के कारण क्रिकेट को बायो-बबल के भीतर कर दिया गया था और गेंद को चमकाने के लिए लार के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया था। आईसीसी ने दो साल की अवधि के बाद इस प्रतिबंध को स्थायी बनाने का फैसला किया, जबकि बायो-बबल अब अनिवार्य नहीं हैं।

नये नियमों के अनुसार जब कोई बल्लेबाज कैच आउट होगा तो नया बल्लेबाज ही स्ट्राइक लेगा, भले ही पिछले दोनों बल्लेबाज विपक्षी टीम के खिलाड़ी के कैच लेने से पहले रन लेते समय एक दूसरे को पार कर गये हों।




यह नियम मार्च 2022 में दुनिया के सामने आ गया था और एक अक्टूबर से आधिकारिक रूप से अमल में लिया जायेगा।

आईसीसी ने क्रीज से बाहर निकले नॉन-स्ट्राइकर बल्लेबाज को रनआउट करने को अनुचित खेल से हटाकर रनआउट श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया है। आउट करने की इस पद्धति को अब मांकडिंग की जगह नियमित रनआउट माना जायेगा।

आईसीसी ने नये बल्लेबाज को क्रीज पर आने के लिये मिलने वाले समय को भी कम किया है। पहले एकदिवसीय और टेस्ट मैच में एक बल्लेबाज के पास विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आने और स्ट्राइक लेने के लिए तीन मिनट का समय होता था। नये नियमों के अनुसार, दोनों प्रारूपों में बल्लेबाज को विकेट गिरने के दो मिनट के भीतर स्ट्राइक लेनी होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह समय पूर्व की तरह 90 सेकंड ही रहेगा।

समिति की सिफारिशों के आधार पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में धीमी ओवर गति के लिये पेश की गयी इन-मैच पेनल्टी को एकदिवसीय मैचों में भी लागू करने का फैसला किया गया है।

जनवरी 2022 में लागू किये गये नियम के अनुसार एक फील्डिंग टीम पारी के अंत के लिए निर्धारित या पुनर्निर्धारित समय तक अंतिम ओवर की पहली गेंद फेंकने की स्थिति में होनी चाहिए। यदि वे ऐसी स्थिति में नहीं है तो शेष पारी के लिए 30 गज के दायरे के बाहर एक कम फील्डर को अनुमति दी जाएगी। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग 2023 के पूरा होने के बाद अब यह नियम एकदिवसीय क्रिकेट में भी अपनाया जाएगा।

नये नियमों के तहत जब गेंदबाज गेंदबाजी करने के लिए दौड़ रहा हो तो मैदान पर कोई भी अनुचित या जानबूझकर किये गये बदलाव फील्डिंग टीम पर पांच रन का दंड लगवा सकते हैं और बॉल को डेड भी घोषित किया जा सकता है। साथ ही, यदि कोई बल्लेबाज गेंद खेलने के लिए पिच की सीमा से बाहर निकलता है, तो उसे नो-बॉल माना जाएगा।

गांगुली ने सिफारिशों के बारे में कहा, आईसीसी क्रिकेट समिति की मेरी पहली बैठक की अध्यक्षता करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। मैं समिति के सदस्यों के योगदान से प्रसन्न था जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण सिफारिशें की गयीं। मैं सभी सदस्यों को उनके बहुमूल्य सहयोग और सुझावों के लिए धन्यवाद देता हूं।

## न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप टीम में मिल्ने को शामिल किया

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये मंगलवार को 15 सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को शामिल किया गया है।

मिल्ने को पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टी20 विश्व कप के लिये चोटग्रस्त लोकी फर्ग्यूसन की जगह टीम में शामिल किया गया था। 31 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 32 विकेट लेने वाले मिल्ने, फर्ग्यूसन, टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट के साथ कीवी टीम के प्रमुख गेंदबाज हैं, हालांकि एड़ी की चोट के कारण वह पिछले कुछ दौरों पर टीम का हिस्सा नहीं थे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि वह टी20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान और बंगलादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिल्ने के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे, हालांकि उन्हें विश्वास है कि तेज गेंदबाज विश्व कप के लिये पूरी तरह तैयार होंगे। स्टीड ने कहा, हमने एडम और उसके आसपास के चिकित्सा दल के साथ बहुत सारी बातचीत की है। हमें विश्वास है कि अगर उसके लिए सब कुछ ठीक रहा तो वह त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पहले से उपलब्ध होगा। मुझे लगता है कि अंततः मिल्ने के सामने यह सुनिश्चित करने के लिये एक अंतिम परीक्षा है कि वह उस स्थिति में है जैसी स्थिति में हम उसे चाहते हैं। हमें विश्वास है कि वह तैयार होगा और इसलिए उसे चुना गया।

15-खिलाड़ियों की टीम में फिन एलन और माइकल ब्रेसवेल भी शामिल हैं जो अपने पहले विश्व कप में दिखाई देंगे। डेवोन कॉनवे टीम के विकेटकीपर होंगे जबकि मार्क चैपमैन और ईश सोढ़ी ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। कप्तान केन विलियमसन की टीम के पास विकेटकीपर के रूप में कॉनवे का कोई विशिष्ट विकल्प नहीं है, हालांकि स्टीड ने संकेत दिया कि एलन या ग्लेन फिलिप्स यह किरदार निभा सकते हैं।

## ग्रीन, वेड ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से जिताया

मोहाली। ऑस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन (61) के विस्फोटक अर्द्धशतक और मैथ्यू वेड (46 नाबाद) की आतिशी पारी की बदौलत भारत को पहले टी20 मैच में मंगलवार को चार विकेट से मात दी।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 208 रन बनाये थे, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने चार गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

मोहाली के बड़े मैदान में 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया को विस्फोटक शुरुआत दिलायी। बीच के ओवरों में ग्लेन मैक्सवेल (01) और जॉश इंग्लिस (17) का विकेट जल्दी गिरने के बाद भारत के लिये कुछ उम्मीदें जगीं, लेकिन मैथ्यू वेड ने डेब्यूटांट टिम डेविड (18) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को जीत तक पहुंचाया। वेड ने अपनी मैच जिताऊ पारी में सिर्फ 21 गेंदें खेलकर छह चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 45 रन बनाये। आखिरी गेंद पर पैट कमिंस ने चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को विजय दिलायी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया और रोहित शर्मा (11) एवं विराट कोहली (02) के जल्दी आउट होने के बावजूद भारत ने विस्फोटक बल्लेबाजी के साथ पावरप्ले में 46 रन जोड़े।




राहुल ने स्ट्राइक रेट से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए 35 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 55 रन बनाये, और सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार ने आउट होने से पहले 25 गेंदों पर दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 46 रन की पारी खेली।

राहुल (12वां ओवर) और सूर्यकुमार (14वां ओवर) का विकेट गिरने के बाद अक्षर पटेल भी 16वें ओवर में छह रन बनाकर आउट हो गये। दिनेश कार्तिक (06) भी महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके, लेकिन हार्दिक पांड्या ने अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जमाते हुए भारत को 200 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। पांड्या ने 30 गेंदों पर सात चौकों और पांच छक्कों की बदौलत ताबड़तोड़ 71 रन बनाये, जिसमें आखिरी ओवर में लगाये गये तीन छक्के शामिल थे। हार्दिक की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अंतिम पांच ओवर में 67 रन जोड़ते हुए 20 ओवर में 208 रन बनाये।


भारत ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का आंकड़ा पार किया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेथन एलिस ने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि जॉश हेजलवुड को दो और कैमरन ग्रीन को एक विकेट प्राप्त हुआ।

कप्तान आरोन फिंच और ग्रीन की सलामी जोड़ी ने 209 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को विस्फोटक शुरुआत दिलायी और पहले विकेट के लिये 21 गेंदों पर 39 रन की साझेदारी की। पारी की शुरुआत छक्के से करने वाले फिंच ने 13 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये।

# म्यांमार के स्कूल में सेना ने हेलिकॉप्टर से बरसाई गोलियां, 7 स्टूडेंट समेत 13 की मौत

नाएप्यीडॉ। म्यांमार में सेना के हेलिकॉप्टर ने एक स्कूल में फायरिंग कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्कूल में मौजूद कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई जिसमें 7 स्टूडेंट शामिल हैं। यह स्कूल एक बौद्ध मठ में स्थित था। जानकारी के मुताबिक फायरिंग में 17 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। केंद्रीय सागैंग इलाके में स्थित स्कूल में सेना ने हमला किया था। सेना का कहना है कि स्कूल में विद्रोही छिपे हुए थे।

सेना के हमले के बाद कुछ बच्चे तत्काल ही मर गए वहीं कुछ तब मारे गए जब सैनिक गांव में घुस गए। स्कूल से 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कस्बे में मारे गए लोगों को दफना दिया



गया। सेना की तरफ से दावा किया गया है कि पहले विद्रोहियों ने गोलीबारी शुरू की थी। इसके बाद जवाब दिया गया। गांव में करीब एक घंटे तक गोलियां चलीं। स्कूल की ऐडमिनिस्ट्रेटर मार मार के मुताबिक वह कोशिश कर रही थीं कि बच्चों को सुरक्षित स्थान पर छिपाया जाए। तभी चार एमआई-35 हेलिकॉप्टर पहुंच गए। इनमें से दो ने गोलीबारी शुरू कर दी। स्कूल पर मशीन गन और भारी हथियारों से गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा, जब तक शिक्षकों और छात्रों ने क्लासरूम में जाने की कोशिश की और सात साल का बच्चा और टीचर गोली का शिकार हो चुके थे। उनका खून बह रहा था और पट्टी बांधकर खून रोकने की कोशिश की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि फायरिंग रुकने के बाद सेना ने कहा कि सभी लोग बाहर आ जाएं। कम से कम 30 छात्रों को गोली लगी थी। किसी की पीठ पर, किसी की गर्दन पर और किसी की जांघ में गोली लगी थी। वहां की मीडिया ने रिपोर्ट किया कि पीपल्स डिफेंस फोर्स के सदस्यों के छिपे होने की सूचना पर सेना स्कूल में जांच करने गई थी। बता दें कि जब से म्यांमार में तख्तापलट हुआ है अकसर सेना के हमले में आम नागरिक मारे जाते हैं। एक साल में करीब 2 हजार लोग मारे गए हैं। वहीं 12 हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## भारत ने श्रीलंका की मदद के लिए जतायी प्रतिबद्धता

कोलंबो। भारत ने मंगलवार को कहा कि श्रीलंका 1948 में आजादी के बाद से अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है और वह उसकी मदद के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय उच्चायोग ने उन मीडिया रिपोर्टों पर यह टिप्पणी की जिसमें कहा गया था कि भारत श्रीलंका को अब और कोई वित्तीय सहायता नहीं देगा। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा कि भारत ने श्रीलंका के लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए इस वर्ष लगभग चार अरब डॉलर की अभूतपूर्व द्विपक्षीय सहायता प्रदान की थी। भारत ने अन्य द्विपक्षीय और बहुपक्षीय भागीदारों की भी वकालत की है जो श्रीलंका को उसकी मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों से तेजी से समर्थन दे रहे हैं। बयान में कहा गया है कि भारत ने हरसंभव तरीके से, विशेष रूप से श्रीलंका में प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा देकर उसका सहयोग जारी रखा है, ताकि इसकी शुरुआती आर्थिक सुधार और विकास हो सके।

## ताइवान के बाद भूकंप के 7.7 तीव्रता के झटके से दहला मेक्सिको; 1 व्यक्ति की मौत, सुनामी की चेतावनी

एजेंसी

मेक्सिको सिटी। भूकंप के जोरदार झटके ने ताइवान के बाद अब मेक्सिको को दहला दिया है। मेक्सिको के मध्य प्रशांत तट पर 7.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, राहत और बचाव टीम ने एहतियात के तौर पर कई इमारतों को खाली करा लिया है। इसके साथ ही सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है।

अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके से धरती कांपी। भूकंप का केंद्र एक्विला से 37 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कोलिमा और मिचोआकन राज्यों की सीमा के पास 15.1 किलोमीटर की गहराई में था। शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 7.5 बतायी गई थी। मालूम हो कि मेक्सिको में 1985 और 2017 में भी इसी दिन (19 सितंबर) भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।



### ताइवान में भूकंप के चलते 1 मजदूर की मौत

दूसरी तरफ, ताइवान में आए तेज भूकंप के दौरान पहाड़ पर फंसे करीब 400 पर्यटक सुरक्षित नीचे उतर आए हैं। रविवार दोपहर में ताइवान में 6.8 की तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें चार व्यक्ति तीन मंजिला इमारत ढहने से मलबे के नीचे दब गए, जिन्हें बाद में सुरक्षित निकाल लिया गया। एक ट्रेन बेपटरी हो गई जबकि एक पुल को भी भूकंप से नुकसान पहुंचा। वहीं सीमेंट कारखाने में काम करने वाले एक मजदूर की मौत हो गई।

### पहाड़ पर फंसे पर्यटक नीचे उतरे

भूकंप का केंद्र पूर्वी हुआलीन काउंटी में स्थित था, लेकिन झटके पूरे ताइवान में महसूस किए गए। रविवार रात से सोमवार सुबह तक द्वीप पर हल्के झटके (ऑफ्टर शॉक) आते रहे, हालांकि इनमें से कोई भी अधिक गंभीर नहीं था। खबर के अनुसार फंसे हुए पर्यटक रात के दौरान पहाड़ से नीचे उतर आए, जिसमें से अंतिम 90 सोमवार को नीचे उतरे। परिवहन मंत्री ने हुलिएन काउंटी ने कहा कि भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुए पटरी के कुछ हिस्सों को ठीक होने में एक महीने तक का समय लगेगा।

### तुर्की में 10 आईएस संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

अंकारा। तुर्की में पुलिस ने मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर सहित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 10 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। तुर्की पुलिस ने चार प्रांतों में चलाए गए सुरक्षा अभियानों में आईएस के इन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सेना ने बताया कि ये आईएस आतंकवादी सीरिया की सीमा पर स्थित गाजियांटेप प्रांत से गिरफ्तार किए गए। ये लोग अवैध रूप से तुर्की में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इनमें से सात संदिग्ध अंकारा के मध्य प्रांतों में रहने वाले जबकि तीन अन्य संदिग्ध कोन्या, कायसेरी और गाजियांटेप प्रांतों में रहने वाले हैं। ये सभी विदेशी नागरिक हैं जिन्हें पुलिस अभियान में एक साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए आईएस संदिग्धों की पहचान उनके पास से मिले डिजिटल सामग्रियों और कुछ तस्वीरों के माध्यम से की है। पुलिस ने कहा कि संदिग्धों ने सशस्त्र गतिविधियों को अंजाम दिया था। पुलिस की छापेमारी के दौरान उनके पास से बड़ी मात्रा में डिजिटल सामग्री और संगठनात्मक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। तुर्की सरकार द्वारा 2013 में आईएस को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था और आईएस को 2015 से तुर्की में हो रहे घातक हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है।

### नासा लैंडर ने मंगल ग्रह पर भूकंपीय तरंगों का लगाया पता

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के इनसाइट मार्स लैंडर ने पिछले दो वर्षों में मंगल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई चार अंतरिक्ष चट्टानों से भूकंपीय तरंगों का पता लगाया है। नासा के अनुसार, इसने न केवल 2018 में लाल ग्रह पर इनसाइट के छूने के बाद से अंतरिक्ष यान के सीस्मोमीटर द्वारा खोजे गए पहले प्रभावों का प्रतिनिधित्व किया है बल्कि पहली बार मंगल ग्रह पर प्रभाव से भूकंपीय और ध्वनिक तरंगों का भी पता लगाया है। प्रभाव इनसाइट के स्थान से 53 और 180 मील (85 और 290 किलोमीटर) के बीच था। मंगल का एक क्षेत्र जिसे एलिसियम प्लैनिटिया भी कहा जाता है। नासा के अनुसार चार पुष्टि किए गए उल्कापिंडों (अंतरिक्ष चट्टानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द) में से पहला पांच सितंबर, 2021 को मंगल के वायुमंडल में प्रवेश किया, कम से कम तीन शार्क में विस्फोट हुआ, जिनमें से प्रत्येक ने एक गड्ढा छोड़ दिया। अन्य तीन प्रभाव 2020 के 27 मई, 2021 के 18 फरवरी और 2021 के 31 अगस्त को हुए। अब तक पुष्टि किए गए चार उल्कापिंड प्रभावों ने 2.0 से अधिक की तीव्रता वाले छोटे भूकंप उत्पन्न किए हैं। नासा के अनुसार भूकंप और भूकंपीय संकेत वैज्ञानिकों को मंगल की पपड़ी, मेंटल और कोर का अध्ययन करने के लिए सुराग देंगे।

### न्यूजीलैंड में ताउपो ज्वालामुखी चेतावनी का स्तर एक तक पहुंचा

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में मंगलवार को ताउपो ज्वालामुखी के चेतावनी स्तर को पहली बार बढ़ाकर एक कर दिया गया है। न्यूजीलैंड में भूवैज्ञानिक खतरे की जानकारी प्रदान करने वाले जियोनेट के अनुसार यह पहली बार है जब ज्वालामुखी अलर्ट के स्तर को बढ़ाकर एक किया गया है, लेकिन ताउपो ज्वालामुखी के सक्रिय होने का यह पहला मामला नहीं है। जियोनेट ने एक बयान में कहा, पिछले 150 वर्षों में ताउपो ज्वालामुखी 17 बार सक्रिय हुआ है और इनमें से कई मामले वर्तमान मामले से ज्यादा गंभीर रहे हैं। जीएनएस ज्वालामुखी विज्ञान के टीम लीडर निको फोरनियर के अनुसार इनमें से कोई भी घटना या कई घटनाएं इनका लिखित जानकारी रखने से पहले 1,800 वर्ष पूर्व हुए होंगे। श्री फोरनियर ने कहा कि ताउपो ज्वालामुखी में आखिरी विस्फोट 232 ईस्वी के आसपास हुआ था और किसी एक वर्ष में ताउपो ज्वालामुखी में विस्फोट की संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने कहा कि ताउपो ज्वालामुखी में हलचल की मामूली घटना मई 2022 से चल रही है, जिसका कारण भूकंप और भूमि विकृति है। उन्होंने कहा कि ताउपो झील के मध्य भाग के नीचे लगातार भूकंप आ रहे हैं और झील के नीचे चार से 13 किमी की गहराई में लगभग 700 मामूली भूकंप आ चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव सदाबहार कॅरिअर

**जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती।**

गला काट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार मे टिके रहने के लिए कंपनिया विपणन नीति का सहारा ले रही हैं। इससे दवा कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। भूमंडलीकरण ने इस प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है। जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती है जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती। लिहाजा इस क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर अवसर खुल रहे है।

मेडिकल रिप्रिजेंटिव के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यार्थी को विज्ञान स्नातक होना आवश्यक है। लेकिन फार्मेसी में डिग्री और डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी को सभी दवा कंपनी प्राथमिकता देती हैं। हालाकि इस क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए डिग्री से ज्यादा धैर्य, लगन तथा वाकपटुता की जरूरत होती है। इसके साथ ही आकर्षक व्यक्तित्व, बातचीत से दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता और सकारात्मक सोच का होना भी जरूरी है।

एक मेडिकल रिप्रिजेंटिव यानी एमआर का काम मेडिकल व्यवसाय से जुड़े, व्यवसायियों, चिकित्सकों से संपर्क कर अपनी कंपनी द्वारा उत्पादित दवाओं की गुणवत्ता बताना होता है। उन्हें इस तरह समझाना होता है कि चिकित्सक रोगियों को उन्हीं की कंपनी की दवा लिखे। एक एमआर को अपनी कंपनी की उत्पादित तमाम दवाओं की जानकारी रखना होता है और चिकित्सकों और व्यवसायियों को बताना होता है। यानी वह कंपनी और व्यवसायियों के बीच एक पुल का काम करता है। एक तरह से उसके कंधे पर कंपनी की सफलता की पूरा दारोमदार टिका हुआ है।

एक एमआर को वेतन उसकी योग्यता और कंपनी के स्तर के आधार पर मिलता है। शुरुआत में एक एमआर को 5 से लेकर 15 हजार रुपए तक मिलते है। इसके अलावा वाहन, यात्रा भत्ता, हाउसिंग और सुविधाएं अलग से मिलती है। देश के कई संस्थानों में मेडिकल प्रशिक्षण और फार्मा मार्केटिंग मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फार्मेसी और डिप्लोमा इन फॉर्मेसी के कोर्स कराए जाते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं–

- हमदर्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मदनगीर, दिल्ली।
- कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, पुष्प विहार, महरौली, दिल्ली।
- महिला पॉलीटेक्निक, महारानीबाग, नई दिल्ली।
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- बॉम्बे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मुंबई, महाराष्ट्र।
- बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अनिसाबाद, पटना, बिहार।

# सफलता का आईना हो आपका रिज्यूमे

**नौकरी प्राप्त करने का पहला कदम रिज्यूमे प्रेषित करना होता है। आपका रिज्यूमे आपकी सफलता का आईना हो, जिसमें सब कुछ स्पष्ट दिखे। वह केवल आपकी सफलता ही नहीं, बल्कि आपके कार्य-इतिहास के बारे में भी सब कुछ कहे, ताकि नियोक्ता को कहीं कोई शंका न रह जाए।**

आज के प्रतिस्पर्धा भरे माहौल में आपको दूसरों से अलग बनाती हैं आपकी सफलताएं। यहां हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, ताकि आपके रिज्यूमे में आपकी सफलताएं भली-भांति प्रदर्शित हों। जहां प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है, वहां केवल योग्यता और कार्यानुभव के दम पर अच्छी नौकरी पाना आसान नहीं है। ऐसे में आपकी छोटी-बड़ी सफलताएं ही हैं, जो आपको अन्य लोगों से आगे रखती हैं। आप किसी कंपनी के लिए कितने तरीके से लाभदायी सिद्ध हो सकते हैं, इस बात को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसे बताने के लिए जरूरी है कि आपका रिज्यूमे बेहतरीन तरीके से तैयार किया जाए, जो आपको साधारण आवेदक की श्रेणी से विशेष की श्रेणी में पहुंचाएगा।

उत्तरदायित्वों को पेश करें

अपना रिज्यूमे तैयार करने का एक बढ़िया तरीका है कि आप शब्दों का चयन चतुराई से करें। यहां तक कि जब आप अपने कार्य उत्तरदायित्वों की बात करें तो उन्हें ऐसे पेश करें कि वे आपकी सफलताएं नजर आएं। मिसाल के तौर पर..

पहले- उत्तरी क्षेत्र में सेल्स की जिम्मेदारी।

अब- समूचे उत्तरी क्षेत्र के सेल्स प्रमुख।

देखिए कैसे 'जिम्मेदारी' की जगह 'प्रमुख' क्रिया का इस्तेमाल करते ही रिज्यूमे आपकी जो छवि बनाता है, उसमें कितना अंतर दिखाई देने लगा है। अगर एक रिज्यूमे में सिर्फ आपके उत्तरदायित्वों का ही जिक्र होता है तो किसी भी कंपनी को यह बिल्कुल समझ में नहीं आता कि आप असल में करते क्या थे! साथ में उन्हें बमुश्किल ही पता चल पाता है कि आप उनके लिए क्या कर सकते हैं। इस बात का खास ख्याल रखें कि अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को बताने के लिए दमदार क्रिया-शब्दों जैसे लेड, इनीशिएटेड, स्पीयरहेडेड, कंट्रोल्ड, एक्सेलरेटेड, अटेंड, कॉन्सेप्चुलाइज्ड, कंडक्टेड, डिवाइस्ड, डायरेक्टेड, ड्राफ्टेड, एक्जीक्युटेड, एन्हैंस्ड, एस्टेब्लिश्ड आदि का इस्तेमाल करें। इन शब्दों के माध्यम से आपकी छवि एक सक्रिय कर्मचारी की बनेगी और कंपनी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जब आप यह कहेंगे कि आपको क्या हासिल हुआ, बजाए इसके कि आप क्या संभालते थे तो आपकी छवि एक उत्तरदायी और पहल करने वाले कर्मचारी के रूप में बनेगी, न कि सिर्फ ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो केवल दिया हुआ काम ही पूरा करता है।

जिम्मेदारियों के बारे में बताएं

किसी कंपनी को यह बताना भी बेहद महत्वपूर्ण है कि आप अपने काम को कितने अच्छे तरीके से संभालते हैं। इसके लिए भी आपको 'रिस्पॉन्सिबल फॉर' से कुछ अधिक कहना होगा, जैसे..

पहले- कंपनी में एमआईएस इंटरफेस की जिम्मेदारी।

अब- नए मार्केट्स की तलाश और क्लाइंट्स को बेहतर सेवा देने के लिए एमआईएस के साथ तकनीकी तरक्की के लिए कार्य (इंटरफेस)।

पहले जो रिज्यूमे में लिखा गया है, उससे कंपनी के दिमाग में यह बात स्पष्ट नहीं होती कि आप कितने प्रभावी तरीके से अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे, वहीं दूसरे मामले में 'इंटरफेस' शब्द ने आपको एक सक्रिय आवेदक के रूप में प्रस्तुत किया है। इस तरह किसी भी कार्य के साथ जुड़ने ने यह दिखा दिया है कि आपका इसमें क्या योगदान रहा और यही आपकी सफलता भी है। साथ ही इससे कंपनी को यह भी समझ में आ गया कि भविष्य में आप किस प्रकार से उन्हें योगदान दे सकते हैं। दरअसल हम एक बेसिक रिज्यूमे में अपने संपर्क की जानकारी, अपना उद्देश्य, अपने बारे में जानकारी, कार्यानुभव, अतिरिक्त गतिविधियां और दूसरी जानकारी देने में काफी जल्दबाजी करते हैं। हम अक्सर ऐसी जगह आकर रुक जाते हैं, जहां हमें वास्तव में अपनी वर्तमान कंपनी में अपने योगदान का जिक्र करना चाहिए।

एक दमदार रिज्यूमे का मुख्य तत्व 'प्रमाण' होता है। प्रमाण इस बात का कि आपने रिज्यूमे में जो कुछ भी कहा है, आप उसकी इज्जत रखेंगे – और यह प्रमाण आपके वाइटल स्टेटस में होता है, जिसमें तथ्य व आंकड़े या परिणाम दर्शाने वाले कथन होते हैं। ये सब आपके वर्तमान कार्य को दर्शाते हैं व आपको एक सफल व कार्य करने के इच्छुक कर्मी के रूप में साबित करते हैं।



# जब भटक जाए करियर प्लान

कॉलेज डिग्री के बाद आप कॉर्पोरेट जगत में अपना प्रोफेशनल जीवन शुरू करते हैं। इसके लिए आप इंटरव्यू की तैयारियां भी पूरे मनोयोग से करते हैं, जहां 'आप पांच वर्ष में खुद को कहां देखते हैं?' जैसे प्रश्नों की आप खास तैयारी करते है। लेकिन पांच या दस वर्ष बाद आपकी महत्वाकांक्षाएं कितनी पूरी हो पाती हैं? क्या आप अपनी प्रगति से संतुष्ट होते हैं या आपको लगता कि यदि एक और मौका मिले तो आप अपने प्रयास कुछ अलग तरीके से करना चाहेंगे? जब करियर लक्ष्य पूरे न हों तो निराशा होनी स्वाभाविक होती है; फिर जरूरी हो जाता है कि आप अपनी मौजूदा स्थिति का आकलन करें और करियर ग्राफ को ऊपर ले जाने के लिए भावी योजना की रूपरेखा एक बार फिर तैयार करें।

**निराशा से जूझना** – क्या शुरुआत में वह नौकरी आपके हाथ से निकल गई थी जिसे आप सचमुच प्राप्त करना चाहते थे, और क्या आपका मौजूदा कार्य आपको तरक्की करने के पूरे मौके नहीं दे रहा और क्या कोई नया ऑफर भी आपकी ओर नहीं आ रहा, या फिर कई नौकरियां बदलने के बावजूद आप वहां नहीं पहुंच पा रहे जहां पहुंचने की आपने उम्मीद की थी, और इन सबके अलावा अर्थव्यवस्था का कठिन दौर भी आपके खिलाफ जा रहा है?

कई बार आपके सच्चे प्रयासों के बाद भी परिस्थितियां शुरू से ही आपके विपरीत रहती हैं। फिर भी, यहां यह ध्यान रखना होगा कि आप जो रास्ता पार कर चुके हैं, उस पर आप वापस तो नहीं जा सकते, लेकिन भविष्य की तैयारी अपने अनुसार जरूर कर सकते हैं।



**पुनर्प्रयास** – तो यदि आपको लगता है कि आपके करियर चार्ट में कुछ कमी है तो उसका सही **आकलन करें** – क्या यह वह बुनियादी हुनर है जिसकी कमी से आप बड़ी परियोजनाओं का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं या कोई सॉफ्ट स्किल है जो महत्वपूर्ण कार्य संबंधों को आपसे दूर रख रहा है? इसके बाद, उपरोक्त कमियों को दूर करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण के बाद की परिस्थितियों का भी आकलन करें। यह भी जरूरी है कि आप अपने करियर के मौजूदा दौर में प्रशिक्षण की महत्ता को समझो।

**फोकस बदलें** – आपने अपनी सारी ऊर्जा एक ही दिशा में लगा दी थी, परंतु वह आपके काम नहीं आई। तो अब समय आ गया है कि आप आगे बढ़ें और अन्य दिशाओं में अपने प्रयास शुरू कर दें। इसका मतलब करियर की दिशा में परिवर्तन नहीं होता, बल्कि मौजूदा कार्य के साथ नई जिम्मेदारियां उठाना, जिनमें आपको कुछ नए हुनर सीखने की जरूरत हो। याद रखें कई बार विपरीत परिस्थितियों में नए अवसर छुपे होते हैं; एक अदद निराशा को अपने समूचे करियर को नुकसान न पहुंचाने दें।

**खुद पर भरोसा** – दुविधा के समय अपने निर्णयों पर सवाल करना अक्सर एक प्राकृतिक क्रिया होती है; परंतु जरूरी है कि अपनी सोच और क्षमताओं पर विश्वास डगमगाना नहीं चाहिए। गलत नौकरी या विपरीत परिस्थितियों का शिकार होना ही आपके बारे में नहीं बताता। इसलिए, अपनी जमीन पर जमें रहें।

# कैसे पाएं प्रोमोशन

**अप्रेजल का समय आने को है। इसके बहाने आप अपने कार्य की समीक्षा स्वयं भी कर सकते हैं। तो शुरुआत कीजिए इस कार्य की जो आपको इस वर्ष तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ाने जा रहा है। बता रहे हैं जोल गार्फिकल**

फर्ज करें आपके बॉस, आपके बॉस के बॉस और अन्य कंपनी एग्जीक्यूटिव्स एक साथ बैठकर आपके बारे में विचार कर रहे हो। इस दौरान वह आपके कार्य चरित्र, आपकी लीडरशिप क्वालिटीज, आपके प्रोजेक्ट्स, आपके अधीनस्थों, आपके द्वारा प्राप्त नतीजों और गत वर्ष के दौरान आपकी परफॉरमेंस के बारे में चर्चा करते हैं। यह समिति एक बहुत महत्वपूर्ण नतीजा लेती है– आपको तरक्की मिलनी चाहिए या नहीं ? बेशक आपके संस्थान में इस कार्य से जुड़ा कोई अनौपचारिक तरीका न हो, लेकिन इस तरह की प्रक्रिया कमोबेश प्रत्येक छोटी या बड़ी कंपनी में होती है। दरअसल, इस प्रक्रिया के दौरान कुछ ऐसा होता है- प्रत्येक मैनेजर अपनी पसंद के प्रत्याशी को तरक्की प्राप्त करने के सबसे बड़े उम्मीदवार के तौर पर पेश करता है। उस समय समिति के अन्य सदस्य यह जानना चाहते हैं कि ऐसा क्यों है।

इसलिए ऐसे समय आपको एक ऐसे मैनेजर का सहयोग होना चाहिए जो आपके बारे में सही छवि पेश कर सके। आपके मैनेजर के साथ अन्य ऐसे मैनेजर्स और एग्जीक्यूटिव्ज भी होंगे जिन्होंने आपके साथ काम किया है, वह भी अपने विचार रखेंगे। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि वह आपका सकारात्मक और असरकारी रूप सामने रखें। जाहिर है जब प्रत्येक मैनेजर अपने प्रत्याशी के पक्ष में बात सामने रखेगा, उस समय प्रतिस्पर्धा बहुत सख्त हो जाएगी। प्रत्याशियों की संभावी तरक्की के बारे में अधिकारियों के बीच यह मंत्रणा ईमानदार और कड़वी भी हो सकती है। यदि आपको कोई पसंद नहीं करता, तो वह भी ऐसे समय स्पष्ट हो जाता है। कई बाद हालात उस समय सचमुच बिगड़ जाते हैं जब अपने प्रत्याशी को किसी भी कीमत पर तरक्की दिलाने पर उतारू कोई मैनेजर अन्य प्रत्याशियों की बढ़-चढ़ कर बुराइयां करने लगता है। तो तरक्की पाने का आपका मौका तब अधिक होता है जब आपको –

- हाई परफॉरमेंस रिव्यूज मिले हों।
- आपने दिए गए सभी लक्ष्य प्राप्त कर लिए हों।
- आपने भावी सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने की शुरुआत कर दी हो।
- आपने टीम के कार्य पूरे कर दिए हों।
- कंपनी को बचत करने की विधि बताई हो।
- अतिरिक्त कार्यों की जिम्मेदारी ली हो।
- नए संबंध स्थापित किए हों।
- कार्य के दौरान ज्यादा देर तक काम किया हो।

परंतु कुछ बिंदु आपके खिलाफ भी जा सकते हैं यदि –

- समिति में सब आपको, आपके कार्य और उपलब्धियों से परिचित न हों।
- मंत्रणा के दौरान यदि ज्यादा लोगों ने आपके पक्ष में न बोला हो।
- आप दफ्तर की राजनीति से दूर रहते हों यानी आप समूचे 'खेल का हिस्सा' न हों।
- आपने दिए गए कार्य से अतिरिक्त कुछ और न किया हो।
- यदि नीति निर्धारक आपसे प्रभावित न हों और कम ही लोग आपके पक्ष में बात रख रहे हों।

यदि प्रोमोशन नहीं मिलती तब?

यदि ऐसा होता है तो तुरत-फुरत अपने रिज्यूमे अन्य स्थानों को भेजने न शुरू कर दें। इससे अनुभव लें और अगली बार के लिए तैयार रहें। कुछ उपाय-

### बॉस से सही फीडबैक लें

प्रोमोशन से जुड़ी मीटिंग की अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करें। आपके बॉस बेशक ऐसे समय कुछ बातें आपको नहीं बताएं, परंतु फिर भी वह बिना नाम लिए जरूरी जानकारी आपको दे सकते हैं।

### अपनी कमियों को भी जाहिर करें

रक्षात्मक न बनें। अपनी कमियों को दूर करने के लिए अपने बॉस के साथ काम करें। उदाहरण के लिए, यदि वरिष्ठ समूह कहता है कि आप वित्तीय मामलों में अधिक मजबूत नहीं हैं, तो कहें कि आप इस विषय में प्रशिक्षण लेने को तैयार हैं।

### अगली मीटिंग का इंतजार न करें

यह कभी न सोचें कि आपका कार्य अपनी पहचान खुद बनेगा। आपका लक्ष्य होना चाहिए कि मीटिंग रूम में सब को आपकी उपलब्धियों का पहले से पता हो। इसके लिए कंपनी के हित में आपके कार्य के बारे में नीति निर्माताओं को समझाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें।

### तरक्की प्राप्त करने से जुड़े तीन उपाय

चूंकि अब आप जानते हैं कि इस दौरान 'खेल' खेला जाता है, तो प्रोमोशन प्राप्त करने से जुड़े कुछ उपाय जानिए।

### बॉस को करें तैयार

इस बात पर ध्यान दें कि आपके बॉस के पास आपकी उपलब्धियों से जुड़ी सभी जानकारी दस्तावेजों के रूप में मौजूद हो।

### बॉस को सहयोग दें

ऐसे कुछ बिंदुओं को तैयार करें जो बताएं कि आप क्यों आदर्श प्रत्याशी हैं। इन बिंदुओं के साथ अत्य तथ्यात्मक जानकारी भी दें जो कंपनी के हित से जुड़ी हो। कुछ बड़े ग्राहकों या उपभोक्ताओं से प्राप्त प्रशंसा पत्र आदि भी साथ रखें।

### अन्य लोगों की प्रतिक्रियाओं का पूर्वानुमान

अपने सहयोगियों का लाभ लें और विरोधियों द्वारा संभावी नुकसान का आकलन करें। अपने बॉस को यह भी सूचना दें कि आपने मंत्रणा कक्ष में मौजूद लोगों की किस तरह मदद की थी। यदि कुछ विरोधी तत्व आपकी नजर में हैं तो उनकी जानकारी भी बॉस को दें। उनसे आपके बॉस कैसे निपटें, इस पर विचार किया जाना जरूरी होता है।

